बिहार का नं. 1 अखबार

www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
29 अगस्त 2022, भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम सम्वत् 2079, पटना

• पांच प्रदेश • 21 संस्करण

मुख्य कोच राहुल द्रविड़ कोविड को मात देकर भारतीय टीम से जुड़े

Were you aiming for JEE Main & Advanced 2022

but could not either prepare well or perform upto your expectations ?

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत
(ARISE ! AWAKE ! And stop not until the GOAL is reached) – Swami Vivekananda

Start Preparing for JEE 2023

And joining FIITJEE is the key to make your dream a reality in JEE 2023. Remember, FIITJEE is the only Institute in the Country which has cultivated the expertise to empower & transform XII Pass Students in just one year's time to get their optimum success in JEE Main & Advanced

Join FIITJEE's One Year Classroom Program for JEE 2023 (also available in Live Online Mode through FIITJEE eSchool)

• Small batch size for effective learning • Total Success approach for average, above average or even brilliant students • Comprehensive doubt resolution • 360° approach for success delivered through legendary pedagogy, researched study material & world class faculty

Witness how the second attempt at JEE Advanced proved to be rewarding for students who joined FIITJEE XII Pass Classroom Programs.

Scan this QR code

Top 3 Ranks in JEE Advanced 2021 belonged to FIITJEE Classroom Programs Students

All India Rank **1**

Mridul Agarwal
Student of Intensive Contact Program

All India Rank **2**

Dhananjay Raman
Student of UDAYA - Two Year + Four Year Classroom Program

All India Rank **3**

Anant Lunia
Student of Three Year Classroom Program

All India Rank 1 & 3 in JEE Main 2022 belonged to FIITJEE Classroom Programs Students

All India Rank **1**

Saumitra Garg
Student of Two Year Classroom Program

All India Rank **3**

Parth Bhardwaj
Student of LITTLE Genie + UDAYA - Two Year + Four Year Classroom Program

To experience total transformation in just one year through FIITJEE's teaching brilliance, register now for FTRE (Admission cum Scholarship Test)

FIITJEE Talent Reward Exam *for* XII Pass Students

4th, 6th, 8th & 13th September 2022

Choose the Exam Date which suits you the best

FTRE is extremely crucial for all Students aspiring for success in JEE Main & JEE Advanced 2023, as this is the only exam which gives them a concept-wise analysis of their performance, Rank Potential Index (RPI) for JEE Main & JEE Advanced, and insights into understanding the gaps in their preparation & what they need to do to reach their Full Potential.

You must appear in FTRE if...

✓ You appeared in JEE Advanced 2022 but couldn't perform well and may not achieve your desired rank ✓ You somehow could not qualify for JEE Advanced this year, but have the requisite potential to be successful in the exam ✓ You couldn't prepare well for JEE Main & Advanced due to simultaneous preparation for XII Board exams, and now want to devote one more year with a more focused approach to make your dream come true ✓ You are not satisfied with your JEE Main 2022 Rank and feel that you can improve on it if you get one more chance ✓ You feel that your potential was not fully realised because you lacked the mentorship and guidance needed to be successful in JEE Main & Advanced as you were studying at a local coaching institute / personal tuition centre

Cash Scholarships + Fee Waivers for FIITJEE program + Hostel Fee Waivers worth about Rs. 3 Crores (Subject to Terms & Conditions) | The Exam will be conducted in proctored online mode

Last Date to Register : Two days before the respective Exam Dates | **Registration Fee :** Rs. 500/- (including GST) | **www.fiitjee-ftre.com** | **Other Admission Test Dates for XII Pass Students – 18th September, 25th September & 9th October 2022**

Where winning is a habit !

FIITJEE

30 YEARS OF INNOVATION, SINCERITY, ETHICS, CONSISTENCY & HARD WORK

Please turn over...

The Premier Institute for JEE Main, JEE Advanced, Boards, various Olympiads & NTSE

Non-Classroom Programs for JEE 2023

RANKERS STUDY MATERIAL THE IDEAL CORRESPONDENCE COURSE	One Year (XII & XII Pass) Program for JEE Main & JEE Advanced 2023	Last Date & Fee: 30th September 2022 Rs. 28,800/-*	Computer Based ALL INDIA TEST SERIES THE ORIGINAL ONE	AITS (XII & XII Pass) Program for JEE Main & JEE Advanced 2023	Last Date & Fee: 15th November 2022 Rs. 19,200/-*

*(including GST)

Note : Students can join our Non-Classroom Programs in the future also as there will be further enrolment dates. However, a student's takeaways from FIITJEE will get reduced accordingly. To know the various enrolment dates, the complete AITS schedule, scholarships on AITS / RSM fee based on achievements in various scholastic / competitive exams and to enrol online, visit www.fiitjeenonclassroomprograms.com | **Helpline : 9599597454, 9205261239** | **e-mail : query.ncrp@fiitjee.com**

Students Presently in Class V, VI, VII, VIII, IX, X & XI

We don't just produce extraordinary results in NTSE, KVPY*, Olympiads, JEE Main & JEE Advanced but also transform skills of students opting for non-engineering streams & careers

*Replaced with INSPIRE

Come, benefit from FIITJEE programs and transform your life & career

- ✓ FIITJEE classroom programs for classes VI to X lay a strong academic foundation for the students through its unique pedagogy.
- ✓ These programs raise IQ of the students i.e. sharpen analytical skills & mental ability and evolve students' thinking process making them capable of solving complex problems.
- ✓ These programs comprehensively prepare students for school, boards and all scholastic & competitive exams at city, state & national level, including NTSE, Math Olympiad, Jr. Science Olympiads & Green Olympiad besides laying a strong foundation for competitive exams like NEET, JEE, etc.
- ✓ These programs help students balance life with stress-free studies.
- ✓ These programs help students acquire right examination temperament, ensuring optimum output in the exams.

Infact, for every student till class X, studying at FIITJEE is a must

and if you are taking Physics, Chemistry & Mathematics and wish to pursue a non-engineering career, then you must study with FIITJEE till class XII to acquire deep thinking and analytical skills required for success in competitive exams, career & life

Give yourself the biggest Gift of life, Enrol at FIITJEE...

9th October & 16th October 2022

The test will be conducted through both offline as well as proctored online mode (Choose the test date & mode which suits you the best)

The Advantages Students receive when they appear in the Big Bang Edge Test

- ✓ Current IQ & Potential Evaluation along with detailed concept wise & subject wise analysis of the performance.
- ✓ Students receive detailed analysis of current readiness & guidance to achieve aspired goals as well as intermediate milestones (Jr. Science Olympiad, NTSE, X & XII Boards, Maths & Sr. Olympiads, etc).
- ✓ Students realise their Position / Rank at a National Level along with Rank Potential Index (RPI) for Various Competitive & Scholastic Exams.

The Advantages of Joining a FIITJEE Classroom Program through the Big Bang Edge Test

- ✓ Students receive academic support through Offline & Live Online Classes immediately after joining for short & medium term goals, much before start of classes in April 2023.
- ✓ Students claim peace of mind & undivided focus by being under the surveillance of the BEST ACADEMIC TEAM in the world.
- ✓ BBE Test is also a scholarship test where merit based scholarship is awarded to deserving students.
- ✓ Students joining FIITJEE through BBE will pay the LOWEST FEE for the session starting in APRIL 2023 for Classroom / Integrated School Programs / Live Online Classroom Programs.

Last Date to Register : 6th October for 9th October 2022 Test ; 13th October for 16th October 2022 Test | **Registration Fee : Rs. 500/-** (including GST) | Register at **www.bigbangedge.com**

Come, give your preparations a BigBang start !

Where winning is a habit

FIITJEE

30 YEARS OF INNOVATION, SINCERITY, ETHICS, CONSISTENCY & HARD WORK

Patna Centre : 2nd Floor, Saday Bhawan, Marwari Awas Complex, Fraser Road, Patna - 800 001 Ph.: 9534599992, 9534699992, 9513745181

Classes available at Frazer Road, Boring Canal Road, Kankarbagh, Ashiana - Danapur (Near RPS More) & Near Gola Road (for PINNACLE Program only).

National Admissions Office: FIITJEE House, 29-A, Kalu Sarai, Sarvapriya Vihar, New Delhi   Web: www.fiitjee.com   Buy books at www.megacosmcognitions.com   www.facebook.com/fiitjeeindia123   www.twitter.com/fiitjee   www.youtube.com/fiitjeeltd

The Premier Institute for JEE Main, JEE Advanced, Boards, various Olympiads & NTSE

Admission cum Scholarship Tests for Class XI : 18th September, 25th September & 9th October 2022
Last date to Register : Two days before the respective Test Dates | Register at **http://admissiontest.fiitjee.com** | Tests will be conducted in proctored online mode

FIITJEE Talent Reward Exam - 25th December 2022 — For Students Presently in Class V, VI, VII, VIII, IX, X & XI. The Exam will be conducted through both offline as well as proctored online mode. Register at **www.fiitjee-ftre.com**

FIITJEE eSchool — bringing offline expertise to online

Live Online Classroom Programs for Class VI to XII Pass Students

The next best learning medium after FIITJEE Offline Classroom Programs right at your doorstep. Join from anywhere & experience FIITJEE's legendary pedagogy.

For address & location details of FIITJEE eSchool Information & Counselling Centres, visit **www.fiitjee-eschool.com/contactus.html** | **e-Mail :** query@fiitjee-eschool.com | To receive a call back (for eSchool), give a missed call on **9289550392** | For Program Enquiry, call on 8400928400 | **www.fiitjee-eschool.com**

बिहार का नं. 1 अखबार

हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

www.livehindustan.com

सोमवार

29 अगस्त 2022, भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम सम्वत् 2079, पटना

नगर* संस्करण, वर्ष 37, अंक 236, 16+4 पेज फुरसत, मूल्य ₹4.00 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- आईपीसी और सीआरपीसी में होंगे बदलाव P-13

■ भ्रष्टाचार पर वार : नोएडा में सुपरटेक के ट्विन टावर जमींदोज ■ 12 सेकंड में 32 व 29 मंजिली इमारतें मलबे में तब्दील

एक धमाका जो इतिहास रच गया

नोएडा, विशेष संवाददाता। एक धमाका जो रविवार को इतिहास रच गया। नोएडा सेक्टर 93ए में भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े सुपरटेक के 32 मंजिला एपेक्स और 29 मंजिला सियान टावर ध्वस्त कर दिए गए। करीब 3700 किलोग्राम बारूद का इस्तेमाल कर दोपहर ढाई बजे सिर्फ 12 सेकंड में ट्विन टावर जमींदोज हो गए। देश में पहली बार ऐसी कार्रवाई हुई है। टावर में धमाके की आवाज 101.2 डेसिबल दर्ज गई जो एक घंटे पहले वहां दर्ज 65.9 से 35.9 डेसिबल ज्यादा थी।

आसपास की सोसाइटी खाली करा ली गईं: ट्विन टावर ढहाए जाने के मद्देनजर आसपास की सोसाइटी खाली करा ली गईं थी। इस अभियान से पहले ही सात हजार लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट करा दिया गया था। हालांकि, टावर ढहने से पास में बने एटीएस विलेज सोसाइटी की चारदीवारी ढह गई। कुछ फ्लैट के शीशे भी टूट गए। विशेषज्ञों ने आशंका जताई है कि धूल का गुबार स्थानीय लोगों के लिए कुछ दिनों तक मुसीबत बन सकता है। धूल आधे किलोमीटर तक के इलाके में फैल गया और वातावरण में मिल गया। धूलकण पांच किलोमीटर तक के इलाके को प्रभावित करेंगे।

सफाई अभियान चलाया: मुंबई की एडिफाइस और दक्षिण अफ्रीका की जेट डिमोलेशन कंपनी के अफसरों ने विस्फोट करने से पहले टावर कैंपस में पूजा-अर्चना की। 12 बजे अंतिम जांच पूरी कर ली। ध्वस्तीकरण के बाद नोएडा प्राधिकरण के एक हजार से अधिक कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाया। ट्विन टावर को ध्वस्त करने के लिए 31 अगस्त 2021 को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था। देखें P13

नोएडा के सेक्टर 93ए स्थित सुपरटेक कंपनी के ट्विन टावर को रविवार दोपहर ढहा दिया गया। • राज के राज

"12 सेकेंड में ट्विन टावर ध्वस्त हो गया और सभी कुछ तय योजना के अनुसार ही हुआ। आसपास की सोसाइटी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। सड़क की तरफ आए मलबे को प्राधिकरण की टीम साफ करने में जुटी है।

–**रितु माहेश्वरी,** सीईओ, नोएडा अथॉरिटी

सुरक्षा कड़ी रही

मौके पर 560 पुलिसकर्मी, 90 ट्रैफिक पुलिस, चार क्यूआरटी और एनडीआरएफ की टीम भी थी। अफसर भी मौजूद रहे। सात ड्रोन कैमरों से इलाके पर नजर रखी गई।

भीड़ पर भांजीं लाठियां

धवस्तीकरण देखने के लिए जेपी फ्लाईओवर के पास बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए और भीड़ बेकाबू हो गई। इसे रोकने के लिए पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ीं। हालांकि, किसी को चोट नहीं आई।

एक्सप्रेसवे बंद रहा

टावर गिराने के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे रविवार दोपहर 2:12 से लेकर 2:45 बजे तक बंद रहा। इससे पहले वर्ष 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए इस एक्सप्रेसवे को रोका गया था।

अभियान

02:15 बजे दोपहर
रविवार को सायरन बजा लोगों को हटाया

02:30 बजे दोपहर
बटन दबाकर ट्विन टावर ध्वस्त कर दिए

■ 3700 किलोग्राम विस्फोटक से ढहाए गए ट्विन टावर

■ सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एक साल बाद की गई कार्रवाई

17.55
करोड़ खर्च सुपरटेक का टावर गिराने पर। मलबे पर इमारत गिराने वाली कंपनी का हक।

9642
छेद किए गए टावर के पिलर में। 120 से 365 ग्राम तक हर छेद में विस्फोटक लगाया गया।

खास बातें

1 मलबे का क्या होगा
करीब 80 हजार टन मलबे को हटाने में तीन महीने लगेंगे। इसका ट्विन टावर के डबल बेसमेंट, सेक्टर-80 के एक प्लांट में और एक गांव की जमीन पर निस्तारण होगा।

2 कंपनी को नुकसान
सुपरटेक ग्रुप के चेयरमैन आरके अरोड़ा ने कहा कि ट्विन टावर निर्माण में नियमों की अनदेखी नहीं की गई थी। उन्होंने कहा, सुपरटेक को 500 करोड़ से अधिक का घाटा हुआ।

3 अफसरों पर कार्रवाई
ट्विन टावर को मंजूरी देने वाले नोएडा प्राधिकरण के 24 अफसरों पर लखनऊ में केस। चार निलंबित। बाकियों पर भी गाज गिर सकती है।

भारत ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को पीटा

पाकिस्तान पर शानदार जीत के बाद हार्दिक पांड्या को बधाई देते कप्तान रोहित शर्मा।

एशिया कप

05 विकेट से हराया अंतिम ओवर में

दुबई, एजेंसियां। दुबई में रविवार को महामुकाबले में रविवार को टीम इंडिया ने प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को आखिरी ओवर में छक्के साथ एशिया कप में जीत का आगाज किया।

भारत की ओर से हरफनमौला हार्दिक पांड्या के नाबाद 33 रन और तीन विकेट की बदौलत पांच विकेट से मात दी। टी-20 मुकाबले में रवींद्र जडेजा (35 रन) ने पांड्या के साथ मिलकर जीत की राह आसान की। इससे पहले, भुवनेश्वर कुमार और हार्दिक पांड्या की शानदार गेंदबाजी के दम पर पाक को 147 रन पर ऑल आउट कर दिया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। शानदार जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने टीम इंडिया को बधाई दी। देखें P12

फैसला: कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव 17 अक्टूबर को

■ कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में लगी मुहर

■ 24 से 30 सितंबर तक चलेगी नामांकन प्रक्रिया

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव 17 अक्तूबर को होगा। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) ने रविवार को अध्यक्ष पद के चुनाव कार्यक्रम को मंजूरी दे दी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई सीडब्ल्यूसी बैठक में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल व मधुसूदन मिस्त्री सहित लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे। कांग्रेस में अध्यक्ष के लिए पिछला चुनाव दिसंबर 2017 में हुआ था, जिसमें अकेले राहुल गांधी ने नामांकन किया था। अधिसूचना 22 सितंबर को जारी होगी। 24 से 30 सितंबर तक नामांकन की प्रक्रिया चलेगी। देखें P13

राजदरबार

अब तो याद में ही चैंबर

साहेब ने बड़े जतन से चैंबर बनवाया था। भव्य और बेहद शानदार। देखने वाले देखकर दांतों तले अंगुलियां दबाते। कभी विभाग का चैंबर सबसे बेकार था। हाल यह था कि टेलीविजन तक टेढ़ाकर लगाने की नौबत रहती थी। बैठने को ढंग की कुर्सी नहीं थी। लेकिन, नए साहेब के आते ही विभाग की सूरत बदल गई। विभाग की चर्चा देश-विदेश तक होने लगी। लोग आकर्षित भी होने लगे। साहेब ने

वर्ल्ड क्लास चैंबर तैयार करवाया। लेकिन, बदले हालात ने चैंबर से बेदखल कर दिया। अंतिम बार ढंग से देख भी नहीं सके। हाल यह है कि अब तो यादों में ही चैंबर रह गया है।

आपको नहीं बनाया मंत्री?

चौथी बार विधायक बने हैं नेता जी। शालीनता और शांत स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। बदली सरकार में उम्मीद थी कि मंत्री जरूर बनेंगे। नाम भी चर्चा में था। पार्टी के कहने पर एक बार अपनी सीट भी छोड़ चुके हैं। पर, अंततः शपथ लेने वाली सूची में इनका नाम नहीं था। दो दिनों पहले विपक्ष के एक विधायक से इनकी मुलाकात हुई। विपक्षी नेता जी ने दुखती रग पर हाथ रख दिया। पूछ दिया कि आपको मंत्री नहीं बनाया? पर, सत्ता पक्ष के विधायक का जवाब और अंदाज उनके स्वभाव के अनुरूप ही रहा। कहा, शायद हम आज के दौर में फीट नहीं बैठते।

दिल के अरमां आंसुओं में बह गए....

पुरानी पार्टी के कई नेताओं को उम्मीद थी कि बिहार में शासन प्रशासन के बदलाव में उनको भी वजीर बनने का मौका मिल जाएगा। कई ऐसे नेता थे जो डंके की चोट पर अपनी दावेदारी बता रहे थे। खासकर दल की जिम्मेवारी संभाल रहे नेता तो अपने आप को सबसे ऊपर ही मानकर चल रहे थे। लेकिन आलाकमान ने ऐसी चाल चली कि इनका पत्ता साफ हो गया। अब नाराज होकर भी क्या करें? अपनों के बीच यही कहते फिर रहे हैं कि दिल के अरमा आंसुओं में बह गए।

चांदी काट रहे अधिकारी....

सत्ता परिवर्तन क्या हुआ, मलाईदार पदों पर चांदी काट रहे अधिकारियों में हड़कंप है, वे एक-एक दिन गिन रहे हैं। कुछ तो अपने नेटवर्क को खंगालने में जुटे हैं ताकि ज्यादा नुकसान न झेलना पड़े। वहीं, लोगों की सेहत की चिंता में जुटे कुछ ईमानदार अड़ियल अधिकारी भी हैं जो दबाव सहने के मूड में नहीं है, अपना बोरिया-बिस्तर संभाल चुके हैं। इनसब से अलग जिलों की कमान संभालने वाले भी एक-एक दिन गिन रहे हैं। जाने कब किसी की नजर लगे और उन्हें दूसरी दिशा में रुख़सत कर दिया जाए। अब तो, सत्ता संतुलन बिठाने में माहिर रहे अधिकारियों के सिर पर भी बिना बरसात के ही पानी की बूंदें छलछला रही हैं।

... जो हुआ सो ठीके हुआ

फूल वाली पार्टी के मलाई मार रहे नेताजी लोग सदमे में हैं। 'पावर' रातों-रात जो चली गई। सहायक, गाड़ी, रौब-रुतबा जाने का मलाल इनका भले ही धीरे-धीरे छूटे पर इन दिनों इस पार्टी का एक बड़ा तबका बेहद खुश है। वह तबका है कार्यकर्ताओं का। बड़े ओहदों से धड़ाम नेताओं को पार्टी ऑफिस में देखकर अब ये ही मुंह फेर ले रहे। कार्यकर्ता आपस में जो बातचीत करते हैं वह भी कम दिलचस्प नहीं। एक ने कहा-ऐंह देखो, पूर्व होते ही कैसे ऐंठी चली गई। दूसरे ने कहा, सरकार से हटे तो अच्छा हुआ। तभी किसी ने कहा, मंत्री था तो किसी कार्यकर्ता का एक काम किया! अब ई लोग जमीन पर आयेगा। सबने हामी भरी।

साहब को रिक्शे की सवारी का शौक

खजाना महकमा के साहब के शौक भी हैं निराले। कभी सुबह साइकिल पर मॉर्निंग वॉक, तो कभी देर रात शहर में रिक्शे से तफरी। कुछ दिन पहले साहब ने देर रात रिक्शे पर लंबी यात्रा की, शहर के व्यस्ततम चौराहे से अपने सरकारी आवास तक गए। किसी सरकारी नुमाइंदों को इसकी भनक नहीं लगी, लेकिन उन्होंने इस बहाने रात्रि गश्ती के साथ ही प्रशासनिक व्यवस्था का सरसरी तौर पर मुआयना भी कर लिया। जहां कुछ दिखा और लगा सुधार करने को, तो संबंधित महकमा को बता भी दिया। अब साहब का यह शौक सरकारी गलियारे में चर्चा का विषय बना है और कइयों के लिए कभी भी परेशानी खड़ी कर सकता है।

प्रस्तुतिः आलोक चन्द्र, आशीष, ब्रजेश, संजय, कौशलेंद्र मिश्र, कौशिक रंजन

'आरक्षण नियमों का पालन नहीं हो रहा'

पटना। जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष विधान पार्षद उपेन्द्र कुशवाहा ने आरक्षण नियमों का पालन नहीं होने पर केंद्र पर हमला बोला है। देशभर के आईआईटी में अध्यापकों के पद में नाममात्र का आरक्षण मिलने से नाराज उपेंद्र कुशवाहा ने भाजपा नेताओं को इस आईने में चेहरा देखने की नसीहत दी है।

फेसबुक पर आईआईटी अध्यापकों की स्थिति जारी करते हुए कहा कि एसटी कोटे के 0.6 फीसदी, एससी 3.3 फीसदी और ओबीसी के मात्र 8.1 फीसदी अध्यापक हैं। जबकि अन्य श्रेणी से 88.3 फीसदी अध्यापक हैं। शायराना अंदाज में कहा कि तू इधर उधर की बात न कर, बता कि कारवां क्यूं लूटा...? हमें रहजनों से शिकायत नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है।

सीएम बोले- एनडीए सरकार में मोदी को कुछ नहीं बनाया, अब रोज बोलेंगे तो कहीं केन्द्र वाले फिर खुश हो जाएं

... तो सुशील मोदी सरकार गिरा दें: सीएम

- गोपालगंज में पूर्व मंत्री सुबाष सिंह के श्राद्धकर्म में पहुंचे नीतीश कुमार
- कहा- सुबाष सिंह से पुराना संबंध व संपर्क था, उनका निधन बहुत दुख की बात

गोपालगंज में रविवार को पूर्व मंत्री सुबाष सिंह के श्राद्धकर्म के मौके पर परिजनों को सांत्वना देते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

पटना/गोपालगंज, हिन्दुस्तान टीम। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी के बयान पर कहा कि अगर सुशील जी कह रहे हैं तो कहिए सरकार गिरा दें, ताकि उनको फिर कोई जगह मिल जाए। सरकार बनी तो उनको कुछ नहीं बनाया। उसी के चलते तकलीफ थी। बड़े कष्ट में थे। अब मौका आया है तो बेचारे कुछ बोल रहे हैं तो उन्हें जरूर रोज बोलना चाहिए। रोज बोलेंगे तो अगर कहीं केन्द्र वाले फिर खुश हो जाएं तो बड़ी खुशी की बात होगी। बहुत अच्छा होगा। इसलिए वे रोज बोलते रहें। गोपालगंज में पूर्व मंत्री सुबाष सिंह के श्राद्धकर्म में पहुंचे मुख्यमंत्री ने ये बातें मीडिया से कहीं।

वहां पत्रकारों ने जानना चाहा कि सुशील मोदी ने महागठबंधन सरकार गिरने का बयान दिया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम ने हंसते हुए कहा- अगर वे कह रहे हैं तो कहिए कि सरकार गिरा दें। भाजपा विधायक सुबाष सिंह के पैतृक गांव ख्वाजेपुर में आयोजित श्राद्ध कर्म में सीएम ने कहा कि उनका सुबाष सिंह से पुराना संबंध था। अक्सर उनसे मुलाकात होती थी। जब तबीयत खराब थी तो उनका ख्याल रखा जा रहा था। वे जानकारी लेते रहते थे। बीच में बिल्कुल ठीक भी हो गए थे। अचानक उनका निधन हो गया। यह बहुत दुख की बात है। राजनीति अपनी जगह है। उनका संबंध व संपर्क बहुत पहले का था।

मुख्यमंत्री ने सुबाष सिंह के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। इस दौरान उनके पुत्र अनिकेत सिंह, दुर्गेश सिंह, भाई श्रीनिवास सिंह आदि परिजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के साथ वित्त एवं वाणिज्यकर मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय झा, मद्य निषेध उत्पाद व निबंधन मंत्री सुनील कुमार, जदयू के प्रदेश प्रवक्ता मंजीत कुमार सिंह आदि थे।

विभिन्न दलों के नेता जुटेः श्राद्धकर्म में विभिन्न दलों के नेताओं आए थे। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष डॉक्टर संजय जायसवाल, पूर्व मंत्री जनक राम, प्रमोद कुमार, बिहार व झारखंड भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र जी, जदयू नेता व पूर्व मंत्री राम सेवक सिंह, विधायक व जिला राजद के अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन, राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर, पूर्व विधान पार्षद आदित्य नारायण पाण्डेय ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री की झलक पाने को बेताब थे ग्रामीण

सीएम सड़क मार्ग से ख्वाजेपुर पहुंचे। उनकी एक झलक पाने को ग्रामीण बेताब दिख रहे थे। सड़क से लेकर गांव की छतों तक लोग खड़े थे। सीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी। मौके पर डीएम डॉ. नवल किशोर, एसपी आनन्द कुमार सहित पुलिस व प्रशासन के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

महिला कांग्रेस का स्त्री अभियान शुरू

पटना। महिलाओं को कानूनी व चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए कांग्रेस का स्त्री (सपोर्ट टीम फॉर रिलिफ इमरजेंसी एंड इम्पावरमेंट) अभियान बिहार में भी शुरू हो गया। इसके तहत टोल फ्री नंबर 18002030589 पर फोन कर कोई भी महिला कानूनी या चिकित्सीय सहायता प्राप्त कर सकती है। बिहार में इस अभियान की शुरुआत प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष अमिता भूषण ने की।

मौके पर अमिता भूषण ने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी के दृष्टिकोण ने महिलाओं को राजनैतिक रूप से समान भागीदारी की राह खोल दी। आज जबकि केन्द्र में बैठी सरकार में महिलाओं के उत्थान का कोई विजन नहीं दिखता।

बराबर भागीदारी का मुद्दा

महिला सशक्तीकरण अन्य राजनैतिक पार्टियों के लिये महज एक मुद्दा भले हो, हम कांग्रेसियों के लिये यह राष्ट्र निर्माण में आधी आबादी की बराबर भागीदारी का मुद्दा है। इस अवसर पर विधायक प्रतिमा कुमारी दास, पूर्व विधायक भावना झा, पूनम पासवान, शरवत जहां फातिमा, सुशीला चन्द्रवंशी, रीता सिंह, सुधा मिश्रा, अनोखा सिंह, कुमारी अनिता, आभा पाण्डेय, सीमा कुमारी, उषा शर्मा, संजू पाण्डेय, मोनी पासवान, शीला जयसवाल आदि मौजूद रहीं।

सियासत 30s

सीबीआई-ईडी बिहार में प्रतिबंधित हो : राजद

पटना। राजद ने सीबीआई और ईडी को बिहार में प्रतिबंधित करने की मांग की है। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी व पार्टी के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार ने कहा कि जिस प्रकार सीबीआई ने बिहार के लोगों को अपमानित किया है, उसके बाद सीबीआई को बिहार की जनता से माफी मांगनी चाहिए। माफी नहीं मांगती है तो राज्य सरकार को सीबीआई को प्रतिबंधित करना चाहिए। राज्य सरकार को ऐसा आदेश पारित करना चाहिए कि बगैर उसकी अनुमति के कोई भी केंद्रीय एजेंसियां बिहार में प्रवेश नहीं कर सके।

मनोज झा राजद की ओर से माफी मांग लें : निखिल

पटना। भाजपा ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय महामंत्री सह बिहार भाजपा प्रवक्ता डॉ. निखिल आनंद ने कहा है कि मनोज झा बात घुमाकर दूसरों को बरगलाने का काम न करें। सफाई देकर मनोज झा ने स्पष्ट कर दिया कि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने नित्यानंद राय, सीबीआई और पत्रकारों के खिलाफ अत्यंत ही आपत्तिजनक बयान दिया था। अब मनोज झा सफाई दे रहे हैं तो बेहतर है कि तेजस्वी से ही माफी मंगवा लें या राजद की ओर से खुद माफी मांग लें।

योगी के मंत्री को कब बर्खास्त करवाएंगे : राजद

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने सवाल किया है कि सुशील मोदी यूपी सरकार में सजायाफ्ता मंत्री को कब बर्खास्त करवाएंगे? बिहार सरकार में मात्र आरोपित मंत्री को बर्खास्त करने की मांग करने वाले श्री मोदी शायद यह भूल रहे हैं कि योगी सरकार में भी एक ऐसे मंत्री हैं जो सजायाफ्ता हैं और जमानत पर हैं। उनको मंत्री रहते हुए अवैध आग्नेयास्त्र रखने के आरोप में 6 अगस्त को कानपुर के एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई थी।

महागठबंधन के अंदर सबकुछ ठीक नहीं: श्रवण

पटना। रालोजपा प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने कहा कि महागठबंधन के अंदर सब ठीक नहीं है। आरोप लगाया कि जिस तरह उछलते हुए मेंढक को एक तराजू पर तौला नहीं जा सकता, उसी प्रकार महागठबंधन की एकजुटता की कल्पना पूरी तरह से बेमानी है। रविवार को जारी बयान में अग्रवाल ने आरोप लगाया कि महा-मिलावट करके इस गठबंधन की सरकार बनी है। ये सभी दल खुद का विकास करने के लिए तात्कालिक रूप से एक साथ आए हैं।

सरकार को काम नहीं करने दे रही भाजपा : पप्पू

पटना। जाप अध्यक्ष पप्पू यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा बिहार में सरकार को काम नहीं करने दे रही है। सीबीआई और ईडी के माध्यम से बिहार सरकार को परेशान किया जा रहा है। पटना में रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भाजपा को उसकी भाषा में ही जवाब देना होगा। भाजपा नेताओं की भी संपत्ति की जांच होनी चाहिए। उन्होंने गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस छोड़ने पर कहा कि पूरी स्क्रिप्ट भाजपा की लिखी हुई है।

उज्ज्वला का बुझा चूल्हा, जिम्मेदार कौन : रणबीर

पटना। प्रदेश जदयू प्रवक्ता प्रो. रणबीर नंदन ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना पर केंद्र सरकार से सवाल पूछा है। आरोप लगाया है कि उज्ज्वला का चूल्हा बुझ गया है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है, यह केंद्र सरकार तय करे। ढिंढोरा पीटा गया कि उज्ज्वला योजना के तहत बिहार में करीब 87 लाख कनेक्शन बांटे गए। जितने कनेक्शन बांटे गए हैं, उसमें से कितने रीफिलिंग में आ रहे हैं। आंकड़ा 10 फीसदी से ऊपर नहीं जाएगा। उज्ज्वला योजना पूरी तरह फ्लॉप हो चुकी है।

पति-पत्नी की पोस्टिंग एक स्थान पर करने की मांग

पटना। पहली बार बिहार प्रशासनिक सेवा संघ (बासा) की महिला पदाधिकारियों की बैठक रविवार को पटना के आयकर गोलंबर पर स्थित बासा भवन में हुई। इस दौरान पति-पत्नी की पोस्टिंग एक ही स्थान पर करने,महिला पदाधिकारियों की छुट्टी, कार्यालयों में महिला पदाधिकारियों के लिए शौचालय आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। मौके पर एकता वर्मा, कनकबाला, नीलम चौधरी, निवेदिता राय, कल्पना कुमारी, रीचा कमल, गीता सिंह, कुमारी सीमा, मीना कुमारी, अंजू कुमारी, पूनम कुमारी, नीलम कुमारी, मीसा रंजन आदि मौजूद रहीं।

सुरेंद्र यादव जैसे आपराधिक रिकॉर्ड वाले को बर्खास्त करें

मोदी बोले

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। कृषि मंत्री सुधाकर सिंह के बाद रविवार को पूर्व उप मुख्यमंत्री व भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने सुरेंद्र यादव के मंत्री बनने पर सवाल खड़ा किया। भाजपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर आरोप लगाया कि आपराधिक रिकॉर्ड वाले सुरेंद्र यादव को मंत्रिमंडल में शामिल कर बिहार को शर्मसार किया गया। पूछा कि ऐसे लोगों के साथ सुशासन कैसे स्थापित हो पाएगा।

सरकार से मांग की कि आपराधिक व भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को सरकार मंत्रिमंडल से बर्खास्त करे। श्री मोदी ने दावा किया कि सुरेन्द्र यादव कई मामलों में आरोपित रहे हैं। कहा कि अपहरण के एक मामले में सुरेन्द्र यादव को मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना पड़ा था। लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा था। उन पर पॉक्सो एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज है। वे चार्जशीटेड हैं, जमानत पर चल रहे हैं। मामले का ट्रायल चल रहा है। 1998 में लोकसभा में तत्कालीन गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के हाथ से महिला आरक्षण बिल की प्रति को फाड़ कर बिहार को शर्मसार किया था। दोबारा मंत्री बनने के एक सप्ताह बाद गया में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने आपत्तिजनक शब्द से राज्य को शर्मसार किया। प्रेस कांफ्रेंस में सुरेश रुंगटा, अजफर शम्सी, राकेश कुमार सिंह, राजेश झा राजू मौजूद रहे।

महागठबंधन सरकार से भाजपा की नींद उड़ी

एकजुटता दिखाई

- महागठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर साधा निशाना
- भाजपा को यह मलाल है कि महाराष्ट्र जैसा खेल बिहार में नहीं हो पाया : उमेश कुशवाहा
- भाजपा में घबराहट, हम सीबीआई का गांधीवादी तरीके से विरोध करेंगे : मनोज झा

महागठबंधन की प्रेसवार्ता में बोलते राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा। साथ में हैं मंत्री मदन सहनी, आलोक मेहता, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, रणवीर नंदन, कांग्रेस के राजेश राठौर, माले के केडी यादव व सीपीएम के अजय कुमार।

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। बिहार में महागठबंधन सरकार बनने के बाद पहली बार इसके घटक दलों के नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर निशाना साधा। इसी बहाने महागठबंधन दल के नेताओं ने एकजुटता दिखाने की कोशिश की। साथ ही, सीबीआई, ईडी की ओर से की जा रही जांच को लेकर हमला बोला। महागठबंधन नेताओं ने 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा को चेताया और कहा कि अब भाजपा का सफाया तय है। बिहार में महागठबंधन सरकार बनने के बाद पटना से लेकर दिल्ली तक भाजपा नेताओं की नींद उड़ी हुई है।

प्रदेश जदयू कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री मदन सहनी ने कहा कि हम चुनौती देते हैं कि भाजपा के सांसदों में अगर तनिक भी नैतिकता है तो अपने पद से इस्तीफा देकर फिर से चुनाव लड़ें। वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर ही चुनाव जीते थे। प्रदेश जदयू अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि भाजपा को यह मलाल है कि महाराष्ट्र जैसा खेल बिहार में नहीं हो पाया।

राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने से भाजपा घबराहट में है। हम सीबीआई का गांधीवादी तरीके से विरोध करेंगे। सीबीआई से भी आग्रह किया कि अपने मास्टर्स की बात इस तरह से ना माने, नहीं तो बिहार की जनता सत्याग्रह पर उतर जाएगी। तेजस्वी के ठंडा करने वाले बयान पर कहा कि उमस भरे माहौल में तेजस्वी सत्तू, जूस भेजकर ठंडा करने की बात कह रहे हैं।

कांग्रेस नेता राजेश राठौड़ ने कहा कि बिहार में भाजपा विपक्ष की भूमिका नहीं निभा पा रही है, इसलिए सीबीआई, ईडी को मैदान में उतार दिया है। सीपीएम नेता अजय कुमार, माले के केडी यादव और राजद कोटे से मंत्री आलोक कुमार मेहता ने भी भाजपा पर निशाना साधा।

लालू जी को जेल हुई तब सीबीआई किसकी जमाई थी

सिन्हा का सवाल

- तेजस्वी यादव गलत नहीं हैं तो जांच से क्यों घबरा रहे
- कहा, जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। भाजपा विधानमंडल दल के नेता विजय कुमार सिन्हा ने महागठबंधन के साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स जैसी संवैधानिक संस्थाएं आज से नहीं हैं। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को उनके बयान पर घेरते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का गैर जिम्मेदारा बयान उचित नहीं है। उन्होंने पूछा कि तेजस्वी के पिता लालू प्रसाद को जब चारा घोटाले में जेल की सजा हुई तब सीबीआई किसकी जमाई थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि तेजस्वी यादव यदि किसी मामले में गलत नहीं हैं तो जांच से क्यों घबरा रहे हैं। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। उन्हें काम करने दें। जांच में तो स्वतः दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

'महागठबंधन ज्यादा दिन नहीं चलेगा'

पटना। बिहार विधान परिषद में विपक्ष के नेता व पूर्व मंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को हुए महागठबंधन के साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'हम' के नहीं होने पर सवाल उठाते हुए दावा किया है कि ज्यादा दिनों तक महागठबंधन नहीं चलेगा। चौधरी ने रविवार शाम ट्वीट कर सवाल किया कि महागठबंधन की प्रेस कॉन्फ्रेंस में जीतन राम मांझी की पार्टी कहां है? इसे दलितों से नफरत कहें या मांझी का डर?

वैसे महागठबंधन में इतनी जल्दी गांठ पड़ेगी, हमने तो सोचा नहीं था। हमने तो पहले ही कह दिया था यह बेमेल गठबंधन है और ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगा।

नए रोल के लिए मोदी को शुभकामना : ललन सिंह

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी पर हमला किया है। भाजपा नेता की ओर से कहा गया था कि अगर राजद का स्पीकर बना तो नीतीश कुमार की सरकार गिर जाएगी। इसका जवाब देते हुए जदयू अध्यक्ष ने कहा कि आप मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अच्छे मित्र रहे हैं। बिहार के विकास में आपने अच्छी भूमिका निभाई है। भाजपा की बिहार व देश में विकास विरोधी नीतियों और आपकी नीतीश कुमार से नजदीकी के कारण ही आप हाशिए पर लाए गए। अब यदि आप नए रोल में पुनर्स्थापित होते हैं तो आपको हमारी शुभकामनाएं।

ललन सिंह ने कहा की एनडीए के कुल सहयोगियों में से आज कितने बचे हैं। आज के भाजपा नेता में गठबंधन धर्म का सम्मान करने वाले नेता अटल-आडवाणी का नाम लेने की भी हिम्मत नहीं है। फेसबुक पर वीडियो जारी कर कहा कि देश की जनता देख रही है कि भाजपा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के बाद अब झारखंड में क्या कर रही है। कहा कि आईआरसीटीसी का मामला 2017 में नीतीश कुमार को महागठबंधन से अलग करने के लिए उठाया गया था।

मोदी की बेरोजगारी अब दूर हुईः राठौड़

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस मीडिया कमेटी के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कहा कि सुशील मोदी को महागठबंधन सरकार का शुक्रगुजार होना चाहिए क्योंकि इसी वजह से वे अपने पुराने रोजगार में वापस लौट गए हैं। बिहार में भाजपा के आलाकमान ने सुशील मोदी को मुख्यधारा से अलग-थलग कर दिया था। लेकिन जैसे ही प्रदेश में महागठबंधन की सरकार बनी वैसे ही भाजपा के मुख्यधारा में अग्रिम पंक्ति की ओर सुशील मोदी को आने का मौका मिल गया।

चायवाले का बेटा पीएम तो वैद्य का बेटा क्यों नहीं : संजय

- जदयू के जिला व प्रखंड अध्यक्षों की बैठक हुई
- कहा, देश नीतीश कुमार का इंतजार कर रहा

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। जदयू विधान पार्षद संजय सिंह ने कहा है कि जब चायवाला का बेटा देश का प्रधानमंत्री बन सकता है तो एक वैद्य का बेटा जो इंजीनियर भी है, वह देश का प्रधानमंत्री क्यों नहीं बन सकता है। पूरा देश आज नीतीश कुमार का इंतजार कर रहा है।

अपने आवास पर पटना जिला ग्रामीण के प्रखंड अध्यक्षों व प्रभारियों और पटना महानगर के सेक्टर अध्यक्ष व प्रभारियों की बैठक में जदयू नेता ने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के नौजवानों को प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ नौकरी देने का वायदा किया था। बहुत हुआ महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार का नारा देकर नरेंद्र मोदी देश की गद्दी पर बैठ गए। आज देश महंगाई की मार झेल रहा है। कहा कि सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने प्रखंड में जनता दल (यू) का कार्यालय स्थापित करें। विधान पार्षद व जदयू के राष्ट्रीय सचिव रवीन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि आज दलित, महादलित के टोला में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में उस टोला के बुजुर्ग महादलित समुदाय के व्यक्ति द्वारा झंडोत्तोलन किया जाता है। उस दृश्य को पूरा हिंदुस्तान देखता है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कार्यकर्ताओं को आगे आने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन आर्य चन्द्रवंशी एवं प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द निषाद ने भी विचार रखे।

जदयू के जिला व प्रखंड अध्यक्षों की बैठक में उपस्थित एमएलसी संजय सिंह व अन्य।

आयोजन | ऊर्जा सभागार शास्त्रीनगर में आज दोपहर होगा बिहार खेल सम्मान समारोह, टोक्यो पारालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले प्रमोद को एक करोड़ की राशि मिलेगी

खेल दिवस पर सम्मानित होंगे 211 खिलाड़ी और छह प्रशिक्षक

पटना, मुख्य संवाददाता। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राज्य के 211 खिलाड़ी और छह प्रशिक्षक सम्मानित होंगे। टोक्यो पारालम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले वैशाली जिला निवासी प्रमोद भगत को एक करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले शरत कुमार को 50 लाख रुपये की राशि मिलेगी।

बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की ओर से बिहार खेल सम्मान के चयनित खिलाड़ियों की घोषणा की गई। सोमवार को राजधानी के ऊर्जा सभागार शास्त्रीनगर में भव्य आयोजन होगा। चयनित सभी 211 खिलाड़ियों और छह प्रशिक्षकों को कुल नगद सम्मान राशि 3,11,15,792 रुपये (3 करोड़ 11 लाख 15 हजार 792 रुपये) देकर सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष अखिल भारतीय विश्वविद्यालय, एशियन चैम्पियनशिप, सैफ खेलों को भी खेल सम्मान की आधिकारिक सूची में शामिल किया गया। प्रतिभागियों के अभिभावक भी आमंत्रित हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के डीजी रवींद्रण शंकरण ने बताया कि टोक्यो पारालम्पिक 2020 में पारा बैडमिन्टन खिलाड़ी प्रमोद भगत को (पुरुष एकल एसएल 3 वर्ग में) स्वर्ण पदक विजेता को एक करोड़ रुपये, टोक्यो पारालम्पिक 2020 में पुरुष ऊंची कूद में कांस्य पदक विजेता शरत कुमार को पचास लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। 24वें समर डिफ्लिपिक्स 2021 ब्राजील बैडमिंटन (गोल्ड) ऋतिक आनन्द को 15 लाख रुपये नगद पुरस्कार राशि एवं 24वें समर डिफ्लिपिक्स 2021 ब्राजील शूटिंग में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले अभिषेक कुमार को दो लाख रुपये नगद पुरस्कार राशि से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पूर्व में सम्मानित किया जा चुका है।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 बर्मिंघम में लॉन बॉल (मेनफोर्स इवेन्ट) में रजत पदक प्राप्त चंदन कुमार को 15 लाख रुपये, रग्बी की महिला खिलाड़ी आरती कुमारी और सपना कुमारी को 8 लाख 33 हजार 333 रुपये का पुरस्कार दिया जा रहा है।

ये प्रशिक्षक होंगे सम्मानित

राजेन्द्र प्रसाद (भारोत्तोलन)
अनुप कुमार, (वुशू)
गौतम प्रताप सिंह, (रग्बी)
पंकज कुमार रंजन, (सेपकटाकरा)
पिंकी कुमारी, एकलव्य प्रशिक्षक (फुटबॉल)
असगर हुसैन (फुटबॉल)

मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव होंगे

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री जितेंद्र कुमार राय होंगे। सचिव वंदना प्रेयसी ने घोषणा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले चयनित प्रतिभागियों को दी जाने वाली नगद राशि को दोगुनी कर दी गई है। इसके अलावा इस वर्ष से सामान्य एवं दिव्यांग दोनों श्रेणियों में नगद राशि का प्रावधान किया गया है।

बिहार का नं. 1 अखबार

www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार

29 अगस्त 2022, भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम सम्वत् 2079, पटना

नगर* संस्करण, वर्ष 37, अंक 236, 16+4 पेज फुरसत, मूल्य ₹4.00 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

मुख्य कोच राहुल द्रविड़ कोविड को मात देकर भारतीय टीम से जुड़े P-12

बिहार का दर्द

बिहार की विडंबना देखिए। सावन सूखा बीत गया। भादो भी दगा दे रहा है। राज्य के जलाशय पानी के लिए तरस रहे हैं। खेतों में पानी के अभाव में रोपनी नहीं हो पाई। इस बीच नेपाल में खूब बारिश हुई और बिहार की नदियों में उफान आ गया। दुखद है कि अभी तांडव करने वाला यह पानी कुछ समय बाद नहीं दिखेगा। केन्द्र बिहार की इस पीड़ा को कब महसूस करेगा–यह बड़ा सवाल है? समाधान नेपाल से सहयोग पर निर्भर है।

सूखे की तस्वीर...सावन और भादो में भी पानी के लिए तरस रहे जलाशय

बारिश नहीं होने के कारण बांका जिले के बौंसी प्रखंड स्थित चांदन जलाशय में 10 फीसदी से भी कम है पानी।

बाढ़ का दृश्य...नेपाल व दूसरे राज्यों से आए पानी के कारण बिगड़े हालात

बक्सर में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बढ़ने के बाद पानी में डूबा विवाह मंडप। • मुश्ताक हुसैन बंटी

विडंबना: जलाशय सूखे, नदियों में उफान

राज्य के सभी 17 बड़े जलाशयों में 10 फीसदी से भी कम पानी

जलसंकट

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। सूबे में सुखे का संकट लगातार गहराता जा रहा है। हाल यह है कि प्रदेश के सभी 23 जलाशयों में न केवल पिछले साल से कम पानी है, बल्कि वह भी लगातार कम होता जा रहा है। पिछले साल इन 23 जलाशयों में 5 लाख एकड़ फीट पानी था जबकि इस साल अब इनमें केवल 1.21 लाख एकड़ फीट पानी रह गया है। हाल यह है कि 5 जलाशय ऐसे हैं जिनमें उनकी क्षमता का 5 फीसदी भी पानी नहीं है। 17 जलाशयों में 10 फीसदी से भी कम पानी शेष बचा है। ऐसे में इनसे जुड़े इलाके में सिंचाई के लिए त्राहिमाम की स्थिति है।

5 जलाशय पूरी तरह सूखे

बेलहरना (बांका, मुंगेर), जालकुंड (मुंगेर), अमृति श्रीखंडी (जमुई), कैलाशघाटी (जमुई), ताराकोल (नवादा)

पिछले साल इन जलाशयों में 9 में 80 फीसदी से अधिक पानी था, जबकि एक जलाशय चंदन 100 फीसदी भरा हुआ था। इस साल किसी जलाशय में उसकी क्षमता का आधा पानी भी नहीं है। जो सबसे अधिक भरा है, उसमें मात्र 38 फीसदी पानी है। विभाग के इंजीनियरों का मानना है कि यदि कुछ दिनों में बारिश नहीं हुई तो कम से कम दस जलाशय और सूख जाएंगे। इससे बड़े इलाके में जल संकट की स्थिति पैदा हो जाएगी। देखें P10

हकीकत: राज्य में अब तक 40 फीसदी कम हुई बारिश

"बारिश कम होने का असर खरीफ की फसल पर पड़ना स्वभाविक है। सूबे में सामान्य बारिश के तहत 80 से 83 लाख मीट्रिक टन धान का उत्पादन होता है, लेकिन कम बारिश होने से इसमें निश्चित रूप से कमी होगी। हालांकि, कम बारिश का लाभ गेहूं की फसल को मिल सकता है।

– **अनिल कुमार झा,** कृषि वैज्ञानिक, बिहार

सूबे में 4.5 लाख हेक्टेयर में नहीं हुई धान की रोपणी

अब तक सामान्य से बारिश होने के कारण इसका असर धान की रोपणी पर पड़ा है। हालत यह है कि बिहार में करीब 4.5 लाख हेक्टेयर में धान की रोपणी नहीं हो सकी है। राज्य में 35 लाख हेक्टेयर में धान की रोपणी के लक्ष्य की तुलना में अबतक 30.24 लाख हेक्टेयर में रोपणी की जा सकी है।

अब तक 756.4 मिमी बारिश होनी थी 457 हुई

पटना। सूबे में 28 अगस्त तक सामान्य से 40 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के निदेशक ने बताया कि एक जून से लेकर 28 अगस्त तक सूबे में 756.4 मिमी बारिश होनी चाहिये थी लेकिन मात्र 457 मिमी हुई है। जुलाई में कमी 39 प्रतिशत रही, जबकि जून में सामान्य से छह प्रतिशत अधिक बारिश हुई थी।

कम बारिश फिर भी नदियां लाल निशान के पार क्यों?

प्रदेश में बारिश नहीं होने के बाद भी नदियों के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण नेपाल के अलावा पड़ोसी राज्यों में बारिश का होना है। नेपाल में बारिश से कोसी, बूढ़ी गंडक, गंडक समेत कई नदियों में उफान है। वहीं, यूपी, एमपी, राजस्थान में बारिश से गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

गंगा और कोसी नदी के निचले इलाकों में फैला बाढ़ का पानी

पानी आफत

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। गंगा, कोसी और बूढ़ी गंडक नदियों के लाल निशान के पार होने के बाद सूबे में बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है। गंगा रविवार को बक्सर में खतरे के निशान के पार हो गई। गंगा पूरे प्रदेश में सभी स्थानों पर तेजी से बढ़ रही है जबकि कोसी नदी में भी उफान है। इसके बाद इन नदियों के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है।

कोसी सुपौल और कटिहार में जबकि गंगा बक्सर, पटना के गांधीघाट व हाथीदह और कहलगांव में खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गयी है। बूढ़ी गंडक खगड़िया में लाल निशान से ऊपर है। यही नहीं बरंडी और कारी कोसी का जलस्तर खतरे का निशान पार होने के बाद सीमांचल में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। कोसी में वीरपुर बराज पर पिछले 24 घंटे में 60 हजार क्यूसेक पानी बढ़ गया। इसी तरह गंडक नदी के वाल्मीकिनगर बराज पर 70 हजार क्यूसेक पानी बढ़ा। उधर कोसी, सीमांचल और पूर्वी बिहार में नदियों के जलस्तर में वृद्धि से लोगों को बाढ़ की आशंका फिर सताने लगी है।

नौ छोटी नदियां सूखीं

कम बारिश का असर प्रदेश की छोटी नदियों पर भी पड़ा है। 9 छोटी नदियां सूखी पड़ी हैं। कई तालाब, आहर और पाइन की भी यही स्थिति है।

प्रमुख पांच

बीएड स्पेशल व बीएड दोनों डिग्री एक समान

1 कैट ने महतपवूर्ण फैसले में कहा है कि बीएड स्पेशल व बीएड दोनों डिग्री एक समान है। P06

गुंडा बैंक मामले की जांच में जुटी ईओयू

2 गुंडा बैंक मामले की जांच के लिए भागलपुर पहुंची ईओयू की टीम कई जगहों पर टोह ली। P10

आटा, मैदा, सूजी के निर्यात पर भी रोक

3 गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध के बाद आटा, मैदा, सूजी के निर्यात पर भी रोक लगा दी गई है। P11

डिजिटल इंडिया ने देश को शक्ति दी : मोदी

4 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि डिजिटल इंडिया ने देश को शक्ति दी है। P13

नए भारत में कितने सुरक्षित हैं भारतीय

5 सर्वेक्षण में 71 फीसदी लोगों ने कुछ हद तक या मजबूती से प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन किया, जो संकेत करता है कि वह क्यों दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं।

क्रिस्टोफर क्लैरी P08

सूचना

आज के अंक के साथ फुरसत परिशिष्ट भी दिया जा रहा है। पाठक कृप्या लेना न भूलें।

5% EXTRA CASHBACK# SBI card

#Min. Trxn.: ₹20000; Max. Cashback on one Trxn. per card during the offer period: ₹5000. Valid only on EMI Trxn. Validity: 01 Jul - 30 Sep 2022. T&C Apply.

HeroMotoCorp.com | TheHeroMotoCorp | HeroMotoCorpLimited | HeroMotoCorp | HeroMotoCorpIndia

हीरो का विश्वास

Hero 100 MILLION | Hero WORLD'S NO.1 20 YEARS IN A ROW | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply. | POWERED BY XSENS WITH PROGRAMMED FI Smart Sensor Technology | Exchange Powered By Wheels of Trust^^

Exchange ANY old two-wheeler for a new Hero at best resale value. For more details, visit www.wheelsoftrust.com

SCAN FOR BEST RESALE VALUE^

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative global production volume till 21st January 2021. ***Largest two-wheeler selling company in the world for any particular country for the year 2020. ^Based on offers from empanelled dealers on Wheels of Trust platform. All features may not be part of all products. #Offer is subject to exclusive T&C of SBI. T&C apply. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or call Toll Free No. 1800-266-0018 or visit website www.heromotocorp.com

Authorized Dealers: Patna: Patliputra Hero, Ph: 9289922164, Chandan Hero, Ph: 9289922169, Asha Hero, Ph: 9289922702, Chandan Hero (Sampat Chak), Ph: 9289922169, Patliputra Hero (Saguna More), Ph: 9289922164, Asha Hero, (Masaurhi), Ph: 9289922702, **Arrah:** Aditya Hero, Ph: 9289922581, Karan Enterprises, Ph: 92899223219, **Aurangabad:** Lara Hero, Ph: 9289922769, **Banka:** Mandar Hero, Ph: 9289922971, **Bahadurganj:** Kanhaiya Hero, Ph: 9289923156, **Begusarai:** Begusarai Hero, Ph: 9289922175, **Bettiah:** MAA Hero, Ph: 9289922166, Modern Hero, Ph: 9289923118, **Bhagalpur:** Mihir Hero, Ph: 9289922170, Amit Hero, Ph: 9289923220, **Biharshariff:** Om Hero, Ph: 9289922177, Gurudev Hero, Ph: 9289923011, **Buxar:** Buxar Hero, Ph: 9289922684, **Chapra:** Prabhu Hero, Ph: 9289922176, Reeshav Hero, Ph: 9289923032, **Darbhanga:** Krishna Hero, Ph: 9289923213, K D Hero, Ph: 99289923120, **Forbesganj:** J. M. Hero, Ph: 9289922752, **Gaya:** K L Gupta Hero, Ph: 9289922171, Shri Om Sai Hero, Ph: 9289922950, Asha Automobile, Ph: 9289923806, **Gopalganj:** Shree Gopal Hero, Ph: 9289922567, **Hajipur:** Rohit Hero, Ph: 9289922554, Chandamama Hero, Ph: 9289922951, **Jehanabad:** Asha Hero, Ph: 9289923806, **Katihar:** Ashish Hero, Ph: 9289922506, Ayesha Hero, Ph: 9289923115, **Khagaria:** Khagaria Hero, Ph: 9289922712, **Kishanganj:** J.D. Hero, Ph: 9289922674, **Lakhisarai:** Sriram Hero, Ph: 9289922804, **Madhepura:** Unique Hero, Ph: 9289922733, **Madhubani:** Shiv Shakti Hero, Ph: 9289923198, **Mohania:** Swastik Hero, Ph: 9289922792, **Motihari:** Sri R. C. Hero, Ph: 9289923117, Shri Mangal Hero, Ph: 06252230555; **Munger:** Shanti Hero, Ph: 9289922637, **Muzaffarpur:** North Bihar Hero, Kalambagh Road, Ph: 9289923850, Akharaghat Road, 9289922168, Radha Hari Hero, Bakhari Chowk, Ph: 9289922818, Aniket Hero, Ramdayalu, Ph: 9289923807, **Nawada:** Girija Hero, Ph: 9289922859, **Purnea:** Usha Hero, Ph: 9289922724, Shree Hero, Ph: 9289923119, **Raxual:** B. K. Hero, Ph: 9289922791, **Samastipur:** Shiva Hero, Ph: 9289923025, **Tajpur:** Mahalaxmi Hero, Ph: 9289923085, **Sasaram:** Shahabad Hero, Ph: 9289922560, **Sheohar:** Devshree Hero, Ph: 9289922820, **Sitamarhi:** New Bihar Hero, Ph: 9289922564, **Siwan:** Maharana Hero, Ph: 9289922172, Pratik Hero, Ph: 9289922817, **Supaul:** Anas Hero, Ph: 9289923088, **Dehri:** Aanya Hero, Ph: 9289923814.

आनंदपुरी हिमगिरी चौराहे पर आदियोगी के प्रतिरूप में विराजेंगी मां दुर्गा

शहर के पूजा पंडाल

पटना, वरीय संवाददाता। नवरात्र की तैयारियां पटना में शुरू हो चुकी हैं। आनंदपुरी हिमगिरी चौराहे पर इस वर्ष कोयम्बटूर स्थित आदियोगी की विशाल प्रतिरूप का पंडाल बनाया जा रहा है। 50 फीट ऊंचे और 30 फीट चौड़े इस पंडाल का निर्माण पटना के कलाकार राजू अपनी टीम के साथ कर रहे हैं।

श्री विजय वाहिनी दुर्गा पूजा समिति से जुड़े आशीष कुमार कहते हैं कि पंडाल के निर्माण को सप्तमी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पंडाल पीओपी से बनाया जाएगा। पंडाल का प्रवेश द्वार आदियोगी के हृदय से होते हुए तैयार होगा। इस वर्ष कोरोना संक्रमण पाबंदियां हटने के बाद पांच लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के पंडाल देखने आने की उम्मीद है। पंडाल और पूजा का बजट इस वर्ष 15 लाख रुपये से ज्यादा अनुमानित है। पूजा के लिए बजट की राशि मोहल्ले में चंदा और सदस्यों के आपसी सहयोग से जुटायी जाती है।

एक हजार एक हाथों वाली मां दुर्गा : इस वर्ष आदि योगी पंडाल के अंदर एक हजार एक हाथ वाली मां दुर्गा आशीर्वादी मुद्रा में दिखेंगी। पूजा समिति के आशीष कहते हैं कि मां के एक हजार एक हाथ दिखाने का उद्देश्य सभी के लिए माता का आशीर्वाद का भाव प्रदर्शित करना है। मां दुर्गा के साथ लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश और कार्तिकेय भी रहेंगे। इसके पहले वर्ष 2021 में यहां मां दुर्गा, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती ने राक्षस का संहार न करके कोरोना फ्रंट वारियर्स को सम्मानित करती दिखी थीं।

आनंदपुरी हिमगिरी चौराहे पर कुछ ऐसा दिखेगा पूजा पंडाल। (फाइल फोटो)

50 फीट ऊंचा और 30 फीट चौड़ा होगा पंडाल

15 लाख से ज्यादा अनुमानित है पूजा का बजट इस साल

खीर-पूड़ी से लेकर भंडारा तक

पूजा समितियों का प्रसाद भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। सप्तमी को यहां खीर-पुड़ी कर वितरण होता है। अष्टमी तिथि को केसरिया हलवा का भोग लगता है। कन्या पूजन के बाद खिचड़ी का बंटती है। दसवें दिन भंडारा में राजमा चावल, बुनिया, सब्जी का वितरण होता है।

40 साल से हो रही पूजा

श्री विजय वाहिनी दुर्गापूजा समिति आनंदपुरी हिमगिरी चौराहे के बैनर तले बीते 40 वर्षों से नवरात्र में माता की प्रतिमा की पूजा हो रही है। पूजा समिति की स्थापना वर्ष 1982 में की गई थी। पूजा समिति के संस्थापक अध्यक्ष यूएस वैद्य थे। यहां प्रतिमा स्थापना के पहले बोरिंग कैनाल रोड पंचमुखी मंदिर के बगल में प्रतिमा स्थापित होती थी। मोहल्ले के लोगों के आग्रह के बाद हिमगिरी चौराहे के पास प्रतिमा स्थापना का निर्णय लिया गया।

बबलू पाल थे पहले मूर्तिकार

स्थापना काल से वर्ष 2017 तक हिमगिरी चौराहे पर मां दुर्गा की प्रतिमा के निर्माता बबलू पाल रहे। वर्ष 2018 के बाद आयोजकों ने गुजरात के मूर्तिकार तपस पाल को यह जिम्मेवारी सौंपी। समिति सदस्यों के काफी शोध और परिचर्चा के बाद यहां प्रतिमा और पंडाल के प्रस्ताव को स्वीकृति दी जाती है। हर साल यहां नयापन दिखता है।

लीक से हटकर रही है थीम

प्रतिमा-पंडाल के साथ यहां की गलियों की भी थीम आधारित सजावट होती है। इस बार हिमगिरी चौराहे तक की गली को फूलों और तितलियों से सजाया जाएगा। गली से गुजरते समय श्रद्धालु यह महसूस करेंगे कि वे किसी फूलों से लदे बाग से होकर गुजर रहे हैं। इसके पहले गली को समुद्र में मछली, छाता से भरी गली और टोकरी लाइट गली के रूप में सजाया जा चुका है।

यह है पूजा समिति

अध्यक्ष	संतोष कुमार
उपाध्यक्ष	आशुतोष कुमार
कोषाध्यक्ष	अमित कुमार टिंकू
सदस्य	हर्षवर्द्धन, आलोक रंजन, आनंद मनस्विन, आशीष मनस्विन, मनीष, अखिल, नितेश, आकाश, टिंकू, अशोक, राहुल, रत्नेश।

गंगा का जलस्तर बढ़ने से मानस, छितरचक व नकटा दियारा में बढ़ी परेशानी

दियारा के कई गांवों में घुसा पानी मवेशियों को निकालने लगे लोग

पटना/दानापुर/अथमलगोला। गंगा के जलस्तर में बढोतरी से पटना महानगर पर फिलहाल कोई खतरा नहीं है। हालांकि निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने से दियारा क्षेत्र में लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। कई गांवों में पानी प्रवेश कर गया है। गांवों के संपर्क पथ पर पानी आ गया है। मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने लगे हैं।

हालांकि, प्रशासन की ओर से गांव के लोगों के लिए नाव की व्यवस्था नहीं की गई है। आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गांधीघाट में जब नदी का जलस्तर 50 मीटर से अधिक होता है तो बाढ़ की स्थिति होने लगती है। सोमवार को जलस्तर को देखने के बाद प्रशासन दियारा या बाढ़ प्रभावित इलाके में व्यवस्था करेगा।

मानस गांव के धर्मेंद्र कुमार रविवार को घर का जरूरी सामान लेने पटना आए थे। परिवार में कुल आठ सदस्य हैं। रोजमर्रा की वस्तुएं गांव में नहीं मिल रही है इसीलिए 10 रुपये नाव का किराया देकर लगभग रोज पटना आते हैं। उनका कहना है कि हमलोग को किसी तरह गांव में रह लेंगे लेकिन सबसे परेशानी पशुओं की है। चारे की व्यवस्था नहीं है। छितरचक के मीना देवी कहती है पटना में एक रिश्तेदार के घर बच्चों को भेज दी हूं।

नकटा दियारा के संजय कुमार ने बताया कि गांव की सड़कों पर पानी आ गया है लेकिन जहां ऊंचा स्थान है वहां अभी पानी नहीं आया है। नाव चालक मुन्ना का कहना है कि प्रत्येक दिन वह औसतन पांच सौ लोगों को दियारा के विभिन्न गांवों से लेकर पटना आता है। आपदा प्रबंधन के एडीएम संतोष कुमार झा का कहना है कि नदी का गांधीघाट पर जब जलस्तर 50 मीटर से अधिक होता है तो बाढ़ की स्थिति हो जाती है। दियारा के पशुपालक पशुओं को लेकर अपने खटाल को छोड़ने लगे है। गंगा पथ पर करीब दो सौ से अधिक भैंसों को लेकर सोनपुर की ओर जाने लगे है। पशुपालक गौतम कुमार का कहना है कि यहां चारा की कमी है। खटाल डूब गया है। इस कारण जब तक पानी नहीं हटेगा तब तक वहीं रहेंगे। वहीं गोरख राय, भगवान, श्रवण व कुष्ण चौधरी का कहना है कि हर साल दियारा में बाढ़ आने से परेशान हो जाते है।

वहीं दानापुर के दियारा क्षेत्र के हेतनपुर, बिशुनपुर, कासिमचक काफरपुर, नवदियरी, मानस, गंगहारा और मानस समेत अन्य गांवों के आसपास पहुंच गया है। पुरानी पानापुर घाट से कासिमचक, मानस, अकीलपुर जाने वाले मार्ग में निचली जगहों पर पानी बहने लगा है। सहायक अभियंता अशफाक आलम ने बताया कि देवनिया नाले में जलस्तर 167.9 फीट है और खतरे का निशान 168 फीट है।

अथमलगोला में बाढ़ के पानी में डूबा किसान : शनिवार की देर शाम खेत के रास्ते पैदल जा रहे रामनगर दियारे के किसान रंजय सिंह उर्फ कारू सिंह (45) का पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में डूब गया। रविवार देर शाम शव को ढूढ़ लिया गया। गौरतलब है कि शनिवार की सुबह में बाढ़ के पानी में चार वर्षीय मासूम पवन की डूबने से मौत हो थी। जलस्तर में वृद्धि ने रामनगर दियारा सहित अन्य तटीय क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

बिंद टोली, दियारा में बाढ़ आने से पशुओं को ले जाते लोग।

50 मीटर से अधिक जल स्तर होने पर बाढ़ की स्थिति आती है

- पशुओं को सुरक्षित जगहों पर ले जाने की तैयारी

बिंदटोली में घुसा पानी

दीघा के बिंदटोली गांव में बाढ़ का पानी घुसना शुरू हो गया है। करीब दो दर्जनों घरों में पानी है। ऐसे लोगों ने घर छोड़ दूसरे जगहों पर पलायन कर गए है। कुछ लोग किराया के मकान में चले गए हैं। तो कुछ लोग गंगा पथ पर तिरपाल लगाकर आशियाना बनना लगे है। इससे अन्य लोगों के अंदर भय बना हुआ है। ऐसे लोग अपने छप्पड़ व झोपड़ी को हटाना शुरू कर दिए है। पूरी झोपड़ी को उजार दिए है।

रास्ता बंद, नाव चलना शुरू

बिंद टोली के तीन तरफ से पानी से घिर गया है। दूसरे तरफ गंगा पथ वे है। जो काफी अधिक उंचाई पर है। इससे लोगों को गांव से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गांव के लोगों का रास्ता बंद हो गया है। लेकिन गांव के लोगों के लिए एक सरकारी नाव चलाना शुरू कर दिया गया है। इसी लोगों का आना-जाना लगा हुआ है।

पटना में गांधी घाट की सीढ़ियों पर चढ़ा बाढ़ का पानी। ● हिन्दुस्तान

मनेर के कई गांवों की सड़क पर चढ़ा पानी

मनेर। रविवार को पश्चिमी दियारे के रामपुर, हुलासी टोला, भवानी टोला व इस्लामगंज को शहरी इलाके से जोड़ने वाली सड़क तिवारी टोला मार्ग पर बाढ़ का पानी चढ़ गया। बाढ़ के पानी से सड़क के डूबते ही इन गांवों का मनेर शहर से संपर्क टूट गया। जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का पानी तिवारी टोला पुल के समीप सड़क पर चढ़ गया है। किता चौहत्तर पश्चिम के रामनगर, नई बस्ती टोलों में बाढ़ का पानी घुस गया है। पश्चिमी के मुखिया अशोक कुमार ने बताया कि सबसे ज्यादा कठिनाई पशु चारा को लेकर हो रही है। छिहत्तर, महावीर टोला व नई बस्ती के चारों ओर पानी भर चुका है। चारा लगभग डूब गया हैं। दुधैला जाने मार्ग वाले मार्ग पर भी पानी चढ़ जाने से लोगों को कठिनाई हो रही है।

दीघा में गंगा खतरे के निशान के पार

पटना। पटना के ज्यादातर घाटों पर गंगा लाल निशान से ऊपर बह रही है। रविवार रात दीघा में भी जलस्तर लाल निशान को पार कर गया। गंगा का पानी दियारा इलाके में फैल रहा है। गांधी घाट में गंगा नदी के खतरे का निशान 48.60 मीटर है। यहां जलस्तर रविवार की शाम छह बजे तक 49.17 मीटर था। हाथीदह में खतरे का निशान 41.74 मीटर है। यहां रविवार शाम छह बजे जलस्तर 42.34 मीटर था। दीघाघाट में खतरे का निशान 50.45 मीटर है। यहां नदी का जलस्तर रविवार शाम छह बजे 50.37 मीटर हो गया। केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार जिस रफ्तार से गंगा बढ़ रही है, उस हिसाब से रात 12 बजे लाल निशान पार कर जाएगा। यहां खतरे का निशान 50.45 मीटर है।

मनेर में सड़क पर बाढ़ का पानी भर गया है। पानी से गुजरते बच्चे। ● हिन्दुस्तान

शहर 30s

ग्लोबल कायस्थ कॉफ्रेंस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण।

राजस्थान ने भारत को कई नायक दिए

पटना। ग्लोबल कायस्थ कॉफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने आजादी के नायकों की स्मृति में आयोजित व्याख्यानमाला में स्वतंत्रता सेनानी मथुरा दास माथुर को एक विराट व्यक्तित्व बताया। कहा कि माथुर ने राजस्थान के नवनिर्माण में खास भूमिका निभायी है। राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री माणिक्य लाल वर्मा एवं स्व. शिवचरण माथुर को राष्ट्रीय नायक बताया। मौके पर रागिनी रंजन, अनुराग सक्सेना, निश्का रंजन, राकेश श्रीवास्तव आदि रहे।

तीज पर त्रिभुवनदास भीमजी ज्वेलरी दे रहा है छूट

पटना। पटना में त्रिभुवनदास भीमजी जवेरी (टीवीजेड) तीज महोत्सव पर सोने के आभूषणों की बनवाई पर 25 प्रतिशत तक एवं हीरे के आभूषणों को बनाने के शुल्क पर 30 प्रतिशत तक की छूट दे रहा है। टीवीजेड दी ओरिजिनल की ओर से 28 एवं 29 अगस्त को फ्री मेहंदी कार्यक्रम भी रखा गया है। टीबीजेड के सभी गहने हॉलमार्क प्रमाणित हैं।

स्वास्थ्य सेवा यात्रा की हुई शुरुआत, दवाएं बांटीं

पटना। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन की पीएमसीएच इकाई द्वारा मां सावित्री स्वास्थ्य सेवा यात्रा की शुरुआत हुई। इसके तहत घरों में काम करने वाली 140 महिलाओं और युवतियों मुफ्त चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पीएमसीएच की सहायक प्रोफेसर डॉक्टर प्रियंका नारायण के नेतृत्व में कदमकुआं के देव कुटीर अपार्टमेंट में किया गया।

ऑल इंडिया पोस्टल एसोसिएशन का अधिवेशन हुआ

पटना। ऑल इंडिया पोस्टल एंड आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर जीपीओ सभागार में प्रथम अधिवेशन हुआ। कार्यक्रम में नए पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। इसमें अध्यक्ष बालेश्वर उपाध्याय, महासचिव सुरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्णनंदन सिंह व संरक्षक अमरेश ठाकुर को बनाया गया। साथ ही पेंसनर्स ने सरकार से मांग की कि 18 माह का महंगाई भत्ता जल्द से जल्द दिया जाए।

बिजली बिल के नाम पर खाते से उड़ाये 30 हजार

पटना। बिजली का कनेक्शन कटने का भय दिखाकर कर्मचारी बीमा आयोग से रिटायर चंद्रभूषण के खाते से साइबर अपराधियों ने 30 हजार रुपये उड़ा लिये। साइबर अपराधियों ने पहले उन्हें मैसेज भेजा। जब उसपर दिये गये नंबर पर उन्होंने कॉल किया तो उनसे एक एप डाउनलोड करवाया गया। फिर उन्हें एक लिंक भेजा गया। इस बाबत पीड़ित ने पाटलिपुत्र थाने में एफआईआर की है।

मतदाता सूची में आधार जोड़ने को डेढ़ लाख आवेदन

पटना। निर्वाचक सूची में आधार संख्या को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण के लिए निर्वाचकों से आधार डाटा संग्रहण के लिए जिले में रविवार को विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इसमें लगभग डेढ़ लाख लोगों ने आवेदन दिया। डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचकों से आधार डाटा संग्रहण के लिए प्रत्येक माह विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

मंदिर को तोड़ने के खिलाफ लोग आक्रोशित

पटना। अशोक राजपथ के पटना कॉलेज स्थित ब्रह्म स्थान सह दुर्गा मंदिर को बिहार राज्य पुल निर्माण निगम की ओर से तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। तोड़ने के खिलाफ भक्तों एवं आसपास के लोगों में काफी आक्रोश है। स्थानीय लोगों द्वारा पिछले 11 दिनों से आमरण अनशन किया जा रहा है। यह प्राचीन कलाकृति को दिखाता है। इनसे लोगों की मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं।

रत्नालय के संग हरितालिका तीजोत्सव की धूम

पटना। कंकड़बाग और हथुआ मार्केट रत्नालय ज्वेलर्स तीजोत्सव पर आकर्षक डिजाइन के आभूषण ग्राहकों के लिए लेकर आए हैं। शोरूम निदेशक नागेन्द्र केशरी व साकेत केशरी ने बताया कि आभूषणों में मुफ्त बीमा का ऑफर भी दिया जा रहा है। सोने से बने आभूषण बनवाई पर सीधा 30 प्रतिशत तक की छूट और हीरे पर सीधा 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

बीसीए के अध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए चुनाव 25 को

पटना। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिये चुनाव 25 सितंबर को होगा। रविवार को राजधानी के एक निजी होटल में आयोजित आमसभा की बैठक में बीसीए से मान्यता प्राप्त सभी 38 जिला संघ के पदाधिकारियों ने सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सदन के एजेंडों पर मुहर लगाई।

इसके ठीक बाद सदन के सदस्यों के समक्ष बीसीए के निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. एम मोदस्सिर (रिटायर्ड आईएएस) के नेतृत्व वाली कमेटी ने बीसीए चुनावी प्रक्रिया की घोषणा की। मीडिया प्रभारी कृष्णा पटेल ने बताया कि सदन की बैठक के आरंभ में कई जिला संघों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का परिचय कराया गया। इधर बैठक में एक बार हंगामे की स्थिति भी बनी जब विभिन्न जिलों से पहुंचे कई लोगों को निकाला गया।

तय कोटा से 500 मेगावाट कम बिजली की आपूर्ति

परेशानी

- ग्रामीण इलाकों में बिजली की किल्लत अधिक रही
- कंपनी ने खुले बाजार से बिजली के लिए बोली लगाई

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। वार्षिक मरम्मत के कारण बंद पड़ी बिजली इकाइयों की वजह से बिहार को केंद्रीय सेक्टर से 500 मेगावाट बिजली कम मिली। इसलिए राज्य के कई ग्रिडों को लोडशेडिंग में रखना पड़ा। खुले बाजार से बिजली नहीं मिलने से राज्य के ग्रामीण इलाकों में बिजली की किल्लत अधिक रही।

कंपनी अधिकारियों के अनुसार केंद्रीय सेक्टर से 500 मेगावाट बिजली कम मिली। कंपनी ने खुले बाजार से बिजली लेने के लिए बोली लगाई, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। आलम यह रहा कि कंपनी की ओर से 200 मेगावाट बिजली लेने के लिए बोली लगाई जाती पर मात्र 20 मेगावाट बिजली ही उपलब्ध हो पाई। इस वजह से पीकआवर में 500 मेगावाट बिजली की किल्लत रही। कम बिजली मिलने के कारण राजधानी सहित राज्य के सभी इलाकों में बिजली की लोडशेडिंग हुई।

जिलों को जरूरत से कम बिजली दी गई। इस कारण राज्य के प्रायः सभी शहरों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी लोडशेडिंग हुई। इससे कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एनटीपीसी के अनुसार शेड्यूल ओवरहॉलिंग के कारण बिहार को तय आवंटन से कुछ कम बिजली दी गई। इन यूनिटों के चालू होने से बिहार को कोटा के अनुसार पूरी बिजली दी जाएगी।

ईवीएम के प्रथम चरण की जांच 5 से

पटना। बिहार में नगर निकाय चुनाव को लेकर ईवीएम की फर्स्ट लेवल जांच (एफएलसी) की प्रक्रिया 05 सितंबर से शुरू होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों में उपलब्ध ईवीएम का एफएलसी 15 सितंबर तक पूरा कराने का निर्देश दिया। इसके लिए संबंधित ईवीएम निर्माता कंपनी के अधिकारी ईवीएम के काम करने की सभी प्रक्रिया को बारीकि से देखेंगे। ईवीएम की मेमोरी को चेक किया जाएगा, उन्हें बैलेट बॉक्स से जोड़कर उसके सही तरीके से काम करने की जांच की जाएगी।

आयोग ने सभी जिलों को ईवीएम के एफएलसी के लिए नोडल पदाधिकारी नामित करने का निर्देश दिया है। निकाय चुनाव की तैयारियों में गति लाने के लिए सभी जिलों में दो से तीन दिनों में एफएलसी के लिए नोडल पदाधिकारी नामित किए जाएंगे। वे एफएलसी के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह जिलाधिकारी को रिपोर्ट सौंपेंगे।

बढ़ीं मुश्किलें | सर्दी-बुखार से लेकर डायबिटीज व बीपी की दवा हुई महंगी, परामर्श शुल्क छह सौ से बढ़कर एक हजार तक हुआ

दवाओं से लेकर जांच तक 30 प्रतिशत महंगी

महंगाई की मार

पटना, वरीय संवाददाता। महंगाई का असर स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हर क्षेत्र पर पड़ा है। दवा से लेकर जांच तक और डॉक्टर की फीस से लेकर एंबुलेंस सेवा चार्ज तक में लगभग तीस प्रतिशत बढ़ोतरी हो गई है। मरहम, पट्टी और बैंडेज में पचास प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। संक्रमण रोकने वाला द्रव्य की कीमत 130 रुपये से बढ़कर 180-190 रुपये हो गई है। कोरोना के बाद डॉक्टरों के परामर्श शुल्क में भी 80 प्रतिशत से सौ प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। शहर में ऐसे कई डॉक्टर है जिनका पहले परामर्श शुल्क छह सौ रुपये था वह बढ़कर एक हजार रुपये हो गया है।

बुजुर्गों के मासिक दवा के बजट में औसतन तीन सौ से पांच सौ रुपये का इजाफा हुआ है। जिनका मासिक खर्च पहले 1500 था उनका खर्च 18 सौ से दो हजार रुपये हो गया है। सर्दी-बुखार के इलाज में भी एक हजार की चपत लग रही है। दवा, डॉक्टरों के परामर्श के साथ-साथ जांच कराना भी महंगा हो गया है। जांच के लिए जरूरी रसायनों की कीमतों में दो से ढाई सौ प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। इस कारण खून सहित अन्य जांच महंगा हुई है। वहीं रेडियोलॉजी जांच की कीमत भी डेढ़ गुणा तक बढ़ी है। दो साल पहले जो एमआरआई पांच सौ रुपये में होता था वह बढ़कर साढ़े सात सौ रुपये हो गया है। जो अल्ट्रासाउंड आठ सौ रुपये में होता था वह बढ़कर 16 सौ रुपये तक हो गया है। इसके अलावा एक्सरे, ईसीजी आदि जांच भी महंगा हुई है। ब्लड सेंटर से जुड़े मुकेश हिसारिया कहते हैं कि ऑनलाइन स्वास्थ्य सुविधाओं का फायदा केवल शहरी और पढ़े-लिखे लोगों को ही मिल पाता है। गांवों के गरीब मरीज स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ी कीमतों से परेशान हैं।



जीवन रक्षक दवाओं के मूल्य में भी इजाफा

दो साल में दवाओं की कीमतों में 25 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। डॉ. एसके गुप्ता कहते हैं कि जो इंसुलिन (पांच एम्पल पैक) पहले 2600 में आती थी वह 3450 की हो गई है। जीवन रक्षक दवाओं में बीते दो सालों में तीस प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। जीएम रोड के दवा दुकानदार अमर वर्मा कहते हैं कि बीते दो सालों में दर्द निवारक, हृदय, किडनी सहित तमाम बीमारियों की दवा महंगी हुई है।

फुटपाथ पर अतिक्रमण, जाम से रोज जूझ रहे लोग

निकाय चुनाव

पटना, वरीय संवाददाता। वार्ड-34 में कंकड़बाग कॉलोनी तिराहा से लेकर निगम अंचल कार्यालय तक मुख्य सड़क का फुटपाथ पूरी तरह से वेंडरों और ठेला खेमचा वालों से पटा रहता है। फुटपाथ लोगों के पैदल चलने के लिए बना था लेकिन आम जनता को सड़क पर चलना पड़ रहा है।

शाम होते ही सड़क के किनारे पूरी तरह से अतिक्रमण हो जाता है। इससे लोग रोज जाम से जूझ रहे हैं। इस वार्ड में ना तो वेंडिंग जोन है और ना ही बेहतर सामुदायिक भवन। शुद्ध पेयजल की सुविधा का भी अभाव है। इस वार्ड की लगभग सभी आरसीसी सड़कें टूटी हैं। डिफेंस कॉलोनी में एक मात्र शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है लेकिन उसका भवन इतना जर्जर है कि देखने में ही डर लगने लगाता है। इतना ही नहीं नगर निगम ने सभी घरों से गीले और सूखे कचरे को अलग कर संग्रह करने की योजना बनायी थी लेकिन वह आज तक पूरी नहीं हुई। करीब 18 लाख रुपये की लागत से वर्मी कंपोस्ट मशीन लगायी गयी जो अभी तक चल नहीं पायी है। कचरा से खाद बनाने का प्लांट भी उपयोगी नहीं रहा है।

लंबा इंतजार: पिछले 20 वर्षों से निगम की सड़कों की मरम्मत नहीं हुई है। अभी लगभग सभी सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। नमामि गंगा प्रोजेक्ट के तहत खोदी गई सड़क की मरम्मत भी ठीक से नहीं की गयी है। जहां मिट्टी से गड्ढा भरा गया है, वहां बारिश होने पर उस सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। ये सड़कें कब बनेंगी, इसका जवाब जिम्मेवार नहीं दे पा रहे हैं। वहीं, डिफेंस कॉलोनी और खेल परिसर के पास बोरिंग तो चलता है पर उसके पानी से गंध आती है। पाइपलाइन बहुत पुरानी ह। इसमें कई जगहों से रिसाव है।

कंकड़बाग कॉलोनी के वार्ड 32 की सड़क के किनारे दुकानदारों का अतिक्रमण।

20078 कुल मतदाता

10373 पुरुष | **9705** महिला

वार्ड 34 : इस बार मुद्दे

- वार्ड-34 की सभी आरसीसी सड़कें हो चुकी हैं जर्जर
- वेंडिंग जोन नहीं होने से सड़क के फुटपाथ का है अतिक्रमण
- पुरानी जर्जर पाइप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं
- सीवरेज की निकासी नहीं हो पा रही है ठीक से

पिछले चुनाव के मुद्दे

- वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगवाना
- जलजमाव से निजात के लिए नाले का निर्माण
- सभी योग्य लाभार्थियों को राशन कार्ड बनवाना
- डोर-टू-डोर कचरा वाहन से कचरा संग्रह की सुविधा
- जर्जर सड़कों की मरम्मत

पांच बड़ी समस्याएं

- वार्ड की सभी जर्जर आरसीसी सड़कों की नहीं हुई मरम्मत
- स्ट्रीट वेंडरों के लिए नहीं है वेंडिंग जोन
- वार्ड के ज्यादातर क्षेत्र से गीला और सूखा कचरा नहीं होता है अलग
- जीरो प्वाइंट से एनबीसीसी तक नये नाला का नहीं हुआ निर्माण
- शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर

चौहद्दी

दक्षिण में द्वारिका कॉलेज
उत्तर में कंकड़बाग तिराहा
पूर्व में मलाही पकड़ी
पश्चिम में पंचशिव मंदिर

पांच साल में क्या किया

वार्ड-34 के निवर्तमान पार्षद कुमार संजीत ने दावा किया है कि जिन मुद्दों पर जनता ने वोट किया है, उन्हें पूरा करने का प्रयास किया। वार्ड में 700 स्ट्रीट लाइट लगवाया हूं। कूड़ा उठाव की बेहतर व्यवस्था है। वार्ड में 90 फीसदी योग्य लाभार्थियों का राशन कार्ड बनवाया है।

> सीवरेज निकासी की समस्या है। डिफेंस कॉलोनी, एमआईजी और कंकड़बाग कॉलोनी में अब भी जलनिकासी ठीक से नहीं हो पा रही है। शुद्ध पेयजल की समस्या है। डिफेंस कॉलोनी, पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास बोरिंग के पानी में गंध आती है। – **गिरीश पांडेय**, पूर्व प्रत्याशी

क्या कहते हैं लोग

सड़कों की हालत जर्जर है। बारिश होने पर परेशानी बढ़ जाती है। जब से नमामि गंगे के तहत कार्य हुआ है तब से आरसीसी सड़कों की हालत और खराब हो गई है। **–गौतम आनंद**, एमआईजी कंकड़बाग

पूरे पटना समेत हमारे वार्ड में भी सुरक्षा को लेकर स्थिति ठीक नहीं है। हर तरह की सुरक्षा लोगों को चाहिए। वहीं गंदगी फैलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। **-वीणा**, वीकर सेक्शन

पहले सड़कों पर अंधेरा रहता था पर अब रोशनी की कोई समस्या नहीं है। समय पर कूड़ा का उठाव भी होता है। अब जो इलाके की टूटी सड़कें हैं वो बन जाएं तो स्थिति बेहतर हो जाएगी। **-रूपाली कुमारी**, हाउसिंग कॉलोनी



पाटलिपुत्र खेल परिसर वाली सड़क असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गयी है। बगल में थाना है पर कोई असर नहीं है। निवर्तमान पार्षद से शिकायत की पर कुछ नहीं हुआ। **-सुशील कुमार**, सी टाइप मोहल्ला

हड़ताल का दूसरा दिन : गलियों में जमा कूड़ा बारिश के बाद सड़कों पर पसरा

सांसत : सब्जी मंडियों में सड़ांध मोहल्लों से कचरे का हुआ उठाव

सफाई ठप

- सफाई कर्मियों ने कहा, मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी हड़ताल
- हर दिन पटना में नौ सौ टन कचरा निकलता है

40 हजार कर्मचारी हड़ताल पर डटे रहे

पटना, वरीय संवाददाता। पटना नगर निगम में हड़ताल के दूसरे दिन वीवीआईपी क्षेत्र को छोड़ दें तो सब्जी मंडियों में कचरे का अंबार लगना शुरू हो गया है। कचरे की बदबू से रास्ते पर चलना मुश्किल हो गया है। बारिश के कारण गंदगी सड़क पर फैलने लगी है। हालांकि कुछ मोहल्लों में कचरा वाहन गए। कुछ जगहों पर कूड़े का उठाव भी हुआ।

कंकड़बाग, अंटा घाट, राजेन्द्र नगर, मीठापुर, गर्दनीबाग सब्जी मंडियों का कूड़ा अब सड़क पर जमा होने लगा है। वहीं, डोर टू डोर वाहन बिना सफाई मजदूर के कई मोहल्लों में पहुंचा लेकिन वाहन चालकों को तेजी से वाहन चलाते हुए निकलना पड़ा। इस दौरान कई लोग अपने घरों का कूड़ा कचरा वाहन को नहीं दे पाए। हड़ताल के दौरान नगर निगम वैकल्पिक व्यवस्था की तो है लेकिन वो असरदार नहीं है। दरअसल, कूड़ा उठाने वाले सफाई मजदूर हड़ताल पर हैं।

बिहार लोकल बॉडीज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह ने एक बयान जारी कर कहा कि पटना नगर निगम सहित राज्य के अन्य नगर निकायों के करीब 40 हजार कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के दूसरे दिन भी डटे रहे। निकायों में अन्य कार्यों के अतिरिक्त सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से ठप रही। वर्षों से कार्यरत दैनिक कर्मियों की सेवा को नियमित किए जाने एवं बिहार नगर पालिका अधिनियम- 2007 में नगर निकायों की स्वायत्तता समाप्त करने संबंधी संशोधन को जबतक रद्द नहीं किया जाता, तबतक हड़ताल जारी रहेगी। निकाय कर्मियों ने इस बार मन बना लिया है कि जब तक मुख्यमंत्री अथवा उप मुख्यमंत्री इसमें हस्तक्षेप नहीं करते हैं, तब तक किसी अन्य स्तर पर वार्ता नहीं होगी।

सफाई कर्मियों की हड़ताल से कंकड़बाग निगम कार्यालय के पास लगा कूड़े का ढेर।

नगर आयुक्त ने सफाई का लिया जायजा: नगर निगम के पदाधिकारियों द्वारा रविवार की रात निरीक्षण कर सफाई कार्य का जायजा लिया गया। शहर की प्रमुख सड़क अटल पथ, नेहरू मार्ग, गांधी मैदान, बोरिंग रोड, दिनकर गोलंबर, बाजार समिति, अशोक राजपथ एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों से कूड़ा उठाव किया जा रहा है। इसके साथ ही जेटिंग मशीन, स्प्रिंकलर आदि मशीनों द्वारा सड़कों की धुलाई कर शहर को स्वच्छ बनाया जा रहा है। नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर द्वारा स्वयं सफाई कार्य का जायजा लिया गया।

रविवार सुबह से ही सफाई व्यवस्था दूसरी पाली में पुनः शुरू हो गई, जिसमें डोर टू डोर वाहनो का परिचालन, जेसीबी द्वारा सार्वजनिक स्थलों से कूड़ा उठाव एवं मशीनों द्वारा सड़कों की सफाई सहित निगम की नियमित सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चली।

सूबे में 167 नये कोरोना संक्रमितों की हुई पहचान

पटना। बिहार में कोरोना के नये संक्रमण के लगातार मिल रहे मामलों के बावजूद स्वस्थ होने वालों की संख्या भी अधिक रह रही है। रविवार को राज्य में 167 नये कोरोना संक्रमित मिले, वहीं 162 संक्रमित इलाज के बाद स्वस्थ हो गए। पिछले 24 घंटे में राज्य में 1 लाख 15 हजार 73 सैंपल की कोरोना जांच की गयी और संक्रमण दर 0.14 रही, जबकि संक्रमितों के स्वस्थ होने की दर 98.45 प्रतिशत रही। राज्य में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 845 से 850 हो गयी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पटना में 58 नये कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए। भागलपुर में 14, गया में 16, सहरसा में 13 नये मामले पाए गए। बक्सर, कैमूर, खगड़िया, किशनगंज, नालंदा, समस्तीपुर, शिवहर, सुपौल एवं पश्चिमी चंपारण में कोरोना के एक भी नये मामले नहीं मिले।

छापेमारी करने गई पुलिस पर हमला, एएसआई जख्मी

चितकोहरा

11 पर नामजद और 25 से 30 अज्ञातों पर केस दर्ज

- महिला से मारपीट मामले में छानबीन करने गई थी पुलिस
- असामाजिक तत्वों ने रोड़ेबाजी की, कई थानों की पुलिस पहुंची

पटना, वरीय संवाददाता। महिला को मारपीट करने के मामले की छानबीन करने गयी पुलिस पर दर्जनों असमाजिक तत्वों ने हमला बोल दिया। यह घटना बीते शनिवार को सचिवालय थाना इलाके के नीचे स्थित झोपड़पट्टी के समीप हुई। इस दौरान सचिवालय थाने के एएसआई रामखरेखा सिंह सहित तीन जवान घायल हो गये।

एएसआई का ईलाज गर्दनीबाग अस्पताल में करवाया गया है। इधर, पुलिस पर रोड़ेबाजी और हमला की सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त बल को मौके पर बुलाया गया। कई थानों की पुलिस भी वहां पहुंच गयी। इसके बाद किसी तरह मामला शांत हो सका। रोड़ेबाजी और पुलिस पर हमला करने के मामले में शकीना नाम की महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं 11 पर नामजद और 25 से 30 अज्ञातों पर केस दर्ज हुआ है।

दरअसल पुलिस को खबर मिली थी कि दुर्गा देवी के साथ उसका पति छोटू नट, देवर उमेश नट व अन्य लोग मारपीट कर रहे हैं। इस मामले की छानबीन करने गयती गाड़ी पर सवार एएसआई रामरेखा सिंह चितकोहरा पुल के नीचे पहुंचे। एएसआई ने आरोपित से पूछताछ करनी चाही तभी वहां मौजूद कुछ लोगों ने गश्ती गाड़ी पर पथराव कर दिया। आरोपित को भी पुलिस से छुड़ाकर असमाजिक तत्व वहां से ले गये। पुलिस टीम रोड़ेबाजी के मामले में अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है।

निजी कंपनी के अधिकारी के घर छह लाख की चोरी

पटना। चोरों ने एक निजी कंपनी के अधिकारी के घर से लाखों के सामान उड़ा लिये। घटना पाटलिपुत्र थाना इलाके के महेश नगर रोड नंबर तीन स्थित निर्मला कुंज अपार्टमेंट के पहले तल्ले पर स्थित फ्लैट में हुई। इसी जगह निजी कंपनी के अधिकारी अभिषेक प्रसाद रहते हैं। चोर उनके घर से जेवरात, घड़ी व अन्य कीमती सामान लेकर जूते तक अपने साथ ले गये।

छह लाख रुपये की संपत्ति पर चोरों ने हाथ साफ किया है। पीड़ित ने बताया कि वे बिहार से बाहर हैं। पड़ोसियों ने फोन कर फ्लैट का ताला टूटे होने की जानकारी दी। चोरी की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पाटलिपुत्र थाने की पुलिस ने अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला तो उसमें चोरों की तस्वीर कैद मिली। बरहाल, पुलिस टीम चोरों की पहचान कर उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

मेट्रो कैंप दफ्तर : डकैती मामले में छापेमारी

पटना। बुद्धा कॉलोनी थाना इलाके में स्थित मेट्रो कैंप के दफ्तर में हुई डकैती मामले में पुलिस ने दियारा इलाके में छापेमारी की है। इस दौरान पुलिस टीम ने एक दर्जन नाविकों से भी पूछताछ की। सब्बलपुर, तेरसिया, राघोपुर का फतेपुर सहित अन्य इलाके के कई लुटेरा गिरोह पटना पुलिस की रडार पर है।

सारण और वैशाली पुलिस की मदद भी ली जा रही है। सूत्रों के मुताबिक नाविकों से हुई पूछताछ में पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस घटना में डकैतों के लिये किसी ने लाइनर का काम किया है या नहीं? लूटे गए मोबाइल से भी कुछजानकारी मिल सकती है। बीते शुक्रवार की देर रात बुद्धा कॉलोनी थाना इलाके के राजापुर पुल गेट नंबर 21 से दो किमी अंदर गंगा किनारे बने मेट्रो कैंप दफ्तर में डकैती हुई।

एटीएम कार्ड फंसा 1.9 लाख उड़ाये

पटना। साइबर अपराधियों ने श्रीकृष्णापुरी थाना के नेहरु नगर की रहने वाली बुजुर्ग महिला तारा गिरी का एटीएम कार्ड फंसाकर एक लाख 9 हजार पांच सौ रुपये उड़ा लिये। इस बाबत महिला ने श्रीकृष्णापुरी थाना में केस दर्ज करवाया है।

पीड़ित महिला का खाता स्टेट बैंक में है। वह बीते 25 अगस्त को एटीएम कार्ड से रुपये निकालने के लिए एएन कॉलेज के सामने स्थित एचडीएफसी के एटीएम में गई थीं। रुपये निकालने के दौरान उनका कार्ड एटीएम मशीन में फंस गया। काफी देर तक कार्ड निकलने की प्रतीक्षा करती रहीं, लेकिन जब कार्ड नहीं निकला तो वह एचडीएफसी बैंक के शाखा में गईं। उसी दौरान उनके मोबाइल पर मैसेज आया कि उनके खाता से रुपये की निकासी हुई है। यह देख महिला परेशान हो गई। इधर, बैंक की एक तकनीकी सेल की टीम एटीएम मशीन पर पहुंची। जब मशीन को चेक किया गया तो चला कि महिला के जाने से पूर्व एटीएम के साथ किसी ने छेड़छाड़ की थी।

आईआईटी व सीआईएमपी के सहयोग से शुरू हो रहे नये पाठ्यक्रम

नये कोर्स से कई क्षेत्रों में होंगे रोजगार के अवसर

पहल

250 छात्रों का दाखिला होगा हर पाठ्यक्रम में

15 सौ होगी एक वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या

- जल्द ही नामांकन प्रक्रिया से जुड़ी सूचनाएं संस्थानों की ओर से जारी होंगी

दाखिला इन माध्यमों से
जेईई मेन, सीयूसीईटी, एनटीएसई, केवीआईपी, इंस्पायर, स्टेट लेवल एंट्रेंस, आईआईटीपी-एसएटी व अन्य

कंप्यूटर सांइस से जुड़े होंगे ये तीन कोर्स
- बीएससी (ऑनर्स) कंप्यूटर साइंस एंड डेटा एनालिस्ट
- बीएससी (ऑनर्स) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड साइबर सिक्यूरिटी
- बीएससी (ऑनर्स) गणित और कंप्यूटर विज्ञान

बिजनेस मैनेजमेंट से जुड़े हैं ये तीन कोर्स
- बीएससी (ऑनर्स) लेखा और वित्तीय प्रबंधन
- बीएससी (ऑनर्स) बिजनेस मैनेजमेंट एंड एनालिटिक्स
- बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक

पटना, मुख्य संवाददाता। आईआईटी पटना और सीआईएमपी द्वारा तैयार स्नातकस्तरीय छह नये पाठ्यक्रमों की वैश्विक मान्यता होगी। दोनों संस्थानों के विशेषज्ञों ने इस पाठ्यक्रम को तैयार करने में अंतरराष्ट्रीय मानकों को आधार बनाया है। देश भर में इस तरह का यह पहला पाठ्यक्रम होगा, जिसमें पढ़ाई करने के बाद वैश्विक स्तर पर मान्यता होगी। साथ ही रोजगार के अवसर भी होंगे। इन पाठ्यक्रमों को तैयार करते समय वही मानक अपनाए गए हैं, जिससे यूएसए की सीमा, ब्रिटेन की सीपीए और यूरोप की एसीसीए ने निर्धारित किये हैं।

यानी संस्थानद्वय द्वारा विकसित इन पाठ्यक्रमों के तहत पढ़ाई पूरी करने के बाद अगर वैश्विक स्तर पर काम करने का मौका मिले तो छात्रों को अभी की परिस्थिति में यूएस, ब्रिटेन या यूरोप के इन पाठ्यक्रमों को अलग से करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जल्द ही नामांकन प्रक्रिया से जुड़ी सूचनाएं संस्थानों द्वारा जारी की जाएगी।

सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह ने बताया कि छात्रों के प्लेसमेंट को सुनिश्चित करने के लिये आज की औद्योगिक जरूरतों के अनुसार इन कोर्स को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। फिनांस, डेटा साइंस, कंस्लटिंग इंडस्ट्री, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग जैसे क्षेत्र में जॉब सुनिश्चित हो सकेगा। आईआईटी पटना के अकादमिक संकायाध्यक्ष प्रो. एके ठाकुर ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्यूरिटी, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग आदि उभरते क्षेत्र में भी छात्रों को नौकरियां मिल सकेंगी। जल्द ही शुरू होने वाले ये तीन पाठ्यक्रम कंप्यूटर साइंस से जुड़े होंगे जबकि तीन पाठ्यक्रम बिजनेस मैनेजमेंट के हैं। हर पाठ्यक्रम में कुल 250 छात्रों का दाखिला होगा। इस तरह एक वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या छह अकादमिक प्रोग्राम को मिलाकर कुल 1500 होगी।

राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ की ओर से रविवार को अटल सभागार में पुरस्कृत खिलाड़ी।

भाजपा खेल प्रकोष्ठ ने 173 खिलाड़ियों को सम्मानित किया

- राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर समारोह
- सम्मान से बढ़ेगा खिलाड़ियों का मनोबल

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश मुख्यालय के अटल सभागार में खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। खिलाड़ी सम्मान समारोह में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा तथा विप में विपक्ष के नेता सम्राट चौधरी द्वारा 49 खेलों के 173 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू ने संचालन किया, जबकि विधायक मुरारी मोहन झा, मुख्यालय प्रभारी सुरेश रुंगटा आदि मंचस्थ रहे।

मौके पर नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इस सम्मान समारोह से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और वो आने वाले दिनों में सभी अपने खेलों का और बेहतरीन प्रदर्शन कर पाएंगे। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन कर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने यह साबित कर दिया की भाजपा सभी वर्ग को साथ ले कर चलती है। स्वागत भाषण धीरेंद्र सिन्हा, धन्यवाद ज्ञापन समृद्ध वर्मा एवं मंच संचालन प्रदेश प्रवक्ता आनंद सिन्हा द्वारा किया गया।

पूर्व रणजी खिलाड़ी हुए सम्मानित

पटना। अंशुल होम्स की ओर से पूर्व रणजी खिलाड़ी सम्मान समारोह में 31 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बिहार के उद्योग मंत्री समीर महासेठ,राजद के वरीय नेता शिवचंद्र राम, बिहार प्लेयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी आदि थे। अतिथियों का स्वागत अंशुल होम्स के निदेशक राहुल सिंह व पटना जिला क्रिकेट संघ के पूर्व संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह ने शॉल व मोमेंटो देकर किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक रूपक कुमार ने किया। सम्मान पाने वाले खिलाड़ियों में तरुण कुमार, सुनील कुमार, राम कुमार, राजू, पवन कुमार, सुनील सिंह, अनंत प्रकाश आदि थे।

शहर 30s

छोटी पटनदेवी में लगेगा सवामनी छप्पन भोग

पटना। शक्तिपीठ श्री छोटी पटनदेवी के दरबार में शारदीय नवरात्रि और महानवमी को माता रानी के सवामनी छप्पन भोग सेवा आयोजित होगी। इसकी तैयारियों के लिए पीठाचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी के मार्गदर्शन में श्री पटनदेवी जी गौ मानस सेवा संस्थानम के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को हुई। अध्यक्षता बाबा विवेक द्विवेदी ने की।

गीता का ज्ञान हर मनुष्य के लिए आवश्यक

पटना। बिहार विधान परिषद में प्रतिपक्ष के नेता सम्राट चौधरी ने कहा है कि श्रीमद्भगवदगीता का ज्ञान हर मनुष्य के जीवन के लिए आवश्यक है। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव कुमार मिश्र ने गीता प्रेस, गोरखपुर द्वारा प्रकाशित श्रीमद्भगवदगीता सम्मान के रूप में उन्हें सप्रेम भेंट की। मौके पर सम्राट चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गीता का स्थान सर्वोच्च है।

अनुदेशक संघ के अध्यक्ष बने संजीव

पटना। पटना जिला शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक संघ का गठन किया गया है। संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार बनाये गये हैं। संघ के सचिव राकेश रंजन कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार बने हैं। वहीं उपाध्यक्ष अमित कुमार, रामजी कुमार प्रियदर्शी, संध्या कुमारी, कुमकुम कुमार बनी हैं। चुनाव संघ के उदय कुमार, रवि कुमार, ऋषि यादव एवं गौरव राज के दिशा निर्देश में संपन्न हुआ।

चित्रगुप्त प्रतिमाओं का होगा सामूहिक विसर्जन

पटना। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक रविवार को सहाय सदन में हुई। इसमें चित्रगुप्त प्रतिमाओं के सामूहिक विसर्जन का निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा ने सामूहिक विसर्जन समिति की घोषणा की। सामूहिक विसर्जन के लिए संयोजक मनहर कृष्ण अतुल को बनाया गया है।

जैन मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर लगा

पटना। पाटलिपुत्र दिगम्बर जैन समिति के पूर्व मंत्री कैलाश चंद्र पांडया की प्रथम पुण्यतिथि पर जैन मंदिर परिसर में मां ब्लड सेंटर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। मौके पर पद्मश्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, डॉ. ओमप्रकाश चौधरी, डॉ. बृजमोहन सिंह, डॉ. सुनील अग्रवाल आदि ने स्व. कैलाश चंद्र को श्रद्धांजलि दी। मां ब्लड सेंटर के संस्थापक मुकेश हिसारिया ने शिविर की सराहना की।

श्रीकृष्ण चेतना समिति की कार्यकारिणी की बैठक

पटना। श्रीकृष्ण चेतना समिति के कार्यकारिणी की बैठक रविवार को कपिलदेव प्रसाद यादव की अध्यक्षता में हनुमान नगर स्थित उनके आवास पर हुई। इसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष भी गोवर्द्धन पूजा समारोह के आयोजन का निर्णय लिया गया। पूजा की रूपरेखा तैयार करने के लिए समिति की तरफ से हिमांशु प्रकाश यादव को अधिकृत किया गया।

दादीजी मंदिर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

व्यायाम से दूर रहने से जोड़ों की समस्याएं बढ़ीं

पटना। अग्रभारत फाउंडेशन की ओर से रविवार को दादी जी मंदिर में आयोजित वृहत हड्डी व चर्म रोग जांच शिविर में 300 लोगों की जांच हुई। डॉ. विवेक शंकर, डॉ. निपुण राणा, डॉ. विकास ने मरीजों की जांच की। मौके पर फाउंडेशन के संरक्षक गणेश खेतरीवाल, डॉ. आनंद, लक्ष्मीनारायण टेकरीवाल, गोपाल झुनझुनवाला, गोपाल मित्तल, एमपी जैन, आलोक स्वरूप आदि थे।

ब्लड कैंसर की नई तकनीक पर हुई चर्चा

पटना। अधिक आयु में ब्लड कैंसर (सीएमएल) के प्रबंधन में खास सावधानी बरतनी होती है। कई ऐसी दवाइयां आई हैं, जिनसे जीवन को बढ़ाया जा सकता है। ये बातें भुवनेश्वर से आये वरिष्ठ रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके जेना ने रक्त रोग विशेषज्ञों के सम्मेलन रक्त विज्ञान-4 के दूसरे दिन कहीं। मौके पर डॉ. अविनाश कुमार सिंह, डॉ. शुभ्र नील बाऊल,डॉ. संजीव आदि ने भी विचार रखे।

सुमी फिल्म का दर्शकों ने उठाया आनंद

पटना। बिहार संग्रहालय के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले प्रत्येक रविवार के कार्यक्रमों में सुमी फिल्म दिखाया गया। इस कार्यक्रम में फिल्म के लेखक संजीव कुमार झा, सचिव कला, संस्कृति युवा विभाग के जतिन दास और अंजनी कुमार सिंह महानिदेशक बिहार संग्रहालय मौजूद थे।

50 मीटर रेस में आदित्य और हरेराम विजेता

पटना। राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन रविवार को किलकारी परिसर में किया गया। इस मौके पर 50 मीटर रेस के अंडर-10 में आदित्य रंजन तो 50 मीटर रेस में अंडर-13 में हरेराम कुमार प्रथम आए। रिले रेस में बालक वर्ग में दीपक कुमार व धीरज प्रथम और बालिका वर्ग में जूली कुमारी व प्रगति प्रांजल प्रथम आयीं। स्पून रेस में बालक वर्ग में आशीष राज और निक्की राज प्रथम आयीं।

तारामंडल सभागार में आयोजित मल्हार उत्सव में सांसद शत्रुघ्न सिन्हा, राज्य सभा सदस्य आर के सिन्हा व शिवानंद तिवारी।

'मल्हार उत्सव बरखा ऋतु आई' में झूमे संगीत प्रेमी

पटना। नवरस स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की ओर रविवार को तारामंडल ऑडिटोरियम में मल्हार उत्सव बरखा ऋतु आई का आयोजन किया गया। संस्था के सचिव डॉ. अजीत प्रधान ने अतिथियों व कलाकारों का स्वागत किया। मौके पर राजश्री पाठक, पं. धर्मनाथ मिश्रा, पं. मिथलेश झा, सौमित्र आदि थे।

72 हजार स्कूलों का जिम्मा 17 अफसरों को

अनदेखी

- बीईपी ने बनाये नोडल अफसर, किसी को दो तो किसी को 3 जिले का प्रभार
- समग्र शिक्षा की योजनाओं का क्रियान्वयन और निगरानी इन्हीं के जिम्मे

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। राज्य के तकरीबन 72 हजार प्रारंभिक विद्यालयों के बेहतर तथा गुणवत्तापूर्ण संचालन का जिम्मा राज्य मुख्यालय स्तर के 17 अफसरों को सौंपा है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना पदाधिकारी असंगबा चुबा आओ ने इन्हें जिलों का नोडल पदाधिकारी बनाते हुए अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया है।

ये अफसर नियमित तौर पर अपने प्रभार के जिलों में जाएंगे और जिला स्तरीय कार्यालयों की क्रय समिति के अनुपालन में बतौर बीईपी एसपीडी प्रतिनिधि की भूमिका निभाएंगे। बिहार राज्य शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा ही राज्य में समग्र शिक्षा का संचालन किया जाता है। इसकी योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर वित्तीय अनुशासन तक का जिम्मा नोडल अफसरों के कंधों पर होगा।

दरअसल, बीईपी ने पहले से ही जिलेवार पदाधिकारी नामित कर रखा था लेकिन जून के अंत में बिहार शिक्षा सेवा के बड़ी संख्या में पदाधिकारियों के तबादले हुए हैं। इनमें बीईपी से भी कई पुराने अफसर कहीं और गये तथा कुछ नए अफसर बीईपी में आये। ऐसे में निदेशक द्वारा जिम्मेवारी पुनर्निर्धारित की गई है। ये अफसर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा शिक्षा तथा शिक्षण के उन्नयन के लिए संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के साथ ही इनकी मॉनिटरिंग भी करेंगे।

निदेशक ने अपर राज्य परियोजना निदेशकों, रविशंकर सिंह को रोहतास एवं कैमूर जबकि किरण कुमारी को समस्तीपुर एवं वैशाली का प्रभार दिया है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारियों में रश्मि रेखा को नालंदा एवं नवादा, लालिमा को अरवल एवं पटना, मो. असगर अली को पूर्वी-पश्चिमी चंपारण तथा मुजफ्फरपुर, मो. इम्त्याज आलम को पूर्णिया एवं कटिहार, कुमार अरविंद सिन्हा को भोजपुर एवं बक्सर, असैनिक कार्य प्रबंधक भोला प्रसाद सिंह को बेगूसराय एवं खगड़िया, मुख्य लेखा पदाधिकारी रमण कुमार को सीतामढ़ी एवं शिवहर, अपर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभात किशोर को लखीसराय एवं शेखपुरा, उदय कुमार को मुंगेर एवं जमुई, शाहिद मोबीन को सीवान, गोपालगंज, सारण, जितेन्द्र पासवान को भागलपुर व बांका, शुंभू प्रसाद को जहानाबाद, गया, औरंगाबाद, प्र''ाद प्रसाद गुप्ता को सुपौल, मधेपुरा, सहरसा, विजय कुमार तरुण को अररिया एवं किशनगंज तथा शशिभूषण गुप्ता को मधुबनी एवं दरभंगा का जिम्मा दिया गया है।

बिहार के 60 फीसदी स्कूलों में नहीं हैं खेल के मैदान

पटना, वरीय संवाददाता। बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खेल बहुत जरूरी है लेकिन राज्य के सैकड़ों स्कूल हैं, जहां पर खेल के मैदान ही नहीं हैं। यू-डायस रिपोर्ट की मानें तो राज्य के कुल 75462 स्कूलों में 42689 स्कूल ऐसे हैं, जहां पर खेल का मैदान नहीं है।

राज्यभर में मात्र 32773 स्कूलों में ही खेल का मैदान है। यानी राज्य के 60 फीसदी के लगभग स्कूलों में खेल के मैदान नहीं हैं। वहीं पटना जिले की बात करें तो 5345 स्कूलों में 3002 स्कूलों में खेल के मैदान नहीं हैं। यह स्थिति प्रारंभिक, मध्य, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक सभी स्कूलों की है।

कोई गतिविधि नहीं होती

इतना ही नहीं जिन स्कूलों के पास खेल के मैदान हैं वे अतिक्रमित हैं। इसमें पटना हाईस्कूल, शास्त्रीनगर बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, पटना कॉलेजिएट हाईस्कूल, गर्दनीबाग बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मिलर हाईस्कूल आदि शामिल हैं। इन के पास बड़ा मैदान है पर गतिविधि नहीं होती है। वहीं, पटना कॉलेजिएट हाईस्कूल के खेल मैदान को स्थानीय लोगों ने रास्ता बना लिया है। राजेंद्रनगर बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल के खेल मैदान में स्थानीय घरों के नाले का पानी आता रहता है।

रोबोट से घुटने की सर्जरी करते डॉक्टर आशीष सिंह और अन्य।

दो लोगों के घुटने की हुई रोबोटिक विधि से सर्जरी

पटना, प्रधान संवाददाता। दो दिवसीय अनूप मास्टर्स कोर्स (एएमसी) के दूसरे दिन दो मरीजों के घुटने का प्रत्यारोपण हुआ। इनमें से एक प्रत्यारोपण पटना के अनूप मेमोरियल अस्पताल के निदेशक व ऑर्थोस्कोपिक सर्जन डॉ. आशीष सिंह ने रोबोटिक विधि से जबकि दूसरा कोलकाता के एक डॉक्टर ने किया।

डॉ. आशीष ने बताया कि दोनों सर्जरी का लाइव प्रसारण कोर्स में शामिल 250 हड्डी रोग विशेषज्ञों ने देखा और इसकी सराहना की। बताया कि बिहार में रविवार को उनके रोबोट की दूसरी वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर उनके द्वारा यह 502वां सफल ऑपरेशन किया गया। बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन और अनूप इंस्टीट्यूट ऑफ आर्थोपेडिक्स द्वारा आयोजित इस मास्टर्स कोर्स को विशेषज्ञों ने काफी सफल बताया। पद्मश्री डॉ. आरएन सिंह, एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. भरत सिंह, डॉ. महेश प्रसाद, डॉ. अमूल्य सिंह ने कहा कि इस आयोजन से नए डॉक्टरों को भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। इसमें डॉक्टरों को रोबोट से सर्जरी की प्रैक्टिस भी कराई गई। कार्यक्रम में दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, आदि जगहों सें 250 से अधिक डॉक्टर शामिल हुए।

नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में ऑप्टोमेट्रिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका

पटना। बिहार ऑप्टोमेट्री एसोसिएशन का प्रथम अधिवेशन रविवार को बेली रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित हुआ। इसका उद्घाटन स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.एसएन सिन्हा, आर्यभट्ट नॉलेज विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राकेश कुमार सिंह, पालीगंज के विधायक डॉ. संदीप सौरभ और इंडियन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुबोध दीक्षित ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

अधिवेशन को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. एसएन सिन्हा ने कहा कि ऑप्टोमेट्रिस्ट वास्तव में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं और मैं बहुत जल्द ऑप्टोमेट्री की शिक्षा में गुणात्मक सुधार करवाने हेतु प्रयास करूंगा। विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि ऑप्टोमेट्री के उत्थान के लिए जो भी काम किए जायेगा उसमें मैं पूर्ण सहयोग दूंगा। कार्यक्रम में डॉ. सुबोध दीक्षित, डॉ. राजीव प्रसाद, मो. मसिहजमन, डॉ. विश्वजीत मंडल, डॉ. रवीन्द्र पांडेय, रंजय कुमार, डॉ. नूरूज जमान, डॉ. अजीत कुमार, पवन कुमार सिन्हा, राजेश झा, सोनू कुमार, जयंत झा, मनीष कुमार, चंदन आदि थे।

बेली रोड में रविवार को इंदिरा आईवीएफ की नई शाखा का उद्घाटन करते वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी व अन्य।

वैज्ञानिक युग में आईवीएफ की मांग बढ़ी

पटना। निःसंतानता के कारण हजारों दंपत्तियों को समाज में बहुत कुछ सुनना पड़ता है। इस वैज्ञानिक युग में भी हजारों दंपती जानकारी के अभाव में परेशान रहते हैं। ऐसे में आईवीएफ जो कार्य कर रहा है वह सराहनीय है। यह कहना वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी का। रविवार को वे राजा बाजार स्थित पिल्लर संख्या 28 के पास इंदिरा आईवीएफ के नए सेंटर के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे।

इंदिरा आईवीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अजय मुर्डिया ने कहा कि 2025 तक 200 से अधिक सेंटर शुरू करने का लक्ष्य है। साथ ही टीयर टू और टीयर थ्री शहरों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पिछले कुछ वर्षों में निःसंतानता के उपचार के लिए आईवीएफ की मांग काफी बढ़ी है।

ग्रुप के सीईओ और सह संस्थापक डॉ. क्षितिज मुर्डिया ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार, भारत में 10-15 प्रतिशत दंपत्तियों को फर्टिलिटी से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हाइपरटेंशन, हाई ब्लड ग्लूकोज़ लेवल वाले लोगों की बढ़ती संख्या और राज्य में तंबाकू की खपत से प्रजनन क्षमता प्रभावित होती है। सेंटर हेड डॉ. दयानिधि ने कहा कि आईवीएफ को लेकर लोगों में गलतधारणा व्याप्त है कि इससे जन्म लेने वाली संतान नॉर्मल नहीं होती है। जबकि सच ये है कि आईवीएफ बेबी भी प्राकृतिक गर्भधारण से जन्मे बच्चों की तरह सामान्य होते हैं। आज के समय में अधिक उम्र में भी गर्भधारण किया जा सकता है। बिहार में हमारे सभी सेंटर से 12 हजार सफल आईवीएफ किये जा चुके हैं।

जागरूकता | हृदय रोग विशेषज्ञ सह आईजीआईएमएस के डॉ. रवि विष्णु प्रसाद ने हिन्दुस्तान के पाठकों को दी सलाह , कहा-छह महीने में एक बार पेसमेकर की बैटरी जांच कराएं

हृदय रोग से बचाव को बीपी, शुगर और कॉलेस्ट्रॉल पर नियंत्रण जरूरी

डॉक्टर की सलाह

पटना। उच्च रक्तचाप, शुगर और अनियंत्रित कॉलेस्ट्रॉल हृदय रोग का बड़ा कारण होता है। अनियमित जीवनशैली और खान-पान की गलत आदतों के कारण युवाओं में भी बीपी-शुगर का प्रकोप बढ़ा है। मोटापा, अधिक वजन, तनाव, धूम्रपान और नशा, फास्ट फूड के कारण अब कम आयु के लोग भी हृदय रोग से पीड़ित हो रहे हैं।

अतः अब 40 साल से अधिक आयु हो तो एक बार हृदय संबंधी जांच जिसमें बीपी, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी और ईको जरूर करा लेना चाहिए। वहीं चलने, दौड़ने, अथवा सीढ़ियां चढने पर दम फूल, सीने में जलन अथवा दर्द हो तो इसे हल्के में ना लें। डॉक्टर से मिलकर टीएमटी, टेस्ट भी जरूर कराएं। किसी को स्टेंट लगा है और लगने के कुछ वर्षों बाद दोबार सीने में दर्द होने लगे तो एंजियोग्राफी जांच करानी चाहिए। हो सकता है कि बीमारी किसी और जगह पर भी हो गई हो। स्टेंट लगे लोगों को जीवन भर खून पतला करने की दवा लेनी पड़ती है। दवा का डोज कम या अधिक हो सकता है। अतः बिना डॉक्टर के सलाह के दवा बंद नहीं करना चाहिए। ये सलाह हृदय रोग विशेषज्ञ सह आईजीआईएमएस के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. रवि विष्णु प्रसाद ने हिन्दुस्तान के पाठकों को फोन पर दी। कहा कि यदि किसी को पेसमेकर लगा हो तो प्रत्येक छह महीने में एक बार उसकी बैटरी की जांच कराएं। पेसमेकर लगे लोग एमआरआई कराने से पहले यह सुनिश्चित करा लें कि पेसमेकर एमआरआई युक्त है अथवा नहीं।

डॉ. रवि विष्णु प्रसाद।

सवाल- हृदय रोग और बीपी की दवा खाते हैं। डायबिटीज भी है। दवा खाने के बावजूद बीपी हमेशा बढ़ा रहता है। - सीताराम सिंह, महनार।
सलाह- अपने चिकित्सक से मिलकर बीपी की दवा एडजस्ट कराएं। नियमित रूप से पैदल टहलें, शुगर को नियंत्रित रखें।

सवाल: छोटी बात पर भी बहुत घबराहट होती है। धड़कन बार-बार तेज हो जाती है। - हरदेव महतो, बेगुसराय।
सलाह- ईसीजी और ईको कराकर एक बार विशेषज्ञ चिकित्सक से जांच लें। योगा और प्राणायाम करें।

सवाल- सीढ़ी पर चढ़ने, तेज पैदल चलने, दौड़ने पर छाती के बीच में जलन व हल्का होने लगता है। - शंभू कुमार, खगड़िया।
सलाह- चलने अथवा सीढ़ी चढ़ने पर छाती में जल अथवा दर्द हो तो इसे हल्के में ना लें। ईसीजी, ईको व टीएमटी जांच कराएं।

सवाल- छाती के बायीं ओर दर्द रहता है। भारीपन महसूस होता है। - सच्चिदानंद गुप्ता, पटना।
सलाह- 40 वर्ष से ज्यादा उम्र है। इस उम्र में इस प्रकार का दर्द हो तो एक बार ईसीजी, ईको, कॉलेस्ट्रॉल की जांच कराएं।

सवाल- अचानक दिल की धड़कन तेज हो जाती है। - बबीता देवी, मधेपुरा।
सलाह- कभी कभी एंजाइटी के कारण भी घबराहट और पसीना होता है। एक बार डॉक्टर से दिखाकर जांच करा लीजिए।

अन्य महत्वपूर्ण सलाह
- छोटे बच्चों के दिल में छेद उम्र बढ़ने के साथ कई बार भर जाता है। अब बिना चीर-फाड़ के ऑपरेशन की भी सुविधा है।
- रात में खाना कम खाएं। वजन को नियंत्रित रखें।
- सुबह में 40 मिनट तेज पैदल चाल, नियमित व्यायाम करें
- फास्ट फूड,तला-भूना, अत्यधिक मांसाहार से बचें, मोटापा व वजन को नियंत्रित रखें

इन्होंने पूछे सवाल : आरा से लालबिहारी सिंह, पटना से चिंतामणि देवी, सुपौल से राधे, भागलपुर से एसएस रजा, मुजफ्फरपुर से मिथिलेश, किशोरी प्र. यादव, बक्सर से राहुल, गोपालजी सम्राट, सीवान से अजय, झाझा से अर्जुन केसरी, गया से संजय, वैशाली से नीतेश, वैशाली से श्यामकिशोर, छपरा से एसएन यादव।

फैसला : बीएड स्पेशल और बीएड दोनों डिग्री एक समान

हि विशेष

01 लाख युवाओं को इससे होगा फायदा

■ **प्रभात कुमार**

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने अपने महत्पवूर्ण फैसले में कहा है कि बीएड स्पेशल और बीएड दोनों डिग्री एक समान है। न्यायाधिकरण ने यह फैसला देते हुए कहा कि ऐसे में बीएड स्पेशल डिग्री धारक भी सामान्य शिक्षक बनने के योग्य हैं।

न्यायाधिकरण के इस फैसले से देशभर के बीएड स्पेशल डिग्री धारक करीब एक लाख युवाओं विशेष शिक्षक बनने के साथ-साथ अब उनके लिए समान्य शिक्षक बनने के रास्ते खुल सकते हैं। न्यायाधिकरण के सदस्य जस्टिस आर.एन. सिंह और तरुण श्रीधर की पीठ ने दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) के उस निर्णय को रद्द कर दिया है जिसमें उमा रानी को शिक्षक (टीजीटी हिंदी) के लिए आयोग्य ठहरा दिया था।

पीठ ने सभी तथ्यों पर विचार करते हुए कहा कि बीएड स्पेशल और बीएड दोनों डिग्री एक समान है, ऐसे में याचिकाकर्ता महिला को टीजीटी हिंदी यानी समान्य शिक्षक बनने के लिए अयोग्य नहीं ठहरा सकते हैं। पीठ ने कहा, यदि महिला सफल हुई है तो उसे नियुक्त करें।

पटना सिटी स्थित कार शोरूम में नाइट गार्ड की हत्या कर नौ लाख रुपए लूटे थे

खुलासा: शोरूम का वाशरमैन ही निकला लाइनर, दस गिरफ्तार

पटना सिटी, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि। नौ अगस्त की रात मालसलामी थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास स्थित कार शोरूम बुद्धा टोयटा में घुसकर नौ लाख रुपए का डाका डालने और गार्ड की हत्या करने वाले दस अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

इस गिरोह के लोग मालसलामी में फिर से बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस ने यह खुलासा किया है कि बुद्धा टोयटा में हुई घटना में पूर्व में वहां वाशरमैन का काम करने वाला मनीष ही लाइनर था। उसे भी पकड़ लिया गया। मनीष ने पहले ही व्यवसायिक प्रतिष्ठान की रेकी कर अपराधियों को जानकारी दे दी थी। मालसलामी थानेदार प्रमोद कुमार ने बताया कि 10 जुलाई को भी अपराधियों ने डकैती की कोशिश की थी, लेकिन उस वक्त गार्ड के शोर-शराबा करने पर अपराधी कुछ सामान लेकर भाग निकले थे। इस बाबत चोरी का केस दर्ज हुआ था। दोबारा 28 जुलाई को अपराधियों ने शोरूम की रेकी की थी। इधर, शनिवार की देर रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मालसलामी

कार शो रूम में लूटपाट में गिरफ्तार अपराधियों की जानकारी देते एसएसपी एमएस ढिल्लों।

03 पिस्टल, छह कारतूस व तीन बड़ा चाकू बरामद

02 लाख तेरह हजार रुपये भी पुलिस ने जब्त कर लिये

- बदमाशों ने डाका की बात स्वीकारी, कई प्रतिष्ठान थे रडार पर
- घटना को अंजाम देने के बाद दियारा क्षेत्र में ठिकाना बना लेते थे

थाना क्षेत्र के सरिया प्लांट के पास अपराधी किसी घटना को अंजाम देने वाले हैं। उसी जगह घेराबंदी कर विशेष टीम ने डकैतों को गिरफ्तार कर लिया। अपराधियों के पास से तीन देसी पिस्टल, छह जिन्दा कारतूस और तीन बड़ा चाकू के अलावा लूटी गयी रकम में से 2.13 लाख रुपये बरामद किये गये हैं। अपराधी कई व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में डाका डालने की तैयारी में थे। इसी गैंग ने मालसलामी के व्यवसायी दिनेश भदानी की लूट के दौरान हत्या कर दी थी। इस गैंग के सदस्य बड़े व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कर्मी बनकर उसकी रेकी करते हैं, वहां की गतिविधि जानने के बाद वे अपने सरगना को खबर कर देते हैं। वहीं कई बार अपराधी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के कर्मियों को भी रुपये का लालच देकर उन्हें लाइनर बना लेते हैं। वे पिकअप वैन से घटना को अंजाम देने जाते हैं। डकैती का विरोध करने वाले की अपराधी हत्या तक कर डालते हैं। घटना को अंजाम देने के बाद डकैत दियारा क्षेत्र में पनाह लेते हैं। मनीष पासवान, मनीष कुमार, चन्दन कुमार उर्फ शेट्टी, सूरज कुमार, सतीश कुमार, सूरज कुमार, रंजीत कुमार, दीपक कुमार, राजा कुमार और जितेन्द्र कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आशियाना-हुंडई शोरुम में डकैती, जीटीएल इंफ्रा वेयर हाउस में डकैती, गोपालपुर स्थित स्पीडी जॉय ऑटो एजेंसी में लूट, गोपालपुर के श्री वत्स ई मोटर शोरुम में लूट और गौरीचक के काव्या इलेक्ट्रॉनिक्स में लूटपाट का खुलासा कर दिया गया।

तीन दुकानों में चोरों ने मचाया उत्पात

फुलवारीशरीफ। राष्ट्रीयगंज बिरला कॉलोनी मोड़ पर शनिवार की रात तीन दुकानों में सेंधमारी कर चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरी की घटना को अंजाम दुकान का करकट उखाड़ व दीवार में सेंधमारी कर दी गई।

घटना की जानकारी दुकानदारों को सुबह आने पर हुई, जिसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी। फुलवारीशरीफ पुलिस पूरे मामले की जांच कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगालकर चोरों को पहचान में जुटी हुई है। चोरों ने सबसे पहले आशीष कुमार के कम्प्यूटर सेल्स सर्विस दुकान से 40 हजार नकद, 32 हजार रुपये का सामान, मो. शमशेर की साइकिल दुकान से 8 हजार नकद व 40 हजार रुपये का सामान और अग्रहिन कुमार की भूजा दुकान से 12 सौ नकद चुरा लिये।

अपराधी दीपक को पुलिस ने धर दबोचा

नौबतपुर। नौबतपुर पुलिस ने शाहपुर पुलिस की मदद से अपराधी दीपक कुमार को शाहपुर थाना क्षेत्र के शिवाला मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी नौबतपुर थाने के टिल्लू टोला निवासी रामदीप राय के पुत्र दीपक कुमार के विरुद्ध शाहपुर, नौबतपुर, मनेर एवं दानापुर थाने में हत्या लूट सहित कई गंभीर आरोपों में मामला दर्ज है।

सिटी: श्री गुरुग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर सजा दीवान

गुरुद्वारा में गुरु ग्रंथ साहिब के पहले प्रकाश पर्व पर कीर्तन पेश करते रागी जत्था।

पटना सिटी। श्री गुरुग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व को लेकर गायघाट गुरुद्वारा में विशेष दीवान सजाया गया। जिसमें शबद कीर्तन, अरदास किए गए।

अखंड पाठ की समाप्ति के बाद कथा वाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह ने कथा कही। रागी जत्था भाई नविंदर सिंह, भाई जोगिंदर सिंह व जालंधर से आए भाई रजिंदर सिंह अरजानी ने शबद कीर्तन पेश कर संगत को निहाल किया। तख्त साहिब के अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी बलदेव सिंह ने विश्व शांति के लिए अरदास किया। संचालन वरीय मीत ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने किया। श्रद्धालुओं को शस्त्रों के दर्शन कराए गए। मौके पर गुरु का लंगर अटूट चला। वहीं दूसरी ओर गुरुवाणी प्रचार सेवा केंद्र में प्रो. लाल मोहर उपाध्याय द्वारा लिखित पुस्तिका आदि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की महिमा का विमोचन कमेटी के पूर्व महासचिव महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन ने किया।

हुसैन की शहादत पर निकला ताबूत

पटना सिटी। हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर रविवार को काठ का पुल स्थित इमामबाड़ा डॉ. सफदर अली खान में मजलिस का आयोजन किया गया। सोजखानी से शुरू हुए मजलिस में जरार हुसैन व शमीम अहमद ने सोजखानी पढ़ा तथा मर्सिया अख्तर हुसैन और अलविदाई डॉ. सिकंदर अली खान ने पढ़ा।

मौलाना मुजफ्फर रजा साहब ने तकरीर पेश करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत इंसानियत की रक्षा के लिए हुई। तकरीर के बाद हजरत इमाम हुसैन का ताबूत निकाला गया। जिसमें अंजुमन ए पतंजनी की ओर से नौहाखानी की गयी। संचालन सैयद मो. अली व सैयद अहमद अली ने किया। कार्यक्रम में चमडोरिया दरगाह के सचिव सैयद शाह जौहर इमाम जौनी, सरबर अली, अली हसन के अलावा विभिन्न जिलों से आए बड़ी संख्या में अकीदतमंद और स्थानीय लोग शामिल हुए।

नकाबपोश महिला ने एटीएम कार्ड बदल निकाले 20 हजार

दानापुर, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि। साइबर अपराधियों के गैंग में अब महिलाएं भी शामिल हो गईं, जो एटीएम से रुपए निकालने के दौरान भोले भाले लोगों का कार्ड बदल लेती है।

ऐसी ही एक महिला के झांसे में मैनपुरा निवासी रामजीवन प्रसाद आ गया। उसका एटीएम कार्ड बदल कर उसके खाते से तीन बार में 20500 रुपये निकाल लिये। इस बाबत ठगी का शिकार राम जीवन प्रसाद ने दानापुर थाने में लिखित शिकायत की है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

क्रेडिट कार्ड बंद कराने का झांसा देकर 48600 उड़ाये: दानापुर। साइबर अपराधियों ने क्रेडिट कार्ड बंद कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति से एक एपलोड करा लिया। उसके खाते से 48600 रुपये निकाल लिये। ठगी का शिकार कार्डधारी प्रतिमा कुमारी ने दानापुर थाने में लिखित शिकायत की है। बताया जाता है कि एसकेपुरम निवासी प्रतिमा कुमारी के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने क्रेडिट कार्ड बंद कराने के बारे में पूछा। कॉल करने वाले ने थर्ड पार्टी एप लोड करने को बोला। उसके झांसे में आकर प्रतिमा ने एप लोड कर ली। एप लोड करते ही उसके क्रेडिट कार्ड से 48600 रुपये निकाल लिया गये। स्थानीय पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

गांधी सेतु पर चलती बस में लगी आग

पटना सिटी, हिप्र। गांधी सेतु पर रविवार की सुबह साढ़े दस बजे मुज़फ्फरपुर से पटना आ रही बस में आग लग गई। सेतु के पाया -37 के पास पूर्वी लेन पर चलती बस में इंजन के पास धुआं व आग निकलता देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में बस सवार 12 यात्री बाहर निकले। इधर बस धूं-धूं कर जलने लगा।

घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज, ट्रैफिक पुलिस व गंगा ब्रिज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल की टीम को सूचना दी गई। गांधी सेतु पर पहुंची पटना सिटी फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों की मदद से आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल गई। आग लगने के बाद बस का चालक व खलासी भाग निकला। सेतु पर बस में आग लगने से थोड़ी देर के लिए पूर्वी लेन पर वाहनों का आवागमन भी प्रभावित हुआ। ट्रैफिक पुलिस की मदद से जली हुई बस को क्रेन की मदद से सेतु से हटाकर ट्रैफिक थाना लाया गया। आग लगने के कारण बस का नंबर प्लेट भी जल गया था। ट्रैफिक थाना प्रभारी कुमार वीरेन्द्र ने बताया कि घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

रविवार को महात्मा गांधी सेतु पर धू-धूकर जलती बस।

लोहे का गेट चोरी करने में दो गिरफ्तार

दानापुर। गोला रोड बैंक कॉलोनी में निर्माणाधीन एक मकान से लोहे का गेट चोरी कर ले जाते हुए एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए युवक श्रीकांत की निशान देही पर राहुल को गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत निर्माण कार्य मे लगे मुंशी ने दानापुर थाने में मामला दर्ज कराया है।

पटना में 31 को विराजेंगे मुंबई के लालबाग के राजा

पटना, वरीय संवाददाता। गणेश चतुर्थी के मौके पर पटना में मुंबई के लालबाग के राजा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित होगी। बुधवार से शुरू होने वाले गणपति उत्सव को महाराष्ट्र मंडल धूमधाम से मनाने की तैयारी में है।

महाराष्ट्र मंडल के सचिव संजय भोसले ने रविवार को पत्रकारों से कहा कि गणेश उत्सव को लेकर दारोगा राय पथ स्थित महाराष्ट्र मंडल परिसर में पूरी तैयारी की गई है। दो साल बाद स्थापित होने वाली भगवान गणेश की छह फीट की प्रतिमा मुंबई के कलाकारों द्वारा तैयार कर पटना भेजी गयी है। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष वसंत सूर्यवंशी, विजय पाटिल, विटल घोड़के, शंकर किर्दत, जयचंद्र पवार, मल्लिकार्जुन आरले, विजय बाबर, राजेंद्र पवार, आनंद पवार, तानाजी पवार समेत अन्य मौजूद रहे। भगवान गणेश की प्रतिमा पर सोने व हीरे जड़ित मुकुट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होगा। सात दिवसीय महोत्सव को देखते हुए परिसर को फूलों से हर दिन अलग तरीके से सजाया जाएगा।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर किया वॉकथॉन

दानापुर। सशस्त्र सीमा बल के 40वीं वाहिनी की ओर से रविवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर पथसंचलन (वॉकथॉन) का आयोजन किया गया। द्वितीय कमान अधिकारी कुमार राजीव रंजन नेतृत्व में हॉकी प्लेयर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के मौके पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस पर एसएसबी की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। रंजन ने जिंदगी में खेल-कूद के महत्व को दर्शाते हुए युवाओं में खेल को अपना कर कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

एनएच-83 पर गड्ढे भरकर सड़क मरम्मत कार्य शुरू

हि असर

पुनपुन। पटना-गया एनएच-83 पर 'पुनपुन से मसौढ़ी तक सड़क पर गड्ढे दे रहे हैं हादसों को दावत' की खबर सोमवार को आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान में प्रकाशित होने के बाद मसौढ़ी एसडीओ अनिल सिन्हा के आदेश पर एनएचआई ने मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। पुनपुन से मसौढ़ी तक सड़क पर बने गड्ढों को भरा जा रहा है। 9 सितंबर में पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला का शुभारंभ होना है।

इसके लेकर तैयारियों पर बैठक हुई थी, जिसमें सड़क को मरम्मत करने को लेकर एसडीओ ने आदेश दिया गया। उसके बाद एनएच 83 का मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। सड़क मरम्मत कार्य शुरू होने पर सामाजिक कार्यकर्ता आदित्य कुमार, शंकर मुखिया, धर्मेंद्र रजक, नीरज पटेल, वेद प्रकाश, मेघन गोप ने इसके लिए हिन्दुस्तान को धन्यवाद दिया।

इंशा को मिला ग्लोबल लीडर फेलोशिप अवार्ड

फुलवारीशरीफ। बोरिंग रोड निवासी मुनतशिर अहमद की पुत्री इंशा अहमद को ग्लोबल लीडर फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। इंशा अहमद वैल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, आंध्रप्रदेश से कंप्यूटर साइंस में बीटेक हैं। बीटेक में बेहतर परिणाम आने के बाद नॉर्थ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी की ओर से ग्लोबल लीडर फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मां रशीदा सुल्ताना और पिता मुनतशिर अहमद ने कहा कि इंशा देश की नाम अमेरिका में भी रोशन करेगी।

रिपोर्ट: उत्तर रक्षा गृह में वित्तीय अनियमितता

- वंदना के मोबाइल की एफएसएल रिपोर्ट आई
- दोबारा रिमांड पर लेगी स्थानीय पुलिस

पटना, वरीय संवाददाता। उत्तर रक्षा गृह के मामले में गिरफ्तार पूर्व अधीक्षिका वंदना गुप्ता के मोबाइल की एफएसएल रिपोर्ट सामने आ गयी है। डिलिट डाटा भी जांच टीम को मिल गया है। सूत्रों के अनुसार एफएसएल रिपोर्ट में वित्तीय हेरफेर के सबूत मिले हैं। पुलिस अधिकारियों की मानें तो उत्तर रक्षा गृह में सप्लायी होने वाले खाद्य पदार्थ को लेकर वित्तीय अनियमितता हुई है।

कुछ ठेकेदारों से कमीशन लेने की बात भी सामने आयी है। पटना पुलिस इस पहलू पर जांच नहीं कर रही थी। लिहाजा इन सभी मामलों को लेकर संबंधित विभाग को एक पत्र लिखा गया है। वंदना का मोबाइल जब्त कर पुलिस ने उसे एफएसएल भेजा था। इसके बाद उसमें डिलिट किये गये डाटा को एफएसएल ने रिकवर कर लिया। जिसमें ये सारी बातें सामने आयी हैं। सचिवालय एएसपी काम्या मिश्रा ने बताया कि आरोपित वंदना को दोबारा पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। रिमांड पर लेने के बाद उनसे कई और पहलुओं पर भी पूछताछ की जायेगी। वहीं वित्तीय अनियमितता को लेकर अगर दूसरे विभाग ने जांच शुरू कर दी तो वंदना को एक और जांच का सामना करना पड़ सकता है।

कई और एसआईटी के रडार पर: उत्तर रक्षा गृह मामले में वंदना की गिरफ्तारी के बाद कई सफेदपोशों का राज खुल सकता है। एसआईटी की जांच की आंच सिर्फ वंदना ही नहीं बल्कि कई और तक पहुंच चुकी है। उन सब पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटकी है। एक और अधिकारी पर भी कार्रवाई हो सकती है। जांच का एक पहलू सीसीटीवी कैमरा भी है। जब एसआईटी उत्तर रक्षा गृह में जांच करने गयी थी तो पहले से गेट पर लगे सीसीटीवी हटा दिये गये थे।

उठ रहे सवाल: सवाल यह है कि आखिर कैमरों को किसने और क्यों हटवाया था? वहीं जल्द ही उत्तर रक्षा गृह के कुछ कर्मियों से भी इस बाबत पूछताछ हो सकती है। इस मामले में समाज कल्याण विभाग की ओर से उत्तर रक्षा गृह की तत्कालीन अधीक्षिका वंदना को क्लीनचिट दे दिया गया था। सवाल उस जांच पर भी उठ रहे हैं। जांच किस तरीके से की गयी कि उस टीम में शामिल अफसरों को कुछ भी नहीं मिला और आसानी से आरोपित को क्लीन चिट दे दिया।

गोलक से रुपए चोरी करते सेवादार पकड़ाया

पटना सिटी। तख्तश्री हरमंदिरजी में दरबार साहिब में रखी गोलक से रुपए चोरी करने के आरोप में एक सेवादार को पकड़ा गया। रविवार की दोपहर दरबार साहिब में रखे गोलक से रुपए निकालकर गिनती की जा रही थी। तभी जगराज सिंह नामक सेवादार लोगों की नजर से बचाते हुए कुछ रुपए जेब में रख लिये। रुपए गिन रहे अन्य लोगों की नजर से वह बच गया लेकिन सीसीटीवी में उसकी करतूत कैद हो गई। आरोपित को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर तख्तश्री हरिमंदिरजी प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह मौके पर पहुंचे। संगत का कहना था कि तलाशी के दौरान सेवादार की जेब से एक लाख बरामद किए गए हैं। थानाध्यक्ष गौरीशंकरने इसकी पुष्टि की है।

सिटी: दुर्गापूजा में आकर्षण का केन्द्र होगा 'तिरंगा द्वार'

पटना सिटी। दुर्गापूजा के दौरान आजादी का अमृत महोत्सव की छटा दिखेगी। वहीं तिरंगा द्वार आकर्षण का केन्द्र होगा। श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति टेढ़ीघाट के द्वारा पूजा की तैयारी शुरू की जा चुकी है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार मिश्र ने बताया कि समिति के द्वारा पिछले 61 वर्षों से पूजा की जाती रही है। कोरोना के कारण पिछले दो वर्षों से भव्य तरीके से आयोजन नहीं किया गया था। इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव को देखते हुए समिति ने अशोक राजपथ पर भव्य अमृत महोत्सव द्वार और तिरंगा द्वार बनाने का निर्णय लिया है। भव्य पूजा व आकर्षक सजावट को लेकर समिति के सचिव सज्जन ठाकुर, कोषाध्यक्ष विवेक ठाकुर, चंदन पटेल, राजीव यादव, मुकेश रजक, परम यादव, राज गर्ग, अजय ठाकुर आकद सक्रिय हैं। वहीं दूसरी ओर शक्तिपीठ श्रीछोटी पटनदेवी मंदिर में भी नवरात्र की तैयारी शुरू की गयी है। जिसको लेकर पीठाचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी के मार्गदर्शन में श्रीपटनदेवी जी गौ मानस सेवा संस्थानम् के पदाधिकारियों की बैठक हुई। अध्यक्षता बाबा विवेक द्विवेदी ने की। मौके पर मनीष सर्राफ, राजकुमार सोनी, वरुण वर्मा आदि थे।

आमसभा: अतिक्रमण हटाने की मांग

दानापुर। विभिन्न समस्याओं को लेकर रविवार को विकास एवं जन कल्याण समिति बैंक कॉलोनी गोला रोड में आमसभा हुई। अध्यक्षता करते हुए भोलानाथ राय ने समस्याओं को दूर करने की बात कही। सचिव पुष्कर कुमार गिरि ने समिति के विगत वर्षों का विवरण प्रस्तुत किया। सभा में कॉलोनी में अतिक्रमण, बहुमंजिला इमारतों के निर्माण पर सरकार की ओर से कार्रवाई करने, सड़कों का मरम्मत करने, स्ट्रीट लाइट लगाने, पुलिस गश्ती तेज करने की मांग की गई। सभा में विजय सिंह, डॉ. राम कुमार, मुकंद मिश्रा, यदुनाथ, अमोद, साकेत, राम कुमार समेत अन्य लोग थे।

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

फिर चांद की ओर

अमेरिका के विज्ञान जगत में इन दिनों खुशी की एक लहर है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा पचास साल बाद इंसान को फिर से चांद पर उतारने की तैयारी में है। योजना साकार हुई, तो एसएलएस 29 अगस्त को अपने लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा। यह यान अंतरिक्ष में एक छोटा, बगैर-चालक वाले एक ऐसे कैप्सूल को साथ ले जाएगा, जो अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने में सक्षम है। ओरियन नामक यह कैप्सूल चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाएगा और 42 दिन बाद पृथ्वी पर वापस आ जाएगा। यह परीक्षण उड़ान बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि नासा आगामी समय में अनेक अंतरिक्ष यात्रियों को कैप्सूल की मदद से अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी में है। वर्ष 1972 के बाद से कोई इंसान चांद पर नहीं गया है, क्योंकि उसकी जरूरत महसूस नहीं हुई। चांद पर जाने की होड़ शीत युद्ध के समय चरम पर थी। अमेरिका व तत्कालीन सोवियत संघ मुकाबले में लगे थे, लेकिन चांद पर सोवियत संघ किसी वस्तु को पहुंचाने में भले पहले कामयाब हुआ, लेकिन अमेरिका ने अपने 17 यात्रियों को बारी-बारी न केवल चांद पर पहुंचाया, बल्कि सुरक्षित लौटा भी लाया। इतनी बड़ी अमेरिकी कामयाबी के बाद सोवियत संघ ने मानव अभियान से पांव पीछे खींच लिए और उसके बाद किसी देश को चांद पर जाने की जरूरत महसूस नहीं हुई।

इस बार जिस रॉकेट का इस्तेमाल हो रहा है, वह बहुत शक्तिशाली है। कैप्शूल का प्रयोग तो अत्याधुनिक है। कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय के एक एयरोस्पेस इंजीनियर लुईस जिया कहते हैं, 'हम अंतरिक्ष-उड़ान विज्ञान अनुसंधान के एक नए युग में पहुंच गए हैं।' चार अरब अमेरिकी डॉलर से भी ज्यादा खर्च वाले इस अभियान के तहत अनेक प्रयोग किए जाएंगे। चांद पर बर्फ की खोज, विकिरण के मानव शरीर पर असर को भी जांचा जाएगा। जापान का एक लैंडर भी चांद पर उतरने की कोशिश करेगा, यह अब तक का सबसे हल्का महज 700 ग्राम का लैंडर है। यह जापान के लिए एक बड़ी कामयाबी होगी। नासा के अभियान को आर्टेमिस नाम दिया गया है, यह ग्रीक पौराणिक कथाओं से लिया गया नाम है, आर्टेमिस दरअसल अपोलो की जुड़वां बहन है। यह दर्शाता है कि यह नासा के सफलतम अपोलो कार्यक्रम का ही आधुनिक अवतार है। अपोलो कार्यक्रम के तहत ही पहली बार इंसान चांद पर उतरा था। योजना के अनुसार, आर्टेमिस-2 अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की कक्षा में ले जाएगा और चक्कर लगाएगा। उसके बाद आर्टेमिस-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास अंतरिक्ष यात्रियों के एक दल को उतारेगा। साल 2025 या उसके बाद पहली बार कोई महिला चांद पर उतरेगी।

चांद पर पानी की तलाश है। चूंकि 7 दिसंबर 1972 के बाद चांद पर कोई इंसान नहीं उतरा है, अतः अगला जो भी इंसान उतरेगा, नया ही इतिहास रचेगा।

नासा की योजना इंसानों को चांद पर उस जगह उतारने की है, जहां पानी या बर्फ की संभावना बताई जा रही है। वाकई अगर चांद पर पानी का इंतजाम हो गया, तो वहां इंसानों के ज्यादा दिन रहने के अवसर बनेंगे। चांद पर हाइड्रोजन के रूप में पानी की तलाश है। चूंकि 7 दिसंबर, 1972 के बाद चांद पर कोई इंसान नहीं उतरा है, अतः अगला जो भी इंसान उतरेगा, एक नया ही इतिहास रचेगा। पचास साल पहले नौ अभियान चांद तक पहुंचे थे, जिसमें से छह अभियानों के जरिये इंसानों ने चांद की यात्रा की। उसके बाद चांद से इंसानों का लगाव अचानक कम हो गया। अब दुनिया में भारत सहित कम से कम छह देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां चांद पर कुछ ऐसा खोजना चाहती हैं कि इंसानों को चांद पर बार-बार जाने का बहाना मिल जाए।

हिन्दुस्तान Hindustan | 81 साल पहले

16 सितंबर, 1941

अमिट लेख

हम स्वभाव से भाग्यवादी नहीं हैं। हमारा भाग्यवाद में विश्वास भी नहीं है। मगर भारत में घटना-चक्र जिस तरह से घूम रहा है, उसको देखते हुए मालूम होता है कि विधाता ने भारत के भाग्य में गुलामी सदा के लिए लिख दी है। ब्रिटेन ने भारतीय शासन के सम्बन्ध में एक बार जो नीति बना ली है, उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन सम्भव नहीं दीखता। यह विश्व-युद्ध भी भारत का भाग्य परिवर्तन करने में अक्षम मालूम होता है। अनेक देशों का भाग्य बदल गया। मगर इस परिवर्तनशील संसार में भारत एक मात्र स्थिर है। वायसराय के शासन काल को और एक साल के वास्ते बढ़ाये जाने को हम इसी नजर से देखते हैं। लार्ड लिनलिथगो का और एक साल के वास्ते भारत का वायसराय नियुक्त करना इस बात का सूचक है कि ब्रिटिश मन्त्रिमण्डल ८ अगस्त १९४० की घोषणा से एक सूत भी आगे जाने के लिए तैयार नहीं है। ब्रिटिश सरकार ने अपनी ओर से युद्ध काल के बाद के भारत का भवितव्य निश्चित कर दिया है। क्या काल देवता को यही अभीष्ट है? क्या विधाता का यह अमिट लेख है? कम से कम हमारा हृदय यह मानने को तैयार नहीं है। मगर ब्रिटिश नीति में हमें परिवर्तन के कोई चिन्ह नजर नहीं आ रहे हैं।

जोधपुर किधर? : जोधपुर से पिछले दिनों में प्राप्त समाचार काफी चिन्ताजनक हैं। यह भय है कि कहीं वहां का शान्त वातावरण एक बार फिर विक्षुब्ध न हो जाये और राजपक्ष तथा प्रजापक्ष के पारस्परिक सहयोग से राजनीतिक प्रगति का जो सूत्रपात हुआ है, उसमें कहीं कुछ खलल न पड़ जाये। देसी राज्यों की शान्ति के लिये ठिकानों का अस्तित्व वैसे ही राहु बना हुआ है, जैसे कि हिन्दुस्तान की प्रगति के लिये देसी राज्य केतु बने हुये हैं। जयपुर, जोधपुर, ग्वालियर और अलवर आदि में ठिकानों का विशेष जोर है। उसके दो मुख्य कारण हैं। एक तो यह है कि उनकी अधिकांश भूमि पर उनका आधिपत्य है, उसके वे एक प्रकार से राजा ही हैं। दूसरा यह कि देसी राज्यों के शासन का सूत्र भी बहुत कुछ उनके ही हाथों में है। जो अपने ठिकानों की राज-व्यवस्था नहीं संभाल सकते, उनको देसी राज्यों में 'मिनिस्टर' तक बना दिया जाता है। जहां भी कहीं ठिकानों का अस्तित्व है, वहां ठिकानेदारों का बोलबाला है।... जोधपुर में आज यही दीख पड़ता है। जोधपुर के महाराज प्रजा वत्सल जान पड़ते हैं।

नए भारत में कितने सुरक्षित हैं भारतीय



यहां स्कैन करें

क्रिस्टोफर क्लैरी | राजनीति विज्ञानी

सर्वेक्षण में 71 फीसदी लोगों ने कुछ हद तक या मजबूती से प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन किया, जो संकेत करता है कि वह क्यों दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं।

साल 2019 की 14 फरवरी को एक आत्मघाती हमलावर ने कश्मीर के पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 जवानों की हत्या कर दी थी। इसके कुछ दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र की एक रैली में कहा कि हमले में मारे गए लोगों के लिए 'निकले आंसू की हर एक बूंद' का 'बदला' लिया जाएगा। उन्होंने दावा किया, 'यह नया भारत है, जिसके पास नए तरीके और नई नीतियां हैं, और दुनिया इसका अनुभव करेगी। हमारे सैनिकों को निशाना बनाने वाले या उनको बम और बंदूक मुहैया कराने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। हम उनको चैन की नींद नहीं सोने देंगे।' और, उसी महीने के अंत में मोदी ने भारतीय वायु सेना को सीमा पार करके खैबर पख्तूनख्वा के बालाकोट में हमले करने का निर्देश दिया, जहां आतंकियों के ट्रेनिंग सेंटर चलने का अंदेशा था। एक परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र का दूसरे देश की भौगोलिक सीमा में प्रवेश करके एयरस्ट्राइक करने का यह पहला मौका था।

कई विश्लेषकों के लिए राष्ट्रवाद का यह उभार और प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन (कथित बालाकोट हमला) 2019 के आम चुनाव में भाजपा की शानदार जीत का मुख्य आधार था। अगर यह सच है, तो इसका मतलब यह होगा कि रोटी, कपड़ा और मकान पर केंद्रित राजनीति से कभी प्रभावित होने वाले भारतीय अब इन सबसे ऊपर उठ गए हैं और ऐसी राजनीति के आकांक्षी हो चले हैं, जिसमें विदेश नीति घरेलू सियासी नतीजों को प्रभावित कर सकती है। फिर भी, हम बहुत कम जानते हैं कि आम भारतीय विदेश नीति को लेकर क्या सोच या धारणा रखता है।

इसको कहीं बेहतर ढंग से समझने के लिए हमने इस साल अप्रैल-मई में 7,052 भारतीयों के बीच सर्वेक्षण किया। 'सेंटर फॉर वोटिंग ओपिनियन ऐंड ट्रेंड्स इन इलेक्शन रिसर्च' (सीवोटर) द्वारा किया गया यह सर्वे 28 राज्यों और छह केंद्र शासित क्षेत्रों में 12 अलग-अलग भाषाओं में किया गया। हमने पाया कि भारत अत्यधिक राष्ट्रवादी समाज है, क्योंकि 90 फीसदी लोगों ने मजबूती से या कुछ हद तक सहमति जताई कि भारत अन्य कई देशों की तुलना में बेहतर मुल्क है। हमारे ताजा सर्वेक्षण में भारतीय उत्तरदाता उन भारतीयों की तुलना में कुछ अधिक राष्ट्रवादी साबित हुए हैं, जिन्होंने बरसों पहले के ऐसे ही अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सर्वेक्षण कार्यक्रम में भाग लिया था। इसके अलावा, सर्वेक्षण में 71 फीसदी लोगों ने कुछ हद तक या मजबूती से प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन किया, जो संकेत करता है कि वह क्यों दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं? प्रखर राष्ट्रवाद और प्रधानमंत्री का समर्थन सत्तारूढ़ भाजपा में मनमाफिक विदेश नीति तैयार करने का विश्वास पैदा करता है।

हमने अपने सर्वे में व्यापक तौर पर मुस्लिम-विरोधी भावना भी देखी। सर्वेक्षण में शामिल गैर-मुस्लिम लोगों में से 60 फीसदी से थोड़े कम उत्तरदाताओं ने कहा कि उनको मुस्लिम पड़ोसी से ऐतराज नहीं है, जबकि गैर-मुस्लिम लोगों की बड़ी संख्या (78 फीसदी) यह मानती दिखी कि भारत में मुस्लिम आबादी बहुत तेजी से बढ़ रही है। हमारे सर्वेक्षण के नतीजे बताते हैं कि भाजपा सरकार में मुसलमानों के प्रति लोकप्रिय रवैया मुस्लिम-विरोधी आवेग को रोकने के बजाय और बढ़ा सकता है। इस तरह का ज्वार नई दिल्ली और उसके नजदीकी कूटनीतिक साझीदारों (जैसे बांग्लादेश) के साथ-साथ पश्चिम एशिया सहित हिंद महासागर क्षेत्र में तनाव पैदा कर सकता है।

हालांकि, मुस्लिम-विरोधी भावना और बहुत अलग तरह के इतिहास के बावजूद, पाकिस्तान और चीन के प्रति भारतीयों में बहुत ज्यादा अविश्वास है। 67 फीसदी लोगों ने पाकिस्तान के प्रति अपनी गहरी नापसंदगी जाहिर की, जबकि चीन को हद से अधिक नापसंद करने वालों का प्रतिशत 65 है। जब हमने पूछा कि भारत क्षेत्रीय विरोधियों के साथ संघर्ष में कैसा प्रदर्शन कर सकता है, तो 90 फीसदी लोगों ने कहा कि युद्ध की स्थिति में भारत संभवतः या निश्चय ही पाकिस्तान को हरा देगा, जबकि ऐसी ही नौबत में चीन को हराने के सवाल पर हामी भरने वालों का प्रतिशत 72 रहा।

नीति-निर्माताओं और शिक्षाविदों में इस बात पर लंबे समय से बहस होती रही है कि संयुक्त राज्य अमेरिका की विश्वसनीयता को लेकर भारतीय क्या सोचते हैं? हमने अपने सर्वेक्षण में पाया कि ज्यादातर भारतीयों को यह भरोसा था कि अगर चीन या पाकिस्तान के साथ भारत की जंग होती है, तो अमेरिका नई दिल्ली की मदद करेगा। हालांकि, हमारे उत्तरदाताओं को यह लगा कि संघर्ष की स्थिति में भारत को बाहरी मदद मिलेगी, मगर काफी ज्यादा (68 फीसदी) लोगों ने यह भी माना कि भारत के पास विरोधियों की तुलना में अधिक परमाणु क्षमता होनी चाहिए। सिर्फ 13 प्रतिशत लोगों ने कहा कि भारत के पास दुश्मनों जितने परमाणु हथियार होने चाहिए, जबकि 'नाममात्र' या 'शून्य' परमाणु हथियार संपन्न भारत की वकालत करने वाले लोगों की संख्या उंगली पर गिनने लायक थी।

ऐसी सोच व्यापक तौर पर भारत के अभिजात वर्ग और बाहरी पर्यवेक्षक जाहिर करते रहे हैं, पर हमारे सर्वे के नतीजे विश्लेषकों के लिए आश्चर्यजनक हो सकते हैं। दरअसल, कभी-कभी बताई गई प्राथमिकताएं मौजूदा भारतीय नीति के विपरीत होती हैं। मसलन, परमाणु हथियारों के मामले में ही यह दिखता है कि भारत के पास बेशक पाकिस्तान जितने परमाणु हथियार हो सकते हैं, पर चीन से तो निश्चय ही कम हैं। यह भारतीय नीति-निर्माताओं पर जन-आकांक्षा के अनुरूप काम करने का दबाव बना सकता है।

काफी लंबे समय से राजनीति विज्ञानी विकासशील देशों में राजनीतिक व्यवहार और दृष्टिकोण का अध्ययन करते समय अपना ध्यान यूरोपीय और अमेरिकी रुख पर लगाते रहे हैं। प्रोफेसर पॉल स्टैनिलैंड और विपिन नारंग कहते भी हैं, 'हमें इस बारे में और अधिक सुबूत चाहिए कि अमेरिका और यूरोप के बाहर मतदाता विदेश नीति के बारे में क्या सोचते हैं।' स्पष्ट है, एक प्रमुख ताकत और बड़ा लोकतंत्र होने के नाते आने वाले वर्षों में भारत इस तरह के शोध के बड़े हकदारों में एक है।

(साथ में समीर लालवानी, नीलोफर सिद्दीकी और नीलांजन सरकार)

अब उदारवाद को खलनायक साबित करने की कवायद

यहां स्कैन करें

हरजिंदर | वरिष्ठ पत्रकार

आज महान विचारक जॉन लॉक की 390वीं जयंती है। उनकी जयंती हम उस समय मना रहे हैं, जब उन्हें इतिहास के कूड़ेदान में बहुत गहरे तक दफन करने के जतन तकरीबन पूरी दुनिया में किए जा रहे हैं। जॉन लॉक की गिनती विश्व के उन दार्शनिकों में होती है, जिन्होंने राजनीति के केंद्र में उस आम आदमी को लाकर खड़ा किया, जो पहले सिर्फ शासित था। *कोउ नृप होउ हमहि का हानि* के फलसफे के संग जीने वाले इस आम आदमी के हाथ में न उसका वर्तमान था और न भविष्य। इन हालात में जॉन लॉक ने लोगों के अधिकार की बात की। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति का अपने जीवन पर प्राकृतिक अधिकार है। किसी ने अपनी मेहनत से जो संपदा अर्जित की है, उस पर पहला हक उसी का है, किसी सामंत या राजा-महाराजा का नहीं, यह बात सबसे पहले जॉन लॉक ने ही कही। उनकी जिस बात ने राजनीति की पूरी सोच बदल दी, वह थी- शासन वही होना चाहिए, जो जनता को स्वीकार्य हो।

अपने इन्हीं विचारों के साथ जॉन लॉक ने जिस उदारवाद की नींव रखी, वहीं से भविष्य की तमाम क्रांतियों और बड़े बदलावों के रास्ते तैयार हुए। फ्रांस की क्रांति भी इसी नींव पर खड़ी हुई और उस औद्योगिक क्रांति की इमारत भी, जिसने सभी लोगों की सारी जरूरतों को पूरा करने के सपनों को आश्वासन में तब्दील कर दिया। यह उदारवाद ही था, जिसने मानव अधिकारों और नागरिक अधिकारों को सभ्यता का केंद्रीय तत्व बना दिया। अगली मंजिल लोकतंत्र था, जो पूरे मानव विकास की सबसे बड़ी राजनीतिक उपलब्धि माना जाता है। हालांकि, अब भी ये अधिकार दुनिया के कई देशों के लोगों की हसरत हैं। कुछ में तो इसे लेकर संघर्ष भी चल रहे हैं। लेकिन जहां ये सारे अधिकार हकीकत बन चुके हैं, वहां उदारवाद पर नाक-भौं सिकोड़ने का एक नया चलन शुरू हो गया है।

हम ऐसी दुनिया में पहुंच गए हैं, जहां उदारवाद को खलनायक ठहराते हुए उसे बहुत सारी समस्याओं की जड़ बताया जाने लगा है।

पिछले तकरीबन एक दशक में हम एक ऐसी दुनिया में पहुंच गए हैं, जहां उदारवाद को खलनायकत्व ओढ़ाकर उसे बहुत सारी समस्याओं की जड़ बताया जाने लगा है। यहां तक कि हर किसी को व्यवस्था में एक संभावना सौंपने वाले इस विचार को लेकर कई गालियां भी गढ़ी जाने लगी हैं। भारत में भी यही हो रहा है। डोनाल्ड ट्रंप जब तक अमेरिका के राष्ट्रपति थे, उदारवाद को पानी पी-पीकर कोसते थे। व्लादिमीर पुतिन ने पिछले दिनों कहा था कि उदारवाद के विचार अब गुजरे जमाने की चीज होकर रह गए हैं। इस नए चलन के दर्शन हमने कनाडा में भी किए हैं, पोलैंड, यूक्रेन, हंगरी, जापान, यूनान, पुर्तगाल, स्पेन और इंग्लैंड में भी। दो साल पहले प्रसिद्ध पत्रिका *न्यूजवीक* ने इस मसले पर एक बहस छापी थी, जिसका शीर्षक था- 'सारा दोष जॉन लॉक पर ही मढ़ा जाए?' अचानक यह बदलाव कैसे हो गया? जिसे भविष्य का वायुमंडल माना जा रहा था, वह कठघरे में कैसे खड़ा हो गया? बहुत सारे विद्वान इस बदलाव की थाह पाने के लिए सिर खपा रहे हैं।

अमेरिकी चिंतक फ्रांसिस फुकुयामा ने उदारवाद को लेकर दो किताबें भी लिख डाली हैं। उनका कहना है कि वैश्वीकरण के चक्कर में दुनिया ने राष्ट्रवाद से मुंह मोड़ लिया, इसलिए उदारवाद ठुकरा दिया गया। एक दूसरी आलोचना यह है कि यह विचार अपने वादों पर खरा नहीं उतर सका, इसलिए सिंहासन से उतार दिया गया। वैसे नए विचारों का सामने आना और पुराने विचारों का रुखसत हो जाना मानव इतिहास के लिए कोई नई बात नहीं है। इसलिए सदियों पुराने उदारवाद से दिल लगाने की कोई वजह नहीं है। मगर यहीं दिक्कत भी है। फिलहाल हमारे सामने न कोई नया विचार है और न ही कोई नया विमर्श। हम ऐसे मोड़ पर हैं, जहां कुछ चीजों को चुन-चुनकर खारिज किया जा रहा है, बहिष्कार हो रहा है। अमेरिका में इसे ही 'कैंसल कल्चर' का नाम दिया गया है। जो है उसे वर्तमान और इतिहास से हटा दो। विकल्प की चिंता किसे है?

आज 390वीं जयंती पर जॉन लॉक को कोई श्रद्धांजलि देता नहीं दिख रहा। लेकिन उनके विचारों को या उनसे शुरू हुई परंपरा को श्रद्धांजलि देने का जो सिलसिला चल रहा है, उसमें अच्छे भविष्य का कोई आश्वासन नहीं है। इसीलिए यह डराता भी है। यह सिलसिला और डर कहीं हमारे समय का स्थायी भाव न बन जाए, इसकी आशंका परेशान करने वाली है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

प्रेम और अपनापन

प्रेम तीन तरह का होता है- एक आकर्षण से पैदा होता है। दूसरा, सुविधा के कारण होने वाला और तीसरा, ईश्वर के प्रति प्रेम। आकर्षण से पैदा होने वाला प्रेम अधिक समय तक नहीं टिकता। यह अनजानेपन में होता है। इस तरह के प्रेम में शीघ्र ही मन ऊबने लगता है, जैसा प्रायः प्रेम-विवाह में देखा जाता है। यह प्रेम घट सकता है, जिसके कारण भय, आशंका, असुरक्षा और दुख होता है।

सुविधा और घनिष्ठता से उत्पन्न प्रेम बढ़ता है। आप किसी पुराने मित्र के साथ अधिक आराम महसूस करते हैं, बजाय किसी नए व्यक्ति के साथ। परंतु इस प्रेम में रोमांच, उत्साह या आवेग नहीं होता।

ईश्वर के प्रति प्रेम, इन सबसे ऊपर है, क्योंकि यह दिव्य है। याद रखें, दिव्य प्रेम हमेशा नवीन रहता और जितना आप उसके समीप आते जाते हैं, उतना ही अधिक आकर्षण व गहराई पाते हैं। दिव्य प्रेम सुख, उत्साह और घनिष्ठता लाता है। इसमें कभी नीरसता नहीं आती; यह आपको जागरूक और सजग रखता है। सांसारिक प्रेम महासागर की तरह हो सकता है, लेकिन महासागर का भी एक तल है। दिव्य प्रेम आकाश की तरह है- असीम, अनंत। महासागर के तल से ऊपर उठ जाओ, विशाल नभ की ओर!

यह बात हमेशा याद रखें कि प्रेम में वस्तु भी उन्नत होकर जीवंत हो उठती है। जब आप किसी वस्तु से प्रेम करते हैं, तब वह सजीव हो जाती है। बच्चों के लिए सब कुछ अपना है। वे हरेक वस्तु को सजीव बना देते हैं, उसे पूरी तरह से अपना बना लेते हैं। उनके यहां एक पत्थर का भी चेहरा है, सूर्य भी हंसता है। अपनत्व के भाव से सृष्टि अपनी हो जाती है। भावना के अभाव में तो व्यक्ति भी वस्तु बन जाता है।

हिंसा का अर्थ ही है, भावना का अभाव। आखिर एक व्यक्ति कैसे किसी अन्य व्यक्ति की जान ले सकता है? हिंसा तभी होती है, जब कोई दूसरे व्यक्ति को मानव की तरह नहीं, वस्तु की तरह देखता है। परंतु अपनत्व के भाव से तो एक पत्थर भी श्रद्धा का पात्र बन जाता है। सेना में जवानों को सिखाया जाता है कि वे लोगों को ऐसी खतरनाक वस्तुओं की तरह देखें, जिनसे उनकी जान को खतरा है। परंतु मंदिर में एक पत्थर को भी दिव्यता के स्तर पर उन्नत करके हम पूजनीय बना देते हैं।

सांसारिक प्रेम महासागर की तरह हो सकता है, पर महासागर का भी तल है। दिव्य प्रेम आकाश की तरह होता है- असीम, अनंत। महासागर के तल से ऊपर उठ जाओ, विशाल नभ की ओर!

परायापन कभी आदर का भाव नहीं ला सकता। प्रायः व्यक्ति ईश्वर को अपना नहीं समझता, इसलिए वह उन्नति नहीं कर पाता। जब हम कहते हैं, कोई चीज सच नहीं, तब हम दरअसल उसे पराया समझते हैं। जब हम किसी वस्तु को व्यक्तिगत बना लेते हैं, तो हमारे लिए वही सच होता है।

श्री श्री रवि शंकर

जस्टिन ट्रूडेव | प्रधानमंत्री, कनाडा

पत्रकारों के उत्पीड़न का यह तरीका खतरनाक और अस्वीकार्य है। ऐसे व्यवहार का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। किसी भी पत्रकार को अपना काम करने के लिए धमकी नहीं दी जानी चाहिए।

अनुलोम-विलोम

गैजेट्स के बढ़ते प्रचलन से कागजी किताबें क्या अपना महत्व खोने लगी हैं? कई लोग इस बात से इत्तफाक नहीं रखते, लेकिन कई अब किताबों को अप्रासंगिक समझने लगे हैं।

घट रही है पढ़ने की आदत

चौक-चौराहों पर, बाजारों में फास्ट फूड और चाय-पान की दुकानें तो खूब मिल जाएंगी, मगर पत्रिकाओं, अखबारों या किताबों की दुकानें अब बमुश्किल मिल पाती हैं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण तस्वीर है। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के शानदार शोरूम बच्चों और नौजवानों को आकर्षित करते हैं, परंतु पत्र-पत्रिकाओं पर वे नजर डालना भी पसंद नहीं करते। किताबों से यह दूरी अच्छी नहीं है। हर संवेदनशील नागरिक को इस पर चिंतन करना चाहिए। शिक्षाविदों और नीति-नियंताओं को ऐसी सार्थक पहल करनी चाहिए कि हमारी नई पीढ़ी किताबों और पत्र-पत्रिकाओं की ओर उन्मुख हो।

देवेश कुमार देव

इंटरनेट पर बढ़ती निर्भरता

पढ़ना किसे अच्छा नहीं लगता! बचपन में स्कूल से प्रारंभ हुई पढ़ाई जीवन के अंत तक चलती है। मगर दुर्भाग्यवश आजकल किताब पढ़ने की प्रवृत्ति लोगों में कम होती जा रही है। आज सब लोग सभी प्रकार की सूचनाएं इंटरनेट पर ही सर्च करना चाहते हैं। शोध बताते हैं कि इसके चलते लोगों की जिज्ञासु प्रवृत्ति और याद करने की क्षमता खत्म होती जा रही है। बच्चों के लिए तो यह एक विशेष समस्या है। पुस्तकें बच्चों में अध्ययन की प्रवृत्ति, जिज्ञासु प्रवृत्ति, सहेजकर रखने की प्रवृत्ति का संस्कार पोषित करती हैं। पुस्तकें संस्कृति, लोक-जीवन, सभ्यता के बारे में भी बताती हैं। इंटरनेट पर लगातार बैठने से लोगों की आंखों और मस्तिष्क पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। लोगों में पुस्तक प्रेम को जागृत करने के लिए जहां स्कूलों में सस्ते दाम पर पुस्तकें बांटने जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं शिक्षण संस्थानों या सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शनियां लगाकर किताब पढ़ने के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसमें पुस्तकालय भी अहम भूमिका निभा सकते हैं, बशर्ते उनका रख-रखाव सही हो और अच्छी किताबें वहां उपलब्ध हों। आज पुस्तकों के प्रति खत्म हो रहे आकर्षण के प्रति गंभीर होने की जरूरत है।

मोती लाल सैनी

बौद्धिक भूख तो किताबें ही मिटाएंगी

हम चाहे कितने भी आधुनिक हो जाएं, लेकिन हमारी बौद्धिक भूख किताबें ही पूरी करती हैं। अच्छी बात है कि अत्याधुनिक गैजेट्स की दुनिया में भी किताबें आसानी से मिल जाती हैं। दिल्ली में तो अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेला के साथ-साथ स्थानीय पुस्तक मेला भी आयोजित किया जाता है, जिनमें पाठक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। पटना, लखनऊ, कोलकाता, जयपुर जैसी जगहों पर भी पुस्तक मेले लगते हैं। ऐसे में, यह कहना गलत है कि किताबों की दुनिया सिमट रही है। पत्र-पत्रिकाएं भी अब आसानी से मिल जाती हैं। कुछ लोग बेशक कहें कि इंटरनेट ने किताबों का संसार नष्ट कर दिया है, पर चाय की चुस्की के साथ किताबें पढ़ने का सुख भला इंटरनेट पर कैसे मिल सकता है!

सुशांत

नित नई पुस्तकों की बाढ़

कभी-कभी कोई ऐसी किताब हाथ लग जाती है, जिसे पढ़ना शुरू करने पर आगे पढ़ते जाने की ललक बढ़ती जाती है और पूरा करने पर देर तक, कभी-कभी लंबे वक्त तक उसका हैंगओवर दिमाग पर सवार रहता है। मगर अफसोस, ऐसी किताबें कम ही हाथ लगती हैं, जबकि नित नई किताबों की बाढ़ आ रही है और उनमें से बहुत सारी मैं खरीदता भी रहता हूं। जाहिर है, अच्छी किताबों की खोज और उनका अनुशीलन अबाध रूप से जारी है।

त्रिलोक नाथ पाण्डेय

रहस्यों का खजाना

दुनिया भर के रहस्य किताबों में छिपे हैं। इस रहस्य को समझने का अभ्यास जितनी जल्दी शुरू हो जाए, उतना ही अच्छा। मेरे ननिहाल के घर में भी एक छोटा सा पुस्तकालय था, जहां नैतिक विषयों से जुड़ी कई किताबों को पढ़ने का अवसर मिला। आज वह काम आता है। आज के समय में किताबें और भी जरूरी हैं। रोज जटिल होती दुनिया को समझने के लिए किताबें जरूरी हैं।

प्रजापति संदीप कमलेश भूरी

आनंद में जीना बढ़ा सकता है जीवन

मन में लगातार गलत भावनाओं का रहना दिल की सेहत पर भारी पड़ता है, पाचन तंत्र बिगड़ जाता है और अपना बचाव करने की क्षमता कमजोर हो जाती है। चिंता, अवसाद और क्रोध के शुरुआती चेतावनी संकेतों को रोकना हमारे शरीर को बेहतर और मजबूत बनाता है।

खूबसूरत जिंदगी

दीपक चोपड़ा

भारतीय मूल के प्रसिद्ध अमेरिकी लेखक, आधुनिक मोटिवेशनल गुरु। 75 से अधिक किताबें लिख चुके हैं।

जब मन और हृदय वास्तव में खुले होंगे तो आनंद सहज और आसान तरीके से आपके पास आएगा।

रोजमर्रा की जिंदगी में लगातार चल रही आपाधापी से कोई नहीं बच सकता। मीडिया दिन-रात तरह-तरह की महामारी, जलवायु परिवर्तन की चिंता, युद्ध और गोलाबारी की खबरों से अटा पड़ा है। ये बातें गुस्से और व्यग्रता को और भड़काती हैं। किशोरों में अवसाद, घरेलू हिंसा व आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसका बुरा असर हमारे दैनिक जीवन के साथ ही हमारी सेहत पर भी पड़ता है।

हम क्रोध को पकड़े रहते हैं। जिन लोगों से हम प्यार करते हैं, उन पर क्रोध करने से हमारा मन और तन दोनों प्रभावित होता है। भावनाओं के लिए हमारा शरीर भौतिक रूप से प्रतिक्रिया करता है। क्रोध, आक्रोश और चिंता के कारण होने वाली शारीरिक क्षति समय के साथ हमारे अंदर जमा हो जाती है। यह वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है कि लगातार नकारात्मक भावनाओं के चलते हमारा शरीर बुरी तरह से प्रभावित होता है। हालांकि, अब उन विशेष कारकों पर ध्यान दिया जा रहा है जिनके लक्षण विकसित होने में वर्षों लगते हैं, जैसे कि तनाव और हल्की पुरानी सूजन। वैसे तनाव को कैंसर, अल्जाइमर, हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह और बहुत कुछ दूसरी परेशानियों की प्रमुख वजह माना जाता है। इस संबंध में विभिन्न अध्ययन 10 से 20 वर्ष पुरानी बीमारी से पहले पैदा हुए निम्न-श्रेणी के तनाव और सूजन की ओर इशारा करते हैं। यदि आप इन गंभीर अदृश्य दोषियों को पहचान सकते हैं, तो आप संभावित रूप से किसी भी गंभीर रोग को पैदा होने से रोक सकते हैं। अगर रोगों से अपना बचाव करना है तो संभव हो सके तो अपने आसपास की चीजों के बारे में बेहतर महसूस करना शुरू कर दें।

यदि आप प्रेम, करुणा, आनंद और समानता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए चिंता, अवसाद और क्रोध के शुरुआती चेतावनी और संकेतों को रोकने की कोशिश करते हैं, तो हमारा शरीर जैविक रूप से बेहतर हो जाता है। जब हम सुनते हैं कि प्रेम में उपचार करने की बेहतरीन ताकत है, तो उसके पीछे एक जैव रासायनिक कारण है, जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के माध्यम से हमारे शरीर के हर हिस्से तक पहुंचता है। ब्रेन स्कैन से पता चलता है कि प्यार की अभिव्यक्ति तनाव के प्रभाव को खत्म कर देती है। इसके अलावा इसे जीवन रक्षक भी कह सकते हैं।

खुद में ऐसे लाएं सुधार

सहानुभूति और दया को गले लगाओ। सैन डिएगो में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में न्यूरोसाइंसेज विभाग के अध्यक्ष विलियम मोब्ले कहते हैं-एक बेहतर टिप देने वाले बनें, दान दें, दूसरों की सुनें और सहानुभूति व्यक्त करें। यदि आप सड़क पर कोई गिरा हुआ नोट पाते हैं, तो इसे किसी ऐसे व्यक्ति को दें, जिसे इसकी आवश्यकता है। शोध बताते हैं कि दया का कार्य मस्तिष्क को 'लव हार्मोन' ऑक्सीटोसिन का एक शॉट देता है, जो रक्तचाप कम करने और सामाजिक जुड़ाव पैदा करने में बहुत मदद करता है। वहीं डोपामाइन हार्मोन की वृद्धि, मदद करने वाले को नया उत्साह और आनंद देती है। इसके अलावा सेरोटोनिन हार्मोन मूड में सुधार कर सकता है।

तनाव कम करें

लगातार तनाव कोर्टिसोल हार्मोन के स्तर को बढ़ाता है, जो अंत में तंत्रिका कोशिकाओं को मारता है और शरीर में सूजन व जलन को बढ़ाने लगता है। सुबह पांच मिनट का ध्यान करें, बाहर लंबी सैर करें, हंसाने वाली कॉमेडी देखें, पूरे परिवार के साथ रविवार को साथ खाना खाएं। दूसरे शब्दों में, अपने लिए एक स्वस्थ तनाव प्रतिरक्षा प्रणाली तैयार करें।

कृतज्ञता प्रकट करने में न करें कंजूसी

जीवन बेहतर और समृद्ध है, इसे स्वीकार करने के लिए हम कम समय निकालते हैं। इस पर विश्वास करने से, चाहे भविष्य में कुछ भी हो, हमें लंबा, मजबूत और खुशहाल जीवन जीने में मदद मिल सकती है। बेस्ट सेलर 'ईट टू बीट डिजीज' के लेखक डॉ. विलियम ली के साथ बातचीत में, लंबे समय तक सुपरमॉडल रहीं सिंडी क्रॉफर्ड कहती हैं, वे हर सुबह जागने, घर से बाहर कदम रखने और उनके पास जो कुछ है, उसकी शुक्रगुजार होने के लिए कुछ पल जरूर निकालती हैं। खुद का उपचार करना लगभग उतना ही महत्वपूर्ण हो गया है, जितना कि हम बीमारी को ठीक करने के लिए डॉक्टरों पर निर्भर होते हैं। खुद का उपचार करने का सार परेशानियों की रोकथाम करने जैसा नहीं है, जो आमतौर पर जोखिम आधारित होता है। जोखिम भय उत्पन्न करता है और भय लंबे समय में नुकसान देने वाला प्रेरक होता है। आपके जीवन में सकारात्मक क्या है, इस पर आधारित एक उपचार कार्यक्रम इससे कहीं ज्यादा बेहतर होता है। इसमें जीवन में व्याप्त निराशा और आशंका को अपनी खुद की प्रतिक्रिया से दूर करना शामिल है। हमें चिंता करने वाले रोबोट बनने के लिए नहीं, बल्कि जीने का एक बेहतर तरीका चुनने के लिए बनाया है। एक बेहतर मार्ग वह है, जिसे हम जीवन में सबसे अधिक महत्व देते हैं : प्रेम, रचनात्मकता, करुणा, अंतर्दृष्टि और आशा। ऐसा मार्ग जिसे कभी बंद नहीं किया जा सकता।

–deepakchopra.com

अच्छे रिश्ते बनाएं, अकेलेपन से बचें

चिकित्सकीय मामलों के विशेषज्ञ डॉ. डगलस नेमेसेक कहते हैं, 'अध्ययनों से पता चलता है कि अकेलापन महसूस करना आपके स्वास्थ्य के लिए उतना ही बुरा हो सकता है, जितना कि एक दिन में 15 सिगरेट पीना। वह अकेलेपन को तंबाकू के सेवन के समान दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिम के रूप में देखते हैं। 34 लाख लोगों पर हुए 70 अध्ययनों के विश्लेषण से प्रमाणित हुआ है कि अकेलापन हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाता है, जिससे समय से पहले मृत्यु की आशंका मोटापे जितनी बढ़ जाती है। दूसरी ओर, ब्रिंघम यंग यूनिवर्सिटी के जूलियन होल्ट-लुनस्टैड की 300,000 लोगों पर की गई 148 स्टडी की समीक्षा पर आधारित रिपोर्ट के अनुसार, अधिक से अधिक सामाजिक संबंध बनाने से जल्दी मृत्यु की संभावना 50% कम हो जाती है।

तीन नियम

1 अपना सच जानना, उसे स्वीकारना हमारी कमजोरी नहीं है। अपनी बातों की, अपने सच की जिम्मेदारी लेने के लिए हमेशा तैयार रहें, भले ही दूसरों को वे बातें नापसंद हों। आपमें अच्छा बुरा जो है, वह आपकी अपनी कहानी का हिस्सा है। जो आप हैं, उसे स्वीकार करते हुए जीना, आपको बहुत सारे लोगों का हीरो बना सकता है।

2 दूसरों के सामने खुद को साबित करने की कोशिश में बहुत समय खराब नहीं करना चाहिए। फिर, वो दूसरे आखिर हैं कौन? जो आपका काम जानते हैं, उनके सामने कुछ साबित करने की जरूरत ही नहीं है। जिन्हें आपका काम नहीं दिखाई देता, उन्हें आपका साबित करके दिखाना भी पसंद नहीं आएगा। खुद पर भरोसा रखें और काम करें।

3 दुख के पलों में हमें लगता है कि अब जो आगे होगा, वह गलत ही होगा। हम हालात को बेहतर होते हुए देख ही नहीं पाते। जबकि, जीवन एक किताब की तरह है। उसके कुछ पन्ने दुख में डूबे हुए हैं तो कुछ रोमांच से भरे। अगर हम पेज पटलेंगे ही नहीं तो पता कैसे चलेगा कि आगे क्या है!

सोशल मीडिया से

कल्पतरु



एक बार एक आदमी यात्रा करते हुए गलती से स्वर्ग में प्रवेश कर गया। माना जाता है कि स्वर्ग ऐसी जगह है, जहां इच्छापूर्ति करने वाले पेड़ यानी कल्पतरु हैं। ऐसे पेड़, जिनके नीचे बैठकर जैसे ही विचार मन में आता है, वैसे ही इच्छा पूरी हो जाती है।

वह आदमी थक गया था। वह एक कल्पतरु के नीचे सो गया। उठने पर उसे तेज भूख लगी। उसने बस इतना सोचा, 'मुझे बहुत भूख लग रही है। काश, खाना मिल जाता।' यह सोचना था कि स्वादिष्ट भोजन हाजिर हो गया।

आदमी इतना भूखा था कि उसने ध्यान ही नहीं दिया कि भोजन कहां से आया। उसने तुरंत खाना शुरू कर दिया। भोजन स्वादिष्ट था तो उसने खूब पेट भर खाया। मन संतुष्ट हो गया और वह सब ओर देखने लगा। अब उसे मदिरा पीने की इच्छा हुई। तुरंत मदिरा भी हाजिर हो गई।

पेड़ की छांव के नीचे स्वर्ग की ठंडी हवा में आराम से मदिरा पीते हुए वह सोचने लगा, 'क्या बात है? क्या हो रहा है? क्या मैं कोई सपना देख रहा हूं या मेरे आसपास कोई भूत है, जो मेरे पीछा कर रहा है?'

यह सोचते ही उसे भूत दिखाई देने लगे। वे बहुत ही क्रूर और भयानक लग रहे थे। वह कांपने लगा। 'अब मेरा मारा जाना निश्चित है। ये लोग मुझे मार देंगे!' यह सोचना था कि वह आदमी मर गया। यह एक प्राचीन दृष्टांत है, जिसका बहुत महत्व है। यह हमारे पूरे जीवन को चित्रित करता है। हमारा मन मनोकामना पूरी करने वाला वृक्ष है। आज जो कुछ सोचते हैं, वह देर-सवेर पूरा हो जाता है। कभी यह अंतर कम होता है तो कभी सालों का तो कभी जीवन का। हमारा मन ही स्वर्ग और नरक का निर्माण करता है।

ओशो

काम की बात

सपनों को पूरा करने का नाम है जिंदगी

बीते कुछ समय से लगातार ऐसे लोग बढ़ रहे हैं, जिन्होंने अपना बना-बनाया करियर या प्रोफेशन बीच में छोड़कर अपने शौक को अपना करियर बनाने की ठान ली। इनमें कुछ सफल रहते हैं तो कुछ असफल। सवाल है कि अपने सपनों का पीछा करना कितना सही है, कितना गलत?

प्रसिद्ध लेखक और दार्शनिक चार्ल्स डुहिग अपनी चर्चित किताब 'द पावर ऑफ हेबिट' में लिखते हैं, 'आप भविष्य में जो भी बनते हैं या बनना चाहते हैं, उसका रास्ता आपकी रोजमर्रा की आदतों से हो कर जाता है।' लेखक इस किताब में कहते हैं कि आप अपनी अच्छी आदतों के जरिए किस तरह अपने आपको पूरी तरह बदल सकते हैं। यही आदतें आपको अपने सपनों की मंजिल तक ले कर जाती है।

यहां मैं एक घटना का जिक्र करना चाहूंगी। कुछ दिन पहले मेरी एक मित्र ने मेरे साथ अपनी चिंता बांटते हुए बताया कि उसका इंजीनियर बेटा अपनी बंधी-बंधाई नौकरी छोड़ कर वापस आ गया है। अब वो यहां एक नई तरह का रेस्तरां खोलना चाहता है। मेरी मित्र को लगता है उसके बेटे की इच्छा तो है कुछ अलग करने की, पर उसकी आदतों से ऐसा नहीं लगता कि वो कर पाएगा। चार्ल्स डुहिग ने अपनी किताब में यही बात कहते हैं।

आंकड़ों की मानें तो दुनिया भर में 45 प्रतिशत लोग अपने काम से असंतुष्ट हैं। ज्यादातर लोग नौकरी या अपने काम को सिर्फ पैसा कमाने के लिए करते हैं। महज 11 प्रतिशत लोगों को अपने मन का काम करने का मौका मिल पाता है। लेकिन सफलता उनको ही मिलती है, जो अपने काम को एक जुनून की तरह लेते हैं।

पिछले कुछ सालों में करियर का दबाव इतना अधिक हो गया है कि हर कोई यह चाहने लगा है कि उनके बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, सिविल सर्वेंट या चार्टर्ड अकाउंटेंट हो जाएं। पहले भी ऐसा था। पर, अब बच्चों से अधिक उनके करियर बनाने की जिम्मेदारी उनके अभिभावकों ने ले ली है।

मुझे याद है, मेरी इसी मित्र का बेटा एक समय में गायक बनना चाहता था और गिटार सीखने की जिद कर बैठा था। पर उसे समझाया गया कि म्यूजिक क्लास में उसका दाखिला इसलिए नहीं करवा सकते, क्योंकि उसे इंजीनियरिंग की कोचिंग करनी है और उसकी फीस तगड़ी है। बेटे ने मन मार कर माता-पिता की इच्छा को देखते हुए इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला ले लिया। प्राइवेट कॉलेज की महंगी पढ़ाई के बाद जब बेटे को नौकरी लगी तो उन्होंने कहा था, अब पारिवारिक समारोहों में मैं सिर उठा कर जा सकूंगी। मेरा बेटा इंजीनियर बन गया है।

यह सिर्फ एक केस नहीं है। एक करियर वेब साइट के सर्वेक्षण में यह नतीजा सामने आया कि प्रोफेशनल कॉलेज खासकर इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले 30 प्रतिशत से अधिक युवा अपनी पढ़ाई से नाखुश हैं। वे बनना कुछ और चाहते थे, पर परिवार और पियर प्रेशर की वजह से यहां आ गए। ये युवा पढ़-लिख कर अपने करियर में कितना कामयाब होंगे यह भी सोचने वाली बात है। यही कुछ वजहें भी हैं जो अब युवा अपनी प्रोफेशनल पढ़ाई या नौकरी बीच में छोड़ कर अपने पैशन को पूरा करने की ठान लेते हैं। पर वे इसमें कितना सफल होते हैं, यह कई दूसरी बातों पर निर्भर करता है।

जयंती रंगनाथन

रखें ये तीन बातें याद

1. पसंद चाहे जो भी हो, आप अपना करियर बनाने से पहले उसके बारे में अच्छी तरह पड़ताल कर लें। बाजार को समझें और और एक्सपर्ट की राय भी ले लें। कई बार कुछ काम शुरू करने का वक्त सही नहीं होता।
2. अपने आपको अच्छी तरह जान लें कि नए काम के लिए आपको अपने आप में किन बदलावों की जरूरत है। क्या आप लगातार ऐसा कर पाएंगे?
3. अपने आपको असफलता के लिए भी तैयार करें। किसी भी हाल में कुंठित या नकारात्मक मत हों। और सबसे अहम बात, अपने पैशन या रुचि को विकल्प की तरह न लें। जीवनयापन अलग है और शौक अलग, ये अच्छी तरह समझ लें।

रोजनामचा

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

मेष: मन परेशान हो सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिल सकता है।

वृष: मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना है। कार्यक्षेत्र में बाधा आ सकती है।

मिथुन : मन शांत रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। धन में वृद्धि होगी।

कर्क : मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। बातचीत में संतुलित रहें। धर्म में श्रद्धा बढ़ेगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। परिवार में शांति रहेगी।

सिंह: वाणी में मधुरता रहेगी। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। किसी पैतृक कारोबार से धन में वृद्धि होगी। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

कन्या : मन में शांति व प्रसन्नता रहेगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। आय वृद्धि होगी।

तुला : मन परेशान हो सकता है। बेकार के क्रोध व वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। पैतृक संपति से आय बढ़ेगी।

वृश्चिक : मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक व शैक्षिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी।

धनु : संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। सेहत के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों पर भी ध्यान दें। परिवार का साथ मिलेगा।

मकर : आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा पर धैर्यशीलता में कमी रहेगी। बातचीत में संयत रहें। लेखनादि कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

कुंभ: मन परेशान रहेगा। संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। सेहत के प्रति सचेत रहें। कारोबार में बाधा आ सकती है।

मीन : मन प्रसन्न रहेगा। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख शांति रहेगी। शैक्षिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति का योग। करोबार में यात्रा लाभप्रद रहेगी।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

व्रत और त्योहार | पंचांग

पं. वेणीमाधव गोस्वामी

हिजरी सफर 2 माह शुरू। श्री गुरु अर्जुन देव गुरयायी। सूर्य दक्षिणायन। सूर्य उत्तर गोल। वर्षा ऋतु। प्रातः 7 बजकर 30 मिनट से प्रातः 9 बजे तक राहुकालम्।

29 अगस्त, सोमवार, 7 भाद्रपद (सौर) शक 1943, 12, भाद्रपद मास प्रविष्टे 2079, 01 सफर सन् हिजरी 1444, भाद्रपद शुक्ल द्वितीया सायं 3.21 बजे तक उपरांत तृतीया, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 11.04 बजे तक तदनंतर हस्त नक्षत्र, साध्य योग रात्रि 1.03 बजे तक पश्चात् शुभ योग, कौलव करण, चंद्रमा कन्या राशि में (दिन-रात)

वर्ग पहेली : 6981



ऊपर से नीचे
2. दलनायक; मुखिया; गणस्वामी; गणेश (5)
3. चप्पू का एक भाग; चाकू-छुरी का तेज भाग; हल का अग्र भाग; नतीजा; परिणाम (2)
4. उपद्रवी; लड़ाका; विवादप्रिय (5)
5. इस किनारे से उस किनारे तक; एक छोर से दूसरे छोर तक (2,2)
7. क्लेश; पीड़ा; दुख, यंत्रणा; रोग; वेदना; व्यथा; आपदा; विपत्ति, संकट (2)
10. मदद करने वाला; सहायक (5)
12. बल खाता हुआ; लहराता हुआ (5)
13. तुल्यता; बराबरी (4)
14. शोभा; कांति; चमक; चित्र; बिंब (2)
17. पिता का बहनोई; फूफी का पति (2)

बाएं से दाएं
1. देह में बहुत अधिक आवेश के लक्षण प्रकट होना; शरीर में बहुत अधिक उत्साह होना (2,2,4)
6. पारा; महादेव; शिव (5)
8. तीन घंटे का समय; दिन का आठवां भाग (3)
9. हिंडोले पर पेंग मारना; झूमते इतराते हुए चलना (4)
11. एक समुद्री जीव (4)
15. गड्ढा करना; खनना; नक्काशी करना (3)
16. अनर्गल; जल्दबाज; मतांध; विचार शून्य; सतही; हलका (5)
18. भेद खोलना; रहस्य अनावृत्त करना; रहस्य प्रकट करना (3,2,3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली 6980 का उत्तर



सुडोकू : 6064

* आसान

	2					3		5
9			6				7	
			1	5				
6	9		8	3				2
		4				7		
8				4	1		5	9
				9	6			
	6				2			1
7		9					[illegible]	

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

हल : सुडोकू नं. 6063

आर्थिक अपराध इकाई की टीम जांच के लिए कई जगहों पर पहुंची

पूर्व डिप्टी मेयर के मोबाइल का डाटा भी ले गई आयकर की टीम

गुंडा बैंक

भागलपुर, वरीय संवाददाता। गुंडा बैंक मामले में आयकर विभाग की टीम पूर्व डिप्टी मेयर राजेश वर्मा और उनके भाईयों के मोबाइल का डाटा निकलवाकर साथ ले गई।

आयकर विभाग के वरीय अधिकारी ने बताया कि टीम राजेश वर्मा और उनके भाइयों का मोबाइल सीज कर जांच के लिए ले जा रही थी पर राजेश वर्मा ने आग्रह किया कि उनके मोबाइल का डाटा ले लिया जाए और मोबाइल छोड़ दिया जाए। उसके बाद आयकर विभाग की टीम ने फॉरेंसिक टीम को बुलाया और मोबाइल का डाटा निकलवाया और साथ ले गए। आयकर विभाग के वरीय अधिकारी ने बताया कि शनिवार की देर शाम ही कार्रवाई पूरी हो गई थी पर मोबाइल का डाटा इकट्ठा करने में समय लगा और रविवार को दोपहर में पूरी टीम निकल गई। राजेश वर्मा के ठिकानों पर कार्रवाई के दौरान आयकर विभाग को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य जरूरी कागजात और नगद मिले थे। आयकर की टीम ने राजेश वर्मा के घर में ही एक कमरे में सारे दस्तावेज और जरूरी कागजात सहित अन्य सामान रखा है और उसे सील कर दिया है। हालांकि आयकर विभाग की टीम ने सभी दस्तावेज की कॉपी करा अपने पास भी रख लिया है।

आयकर विभाग की टीम के साथ सीआरपीएफ की महिला जवान भी राजेश वर्मा के घर में थी, वे सभी कार्रवाई के बाद लौट गए। गौरतलब है कि गुंडा बैंक मामले की जांच को पहुंची आयकर की टीम राजेश वर्मा और विजय यादव सहित उनके कई करीबियों के ठिकानों पर कार्रवाई के लिए पहुंची थी।

अब स्थानीय स्तर पर आयकर विभाग जांच करेगी

आयकर विभाग की मैराथन कार्रवाई के बाद अब लोकल स्तर पर आयकर विभाग की टीम जांच और कार्रवाई करेगी। जिन लोगों के ठिकानों पर कार्रवाई की गई है उनके यहां से जमीन और संपत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज आयकर विभाग की टीम ले गई है। उसकी जांच भागलपुर के आयकर अधिकारी करेंगे। उन्हें जहां भी पूछताछ की जरूरत महसूस होगी वे संबंधित व्यक्ति को नोटिस कर उन्हें कार्यालय बुलाएंगे और पूछताछ करेंगे। राजेश वर्मा को आयकर विभाग के अधिकारियों ने छह दिन की मोहलत दी है और अपनी संपत्ति, कारोबार और निवेश की पूरी और सही जानकारी बताने को कहा है। वे लोकल आयकर विभाग के कार्यालय में जाकर जानकारी दे सकते हैं। आयकर के वरीय अधिकारी ने कहा था कि अगर वे सही जानकारी नहीं देंगे और बाद में विभाग को राजेश वर्मा की संपत्ति का पता चलता है उसे बेनामी घोषित कर सीज कर लिया जाएगा।

टीम ने अपना काम करना शुरू कर दिया है

गुंडा मामले की जांच के लिए भागलपुर पहुंची आर्थिक अपराध इकाई की टीम रविवार को कई जगहों पर पहुंची। शनिवार की देर शाम पहुंची टीम ने अपना काम शुरू कर दिया है। ईओयू के पदाधिकारी आदित्य अंशु के नेतृत्व में टीम भागलपुर पहुंची है। रविवार को टीम ने उन लोगों के आपराधिक इतिहास का पता लगाने की कोशिश की जिनके नाम गुंडा बैंक में है।

छात्र की हत्या कर तेजाब से जलाया

मोतीपुर (मुजफ्फरपुर)। बरुराज थाना क्षेत्र के कोड़गिावां गांव से शुक्रवार रात अगवा छात्र संजीत कुमार (22) की हत्या कर दी गई। रविवार शाम उसका शव घर से एक किलोमीटर दूर खेत में पानी भरे नाले में फेंका मिला। छात्र की बेरहमी से हत्या की गई है। शरीर पर आधा दर्जन जगह चाकू से गोदने के निशान मिले हैं। आंखें भी फोड़ दी गई है। शव को तेजाब से जला दिया गया है। खेत में छात्र का शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई।

पटना के तापमान में साढ़े चार डिग्री की गिरावट

पटना। प्रदेश में अगले दो दिनों तक वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि रहेगी। इससे तापमान में गिरावट के आसार हैं। पटना के तापमान में पिछले 24 घंटे में साढ़े चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। देर रात और अल सुबह हुई बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार पटना समेत प्रदेश के दक्षिणी भागों के कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ हल्की वर्षा के आसार हैं, वहीं प्रदेश के उत्तरी भागों के 17 जिलों में वर्षा का पूर्वानुमान है।

निगरानी ने पहले ही थाह ली थी इंजीनियर की काली कमाई

ऑपरेशन संजय

- तीन महीने पहले शुरू हुआ था ऑपरेशन संजय राय
- आय से अधिक संपत्ति की एफआईआर दर्ज की गई

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। ग्रामीण कार्य विभाग के भ्रष्ट इंजीनियर संजय राय की काली कमाई को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने छापेमारी से पहले ही थाह लिया था। करीब तीन माह पूर्व ही ऑपरेशन संजय के तहत निगरानी की टीम उनपर नजर रखने लगी थी।

इस दौरान न सिर्फ उनकी गतिविधियों का पता लगाया गया बल्कि काली कमाई का अंदाजा भी ले लिया गया। सबकुछ पुख्ता होने के बाद शक्रवार को आय से अधिक संपत्ति की एफआईआर दर्ज की गई और अदालती कार्रवाई के बाद शनिवार को छापेमारी हुई। अब भी निगरानी ब्यूरो की टीम कार्यपालक अभियंता की संपत्ति का आकलन करने में जुटी है।

सूत्रों के मुताबिक ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता संजय राय की जानकारी निगरानी को एक फोन काल के जरिए प्राप्त हुई। करीब तीन महीने पहले ब्यूरो को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया था। फोन करने वाले व्यक्ति ने निगरानी ब्यूरो की शिकायत सेल से उनकी कारिस्तानी सुनाई और संपत्ति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसी के बाद निगरानी की टीम ने उनके बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी। पटना से लेकर किशनगंज तक में अधिकारियों को सक्रिय कर दिया गया।

इस दौरान रेकी भी गई और उनकी तमाम गतिविधियों के साथ काली कमाई के तौर-तरीके की भी थाह ली गई। निगरानी ब्यूरो को ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता के बारे में कई अहम सुराग हाथ लगे।

ओम प्रकाश व खुर्रम भी अभियुक्त बनेंगे

कार्यपालक अभियंता पर शिकंजा कसने के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो प्राइवेट इंजीनियर ओम प्रकाश राय व कैशियर खुर्रम सुलतान पर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। दोनों को भी रिश्वतखोरी और सरकारी पैसे की लूट में अभियुक्त बनाया जाएगा। निगरानी के सूत्रों ने बताया कि ओम प्रकाश और कैशियर खुर्रम दोनों ही संजय राय के बदले रिश्वत की रकम वसूलते थे।

प्रदेश 30 s

दरभंगा: तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

दरभंगा (अलीनगर)। प्रखंड के मनहर गांव में शनिवार की रात तालाब में डूबने से मो. तौहीद के 12 वर्षीय पुत्र मो. वाहिद की मौत हो गई। घटना के बाद माता-पिता सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, वाहिद दो भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा था।

भाजपा नेता की हत्या से आक्रोश, जाम

समस्तीपुर/खानपुर। खानपुर थाना क्षेत्र के सिरोपट्टी निवासी भाजपा नेता व स्वर्ण व्यवसायी रघुवीर कुमार स्वर्णकार के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने समस्तीपुर और खानपुर में सड़क जाम कर दिया।

विधायक का फायरिंग का वीडियो वायरल

बेतिया। योगापट्टी प्रखंड के मच्छरगांवा में कंस वध मेले में लौरिया से भाजपा विधायक सह पूर्व मंत्री विनय बिहारी के हथियार लहराने व फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो बीते 26 अगस्त की बताई जा रही है। हालांकि 'हिन्दुस्तान' वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

नीतीश से अब भाजपा का संबंध नहीं : रविशंकर

भागलपुर। देश के पूर्व कानून मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ अब भाजपा का कोई राजनीतिक संबंध नहीं होगा। वे रविवार को भागलपुर में प्रेस कांफ्रेंस में ये बातें कहीं।

'बॉर्डर पर डेमोग्राफी में बदलाव चिंताजनक'

अररिया। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा में लोकल प्रशासन रुचि नहीं ले रहा है। भारत-नेपाल सीमा पर डेमोग्राफी में तेजी से बदलाव आ रहा है। यह काफी चिंताजनक है।

52 साल की अख्तरी को पति ने दिया तीन तलाक

मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर, वसं। घर में हुए मामूली विवाद में रविवार की शाम चार बजे सीआरपीएफ से रिटायर्ड मैदापुर चौबे गांव निवासी 58 वर्षीय अनवर हुसैन ने अपनी 52 साल की पत्नी को तीन तलाक दे दिया। वह रोती-बिलखती हुई पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने सदर थाने पहुंची।

उसके साथ 22 साल का छोटा बेटा भी थाने आया था। उसने पिता की ज्यादती की कहानी थानेदार सत्येंद्र मिश्रा को सुनाई। शादीशुदा तीन बेटियां, दो बेटे और नाती-पोते से भरे पूरे परिवार के बीच अचानक अख्तरी की दुनिया उजड़ गई। शरीअत के अनुसार अख्तरी का दाना-पानी अब पति के उस घर में हराम हो चुका है। तीन तलाक पर बैन के बाद जिले में यह पहला मामला थाने तक पहुंचा है। पुलिस शिकायत दर्ज कर मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है।

Govt. of Bihar

Department of Agriculture
Bihar Horticulture Development Society, Patna.
(State Horticulture Mission)
2nd Floor, Krishi Bhawan, Mithapur, Patna-800001,
Phone Fax: 0612-2521776, e-mail: md-hort-bih@nic.in, dir-bhds-bih@nic.in,
Website:horticulture.bihar.gov.in

NOTICE – INVITING e-TENDER
Through e-procurement mode only over (https://eproc.bihar.gov.in)

e-Tender Operation & Maintenance (O&M) and handholding of Centre of Excellence (CoE), Desri, Vaishali.

Bihar Horticulture Development Society (BHDS) invites online bids from reputed and experienced organizations for **Operation & Maintenance and handholding ofCentre of Excellence (CoE), Desri, Vaishali".** This e-tender is inviting for suitable proposal and an estimated cost for operation and maintenance of Centre of Excellence and raising of Fruit plants as and when required as per target allotted time to time. The interested specialized organizations/firms/companies, which are involved and having experience of in operation and maintenance and related activities towards horticulture/ agriculture and allied activities may apply.

The filled e-tender for technical & financial bid should be uploaded on the website: eproc.bihar.gov.in/BELTRON by the bidder, while only EMD and tender feeto be sent to The Director, Directorate of Horticulture, Bihar, New Krishi Bhawan, Mithapur, Patna-800001, Bihar through registered/ speed post/ couriers/in person.

SN	Particulars	Details
1.	Start Date & Time for Downloading of Tender document	16.09.2022 (11:00 Hrs.)
2.	Date of Prebid Meeting	23.09.2022 (11.00 Hrs.)
3.	Last Date & Time for Downloading of Tender document	30.09.2022 (10:00 Hrs.)
4.	Last Date & Time for submission/uploading of offer/Bid	30.09.2022 (15:00 Hrs.)
5.	Date and time of Technical bid opening	07.10.2022 (15:00 Hrs.)
6.	Date and time of Financial bid opening	To be intimated to technically successful bidder(s) only
7.	Nodal officer/Contact person for queries	Shri Nitesh Kumar Ray, Deputy Director Horticulture Mobile No. : 9431818924
8.	It is mandatory to submit the EMD in hard copy or original on or before the opening of technical bid	

Mission Director, Bihar Horticulture Development Society, Patna reserves the right to revise/change/cancel the Tender without assigning any reasons thereof.
For further details please visit website **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR. No. 7110 (Agriculture) 2022-23

Mission Director
State Horticulture Mission,
Bihar, Patna

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

गंगा व कोसी के बढ़ते जलस्तर से दहशत

भागलपुर, हिन्दुस्तान टीम। कोसी, सीमांचल और पूर्वी बिहार में नदियों के जलस्तर में वृद्धि से लोगों को बाढ़ की आशंका फिर सताने लगी है। गंगा और कोसी नदियों के जलस्तर में वृद्धि रविवार को भी जारी रही। भागलपुर में गंगा सहित अन्य नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। गांवों में पानी घुसने से लोग सुरक्षित स्थानों को जाने लगे हैं।

कई जगहों पर सड़कों पर बाढ़ का पानी आने से आवागमन बाधित हो गया है। सुपौल में कोसी नदी उफान पर है। नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए कोसी बराज के 56 फाटकों में से 23 फाटकों को खोल दिया गया है। इसके अलावा पूर्वी और पश्चिमी कोसी नहर के सभी दस फाटकों को भी खोल दिया गया है। चीफ इंजीनियर ने सभी इंजीनियरों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। वहीं तिलयुगा नदी के जलस्तर में वृद्धि हो गई है। हालांकि कोसी तटबंध के भीतर अभी स्थिति सामान्य है। कटिहार जिले में गंगा, कोसी, बरंडी और कारी कोसी नदी का जलस्तर खतरा के निशान को पार कर गया है। नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधीक्षण अभियंता सियाराम पासवान ने अभियंताओं को हाई अलर्ट कर दिया है।

नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र सहित भारतीय प्रभाग में रविवार को सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण कोसी नदी उफान पर है।

गंडक बराज के सभी 36 फाटक उठाए गए

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार में गंगा के बाद अब गंडक व बागमती के जलस्तर में भी वृद्धि होने लगी है। वाल्मीकिनगर बराज से रविवार को गंडक में 1.55 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बराज के कार्यपालक अभियंता सुबोध चौधरी ने बताया कि जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए गंडक बराज के सभी 36 फाटकों को आंशिक रूप से खोल दिया गया है।

पूर्णिया में 'आभार नीतीश कुमार' कार्यक्रम को संबोधित करतीं मंत्री लेशी सिंह।

मुख्यमंत्री का मुझे मंत्री बनाना पूर्णिया की जनता का सम्मान : लेशी सिंह

पूर्णिया। मैं समता पार्टी काल से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता बनकर पार्टी की मजबूती के लिए सतत प्रयत्नशील रही हूं। मुझ जैसे कार्यकर्ता पर विश्वास रखकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुझे मंत्री बनाया। ये मेरे सम्मान के साथ -साथ धमदाहा की जनता और पूर्णिया प्रमंडलवासियों का सम्मान है। नेतृत्व के इस विश्वास के लिए अपनी ओर से तथा समस्त पूर्णिया प्रमंडलवासियों की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार प्रकट करती हूं। उक्त बातें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेशी सिंह ने कहीं । उन्होंनेकहा कि मैं पूर्णिया जिले के धमदाहा विधानसभा को नेतृत्व करती हूँ परन्तु समस्त पूर्णिया वासी मेरे परिवार के अंग के समान हैं। पूर्णिया के सर्वांगींण विकास हेतु मैं निरंतर प्रत्यनशील रहती हूं।

संदिग्ध स्थिति में चार लोगों की मौत

राघोपुर (वैशाली)। वैशाली में संदिग्ध हालत में चार लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों का इलाज निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। रविवार की सुबह वैशाली डीएम यशपाल मीणा एवं एसपी मनीष राघोपुर की वीरपुर पंचायत बिन टोली बस्ती पहुंचे। मृतक के परिजनों ने डीएम को बताया कि गांव में धड़ल्ले से जहरीली देसी शराब की बिक्री की जा रही है। शराब पीने से तीनों लोगों की मौत हो गई है। मृतक वीरपुर पंचायत निवासी जंगली महतो, रामा महतो एवं रामप्रवेश महतो हैं। वहीं जिन लोगों का इलाज पटना के निजी नर्सिंगहोम में चल रहा है। उनमें वीरपुर पंचायत के रहने वाले पवन महतो, प्रीत महतो एवं बहरामपुर पंचायत के संजीव महतो का इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी ओर सदर थाने के थाथन बुजुर्ग गांव से रिश्तेदार यहां कटहरा ओपी के कटहरा गांव में फूफा दूधनाथ पासवान के घर गए युवक अमर पासवान की भी मौत हो गई।

खगड़िया में रविवार को पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर मुकेश सहनी।

निषादों ने अपने संघर्ष की बदौलत अपना दल बनाया है : सहनी

खगड़िया। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) बिहार के सभी जिला मुख्यलाय में पार्टी खोलने के क्रम में रविवार को खगड़िया जिला में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया।

पार्टी कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी प्रमुख और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने कहा कि निषाद समाज ने अपने संघर्ष की बदौलत बिहार में अपना दल और अपना बल बनाया है। सहनी आज खगड़िया के गौशाला रोड सूर्यमंदिर चौक, अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स स्थित वीआईपी पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन किया।सहनी ने कहा कि वीआईपी पार्टी एवं निषाद विकास संघ के कार्यकर्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए राज्य के सभी जिला में पार्टी कार्यालय खोला जा रहा है।

सिंचाई का संकट, 272 किलोमीटर नहर सूखी

विडंबना

- प्रदेश के सभी 23 जलाशयों में पिछले साल से कम पानी
- खेतों को जरुरत के अनुरुप नहीं मिल पा रहा है पानी

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। प्रदेश के सभी 23 जलाशयों में न केवल पिछले साल से कम पानी है, बल्कि वह भी लगातार कम होता जा रहा है। इन जलाशयों से दक्षिण बिहार के बड़े इलाके में सिंचाई होती है।

इन 23 जलाशयों से जुड़ी नहरों की लंबाई 551 किलोमीटर है। इस साल तमाम कोशिशों के बाद भी सरकार मात्र 279 किलोमीटर तक ही पानी पहुंचा पाई है। इनमें 272 किलोमीटर नहर अभी भी सूखे पड़े हैं। जहां तक पानी पहुंच रहा है, वहां भी पानी की मात्रा काफी कम है। इसके कारण खेतों को जरुरत के अनुरुप पानी नहीं मिल पा रहा है जिससे किसानों की परेशानी बढ़ रही है।

इनमें पांच फीसदी से कम पानी: आंजन (जमुई), नकटी (जमुई), गरही (जमुई), कोहिरा (कैमूर), बटाने (औरंगाबाद)

इनमें 10 फीसदी से कम पानी: चंदन (बांका), खड़गपुर (मुंगेर), नागी (जमुई), बासकुंड (लखीसराय), मोरवे (लखीसराय), पुरैनी (नवादा), कोल महादेव (नवादा)

नौ छोटी नदियां भी सूख गई

कम बारिश और सूखे का असर प्रदेश की छोटी नदियों पर भी पड़ा है। इस समय सूबे की नौ छोटी नदियां सूखी पड़ी हैं। सर्वाधिक प्रभावित दक्षिण बिहार की नदियां है। जिनमें पानी भी है तो वे काफी कम हैं। कई नदियों में तो मापने योग्य पानी ही नहीं है। उनका जलस्तर नापने वाले गेज के स्तर से भी नीचे है। सबसे अधिक नदियां नालंदा में सूखी हैं। मिली जानकारी के अनुसार वहां की पांच नदियों में पानी नहीं है। जो छोटी नदियां सूखी हैं, उनमें पटना का दरधा नदी के अलावा नालंदा की गोईठवा, चिरायन, मोहाने, नोनई और पंचाने शामिल है। बांका की चिरगेरुआ, नवादा की सकरी और तिलैया नदी सूख चुकी है।

केंद्र सरकार ने बढ़ती कीमतों पर काबू पाने के लिए उठाया कदम

आटा, मैदा और सूजी के निर्यात पर भी लगी रोक

नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो। मई में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बाद अब सरकार ने आटा, मैदा, सूजी के निर्यात पर भी रोक लगा दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के गत सप्ताह पारित इस आदेश को जारी करते हुए विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कहा कि यह कदम इन वस्तुओं की कीमतों में काबू पाने के लिए उठाया गया है। फिर भी कुछ मामलों में भारत सरकार की अनुमति के साथ इन वस्तुओं के निर्यात की अनुमति दी जाएगी। अधिसूचना के अनुसार अब अंतर-मंत्रालय समिति से आटा के अलावा मैदा, समोलिना (रवा/सिरगी), होलमील आटा के निर्यात के लिए भी मंजूरी लेने की जरूरत होगी। सूजी में रवा और सिरगी भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि विदेश व्यापार नीति 2015-20 के खास प्रावधान इस अधिसूचना के तहत लागू नहीं होंगे।

फसल उत्पादन में गिरावट : मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 2021-22 में फसल के उत्पादन में 3% की गिरावट आई है, जिसके कारण थोक व खुदरा मार्केट में गेहूं की कीमते बढ़ी हैं।

आपूर्ति में व्यवधान से बढ़ी कीमतें

रूस और यूक्रेन वैश्विक स्तर पर एक-चौथाई गेहूं व्यापार पर काबिज हैं। दोनों देशों के बीच युद्ध के कारण दुनियाभर में गेहूं की आपूर्ति में व्यवधान पैदा हुआ है, जिसके कारण भारतीय गेहूं की मांग में बढ़ोतरी देखी गई थी। 25 अगस्त आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी ने कमोडिटी की बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए गेहूं या मेसलिन के आटे के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया था।

आटा का दाम औसतन 17फीसदी बढ़ा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार 22 अगस्त को भारत में गेहूं का औसत खुदरा दाम 31.04 रुपए प्रति किलोग्राम रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 22% अधिक है। एक साल पहले इसी अवधि में गेहूं 25.41 रुपए प्रति किलो ग्राम था। वहीं गेहूं के आटे के दाम में औसतन 17% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गेहूं का आटा 35.17 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है, जो पहले 30.04 रुपए था।

देश में हर वयस्क के पास हो बैंक खाता: सीतारमण

जन-धन योजना

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना के आठ साल पूरे होने के मौके पर कहा कि सोमवार से हर परिवार के बजाय हर वयस्क के पास बैंक खाता होने को तवज्जो दी जाएगी। वहीं जन-धन खाताधारक को जारी रुपे कार्ड के तहत बीमा राशि एक से बढ़ाकर दो लाख कर दी गई है। इसके अलावा इन खातों की ओवरड्राफ्ट सीमा को दुगना और पात्रता की आयुसीमा में भी वृद्धि की गई है।

वित्त मंत्री ने रविवार को कहा कि वित्तीय समावेशन सबको साथ लेकर विकास की तरफ बढ़ने वाला बड़ा कदम है जिससे समाज के सभी तबकों का पूरा आर्थिक विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।

जन धन खातों के जरिये लोगों के पास सीधे सरकारी पैसा भेजने और रुपे कार्ड के इस्तेमाल से डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहन देने का तरीका अपनाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों के जन-धन खातों को उनकी सहमति लेकर आधार नंबर और मोबाइल नंबर से जोड़ने की व्यवस्था ने विभिन्न सरकारी कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों को सीधे पैसे भेज पाना सुविधाजनक हो गया है।

फंड कंपनियों में सिल्वर ईटीएफ लाने की होड़

नई दिल्ली। म्युचुअल फंड कंपनियों ने इस साल सिल्वर ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) श्रेणी में कई नई कोष पेशकशें की हैं। सेबी द्वारा 2021 में पेश किए गए नव-सृजित परिसंपत्ति वर्ग की शुरुआत के बाद से म्यूचुअल फंड कंपनियों ने इसके जरिये 1,400 करोड़ रुपये की संपत्तियां जुटाई हैं।

ये एनएफओ निवेशकों को डिजिटल निवेश करने और चांदी का स्वामित्व रखने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। अबतक आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड और निप्पन इंडिया म्यूचुअल फंड ने सिल्वर ईटीएफ शुरू किया है।

टैक्स लगने से डीजल निर्यात घटा

नई दिल्ली, एजेंसी। पेट्रोल-डीजल निर्यात पर सरकार द्वारा अप्रत्याशित लाभ कर लगाए जाने के बाद जुलाई में भारत का डीजल निर्यात 11 प्रतिशत घट गया, वहीं पेट्रोल का निर्यात 4.5 प्रतिशत कम रहा।

जीडीपी के आंकड़े देंगे शेयर बाजार को दिशा

मुंबई एजेंसी। वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ने की आशंका और फेड रिजर्व के ब्याज दरों में बढ़ोतरी की अटकलों से विदेशी बाजारों में आई गिरावट के दबाव में बीते सप्ताह 1.36 प्रतिशत तक गिरे घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह जारी होने वाले आर्थिक विकास, कार बिक्री और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों पर रहेगी।

आगामी 31 अगस्त को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के जीडीपी के आंकड़े जारी होने वाले हैं। इसके साथ ही एक सितंबर को अगस्त में हुई वाहनों की बिक्री तथा अगले सप्ताह ही अगस्त के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आएंगे।

हिन्दुस्तान क्लासीफाइड

विज्ञापन के लिए संपर्क करें 0612-2223434 Ext no.- 666, 667

पटना के श्रेष्ठ संस्थान

नामांकन सूचना (2022-23)
फातिमा डिग्री कॉलेज
गोनपुरा, फुलवारी शरीफ, पटना
बिहार सरकार, राजभवन सचिवालय एवं मौलाना मजहरूल हक अरबी और फारसी विश्वविद्यालय द्वारा स्थायी रूप में संबंधता प्राप्त एवं एनसीटीई/बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मान्यता प्राप्त
बी.एड./डी.एल.एड
बी.ए. / बी.एससी / बी.कॉम
बी.सी.ए. / बी.बी.ए. / जर्नलिज्म / लाइब्रेरी साइंस
सिटी सेन्टर : कम्प्यूटर जोन, एग्जीबिशन रोड, पटना
मोबाइल नं० : 6204422664 / 8789925258 / 6200183647
Website : www.fatimadegreecollege.org / Email : fatimadegreecollege2010@gmail.com

DIRECT ADMISSION FOR MBBS
Only for NEET QUALIFIED INDIAN STUDENTS FOR SESSION 2022
NATIONAL MEDICAL COLLEGE BIRGUNJ, NEPAL: +977-9855022247, +977-9855020625, +91 -7492979957
Email :admission@nmcbir.edu.np URL: www.nmcbir.edu.np
NEPAL MEDICAL COLLEGE KATHMANDU, NEPAL: +977-9828084840, +977-9828084841, +91 -7492979957
Email :admission@nmcth.edu URL: www.nmcth.edu
Note : NO AGENT / CONSULTANT IN INDIA

PATNA INSTITUTE OF NURSING & PARAMEDICAL SCIENCE
Recognised by : Health Deptt. (Govt. of Bihar) | Approved by : Indian Nursing Council (Govt. of India) | Affiliated by : Aryabhatta Knowledge University (Govt. of Bihar)
Website :- www.patnaparamedical.com, Email:- riantuma@gmail.com
ADMISSION OPEN For Diploma, Degree, Master Degree
Paramedical P.G. • फिजियोथेरापी • हॉस्पिटल मैनेजमेंट
Degree/ Diploma • ई.सी.जी. • मेडिकल लेबोरेट्री
Lateral Entry Course • ऑक्युपेशनल थेरापी • रेडियो इमेजिंग • ड्रेसर • सेनेट्री इंस्पेक्टर
Brahampur, New Jaganpura, New Bypass Road, Patna
9031015472, 9031015473

BILSMOD Coaching Institute
SSC-JE
CAMPUS:- Rajiv Nagar, Road No - 4, Patna - 25
311 A, Ashiyana Tower, Exhibition Road, Patna-1
9060154359, 9472526534
www.exaltgroup.in

ATTENTION ! 10th Passed Students
Get upto 100% scholarship on Admission and complete your 10+2 @ 18K (Both Years)
9334125936, 9546804413
M.S. MEMORIAL ACADEMY
Affiliated to CBSE 10+2 (Co-Ed)
Office : Mahavir Market BMP Road, Ashiyana More Patna - 14 | Campus : Veer Basawan Nagar East of Patliputra Station Patna - 14

● व्यापार

● ऋण/ आय

मात्र 48 घंटे में पूरे भारत में लोन उपलब्ध
1% ब्याज 50% छूट
नया बिजनेस करने, मकान/दुकान बनाने, कर्ज उतारने, उद्योग एवं कृषि कार्य हेतु डायरेक्ट कंपनी से प्राप्त करें
9456679102
7579653911

लोन ही लोन
लाखों संतुष्ट ग्राहक
पर्सनल लोन, मार्कशीट लोन, राशन कार्ड लोन, मछली पालन लोन, व्यापार बढ़ाने के लिए लोन, पशुपालन लोन, मुर्गी पालन लोन, मकान व दुकान बनाने के लिए लोन
केवल 48 घंटों में 1 लाख से 50 लाख तक
2% वार्षिक ब्याज और 50% छूट
7579695315
7579347627

● ज्योतिष

बाबा खान बंगाली
घर बैठे सभी समाधान
स्पेशलिस्ट : लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृहक्लेश, शादी, कारोबार में बाधा, पति, पत्नी अनबन, सौतन, दुश्मन छुटकारा, प्यार में धोखा। सभी जगह से निराश फोन करें।
7078471281

खुला चैलेंज खुली चेतावनी
गुरु हसन बंगाली
स्पे. मुठकरनी
काम न होने पर पैसे वापस
8439163231

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति पत्नि के झगड़े, लवमैरिज, प्रोपर्टी, कोर्ट केस, जादू टोना, गढ़ा धन, किया कराया
AtoZ समस्याओ का समाधान घर बैठे।
बाबा मुबारक खान
स्पै. मनचाही इच्छा, मुठकरनी एवं काला जादू
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुँह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
9818294796
9990987786
नियर घंटाघर, सब्जीमंडी, मास्टर कैन्टीन के सामने

● आवश्यकता

IRC Pvt. Ltd. कं. में डायरेक्ट भर्ती, लड़के / लडकियाँ, लोडर, कंप्यूटर ऑपरेटर,गार्ड की आवश्यकता। आय- 18000- 45800, 7643944538, 7645832817

● शिक्षा

भोपाल के शासकीय यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध कॉलेज से B.Tech, Poly. डिप्लोमा, MBA, इंजीनियरिंग लेटरल एंट्री में डायरेक्ट प्रवेश: 8109016706,8109016705

● नाम परिवर्तन

I, MOHAMMAD Ali Madarwala S/o Sabbir Hussain Madarwala & Munira W/o Mohammad Ali Madarwala R/o F.No. 267 New Patliputra colony, Patna Declare vide affidavit no. 489 dated 16.08.2022 my Daughter Insiyash shall be known as Insiyah Jamali

I, SYED Mohammad Mahboob Alam S/o Mohammad Manzoor Alam, AT+PO-Papraur, P.S.- Barauni, Dist.-Begusarai affidavit no. 219 dated 27.08.2022 declare that I will be known as Mohammad Mahboob Alam

● प्रोपर्टी

फैक्ट्री / गोडाउन या अन्य कार्य हेतु पटना टॉल टैक्स से 5 कि.मी. दूर पटना -बख्तियारपुर फोर लेन रोड के लिंक रोड में 25 कट्ठा 12 लाख प्रति कट्ठा (चौड़ाई -190 फीट, लम्बाई- 180 फीट) जमीन बिक्री हेतु संपर्क 9693894082,8002126946

● स्वास्थ्य देखभाल

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹699 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
2284,कोड़िया पुल चौक,पुरानी दिल्ली • मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

● मेडिकल

सेक्स समस्यायें
छोटापन से निराश क्यों?
कीमत 400/- 600/-
नई खोज
संकोच नहीं सम्पर्क करें
18 से 80 वर्ष तक के लिए लाभदायक
यौन समस्याएं, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, नपुंसकता, धात आना, छोटापन, पतलापन, टेढ़ापन दूर कर सेक्स क्षमता बढ़ाये। सफेद दाग का सफल इलाज होता है।
लाभ नहीं तो पैसा वापस
हमारे इलाज से 12 घंटे में असर शुरू
07461991025
08228901419

सैक्स रोग
छोटापन से निराश क्यों?
18 से 80 वर्ष तक कामयाब
कीमत 280, 390, 485
शीघ्रपतन, धातु रोग, नपुंसकता, धात जाना, छोटापन दूर
कहीं भी इलाज से निराश रोगी भी एक बार अवश्य आजमायें। फोन कर इलाज की सलाह लें।
9162541176

SHAHEED BHAGAT SINGH STATE UNIVERSITY, FEROZEPUR
ON THE SPOT ADMISSION IN PATNA (BIHAR)
PROGRAMMES OFFERED
B. TECH. M. TECH. DIPLOMA
8288012011, 8855407673

न्यायालय में, श्रीमान् सब जज- VI, दानापुर
Title Partition Suit No 344/2019
आशा गुप्ता वगैरह....................वादीगण
बनाम
सुरेन्द्र प्रसाद साहु वगैरह................प्रतिवादी
नोटिस बनाम्

1. सुरेन्द्र प्रसाद साहु पिता स्व० महादेव साहू C/O प्रमिला साहु प्रोफेसर कॉलोनी शाहगंज महेन्दु पटना-800006 (2) राजेन्द्र प्रसाद नायक पिता स्व० महादेव साहू एन.ई. रेलवे चास एवं समस्तीपुर स्टेशन, डी०एस० कॉलोनी 503 डी समस्तीपुर 848101 (3) गणेश प्रसाद नायक पिता स्व० महादेव साहु हाउस नं०-V 372 D Khara No.-61/62/64/ Dispensary Vali Gali Arvind Mohalla Gohanda, Garhimedu North East Delhi 10053.

चूँ वादी ने आपलोगों के विरूद्ध उपरोक्त वाद लाया है। न्यायालय द्वारा आपलोगों के उपस्थिति हेतु नजारत एवं निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन भेजा गया है। परन्तु आपलोग न्यायालय में उपस्थित नही हो रहे है, इस प्रकाशन के द्वारा आप लोगों को सूचित किया जाता है कि वाद की अगली सुनवाई हेतु दिनांक 06.09.22 को दिन के 10.30 बजे निर्धारित है। उस दिन आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करें अन्यथा आपलोगों के अनुपस्थिति में वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर दी जायेगी। ताकिद जाने। आज दिनांक 23.08.22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निर्गत।

सब जज-VI, दानापुर

FORM NO.- 4
[See Regulation-15 (1) (b)]
The Debts Recovery Tribunal
Wing A, B & F (2nd floor) Karpuri Thakur Sandan, Kendriya Karmchari Parishad (GPOA), Near Rajiv Nagar Thana, Ashiana Digha Road, Patna 800025
NOTICE UNDER PROVISIONS OF SECURITIZATION ACT R/W PROVISIONS OF THE DEBTS REVOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993 AS AMENDED FROM TIME TO TIME.
Case No. S.A No. 118 of 2022
APPLICANTS : Arun Kumar Singh & Ors **Vs** **RESPONDENTS:** Authorized officer, Indian Bank, Patna City Bihar & Ors.

An application under section 17 (1) of the Securitization & Reconstruction of Financial Assets & Enforcement of Security (Interest) Act, 2022, has been filed before this Tribunal.

Show cause as to why the relief prayed for should not be granted. You are required to file reply, if any, in your defence in the paper book form in two complete sets and produce all the documents and affidavit in your support in the Tribunal personally or through your duly authorized agent or legal practitioner and appear before this Tribunal on 05.09.2022 at 10:30 A.M failing which the application shall be heard and decided in your absence. You are further directed to supply advance copy of the reply to the SA to the Counsel for the Applicant. Given under my hand and seal of this Tribunal on this 26th day of July 2022.

By order of Tribunal Registrar

NAME & ADDRESS OF THE PRIVATE RESPONDENTS REQUIRED TO BE APPEARED IN THE ABOVESAID PROCEEDINGS AS BELOW : 4. Sardar Amarjeet Singh @ Amarjeet Singh 5. Sardar Narendra Singh @ Narendra Singh, s/o Late Sardar Mahendra Singh & Mahendra Singh both above are residents of Mohalla-Bare ki Gali, P.S.-Chowk kalan, P.S.-Patna City, Distt.-Patna-800008, 6. Sri Rajiv Ranjan, Son of Jagdist Chandra, 7. Sri (Dr) Bikash Karishan Singh, Son of Dr. Birendra Kumar Singh, 8. Shkilur Rahman, son of Late Dr. Hafizur Rahman, 9. Sri Suman Hawledar, Son of Sri Navendra Howledar, All the above 6, 7, 8 & 9 are residents of 110, Adharshila Complex, South Gandhi Maidan, Patna, P.O.-G.P.O, Patna, P.S.-Gandhi Maida, Distt.-Patna-800001, 10. Sri Raj Kumar Prasad, son of Sri Ramji Prasad, resident of village - Bari Khurd, P.S.-Noor Sarai, P.S.-Bari Khurd, Distt.-Nalanda. 11. The Estate Manager, Murshidabad Estate, Govt. of West Bangal, 1st Floor, Netaji Market, Lal Bag, Distt.-Murshidabad (WB).

कारोबारी चर्चा
कंज्यूमर कनेक्ट इनिशिएटिव

रेजोनेंस ने स्टूडेंट टैलेंट रिवार्ड टेस्ट "स्टार्ट" कराने की घोषणा की...

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अग्रणी संस्थान रेजोनेंस ने स्टूडेंट टैलेंट रिवार्ड टेस्ट स्टार्ट कराने की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ रेजोनेंस के प्रांगण में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के दौरान पोस्टर विमोचन के माध्यम से हुआ, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष एवं कोटा-बूंदी क्षेत्र से सांसद श्री ओम बिरला मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने रेजोनेंस के प्रबंध निदेशक श्री आर के वर्मा एवं संस्थान के विभागाध्यक्षों के साथ स्टार्ट 2022 के पोस्टर का विमोचन किया। स्टार्ट पूरे देश में प्रतिभा की खोज के लिए कराई जाने वाली एक परीक्षा है।

एलन टैलेंटेक्स 2023 : स्टूडेंट्स को मिलेंगे 1.25 करोड़ के कैश प्राइज और 250 करोड़ की स्कॉलरशिप

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट द्वारा प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा टैलेंटेक्स 2023 की घोषणा कर दी गई। यह घोषणा बुकलेट, वेबसाइट व पोस्टर विमोचन के साथ की गई। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी डॉ. बृजेश माहेश्वरी मौजूद रहे।

इस अवसर पर एलन के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने कहा कि टैलेंटेक्स देश के प्रतिभावान स्टूडेंट्स को आगे लाने, उनके कॅरियर को संवारने के लिए सबसे सशक्त मंच है।

जीएनआईओटी संस्थान में पीजीडीएम के तृतीय सत्र के नवागंतुक छात्रों हेतु इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित...

नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान में आए पीजीडीएम के तृतीय सत्र के नवागंतुक छात्रों के हेतु इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। अपने जीवन में उन्नति और प्रगति के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए उच्च शिक्षा हेतु आए इन छात्रों के लिए जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान ने कॉर्पोरेट जगत से नामी दिग्गजों को आमंत्रित किया ताकि वे इन छात्रों का उचित मार्गदर्शन करें। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके किया गया। तत्पशचात संस्थान के सहनिदेशक प्रोफेसर मयंक पांडेय जी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मोशन एजुकेशन ने मनाया 25 हजार विद्यार्थियों का जश्न ...

मोशन एजुकेशन की ओर से शुक्रवार को 25 हजार विद्यार्थियों का जश्न मनाया गया। साथ ही लॉटरी निकालकर 84 विद्यार्थियों को लाखों की स्कॉलरशिप दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला कलक्टर ओपी बुनकर ने कहा कि जिंदगी में उतार - चढ़ाव, सफलता-विफलता लगी रहती है लेकिन जिंदगी इनसे से बहुत बड़ी है। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि मोशन के विद्यार्थियों की संख्या 25 हजार पार हो चुकी है। इसके जश्न के तहत हमने एक सप्ताह पहले हमारे यू-ट्यूब चैनल्स से गत छह माह में हुई करीब पांच लाख की आय से 36 विद्यार्थियों को विशेष स्कॉलरशिप देने का निर्णय किया है।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:-

i) ई-नीलामी सूची: कोचों के बाहरी हिस्से की रैपिंग। कोचों के अंदर उच्च गुणवत्ता वाले लेमिनेशन विज्ञापन बोर्डों का प्रदर्शन। स्टेशन के अंदर सोल एडभरटाईजमेंट राईट, **ii) ई-नीलामी सूची सं.** -एयूसी-पब-22, **iii) ई-नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 09.09.2022, 11.00 बजे से **iv) स्टेशन/स्थान का नाम:** गाड़ी संख्या 13305/06, 13303/04, 13301/02, 22387/88 और 13331/32 के डिब्बों के बाहरी भाग की रैपिंग। गाड़ी संख्या 13305/06, 13349/50, 13303/04, 13301/02, 22387/88 और 13331/32 के डिब्बों के अंदर उच्च गुणवत्ता वाले लेमिनेशन विज्ञापन बोर्डो का प्रदर्शन। हजारीबाग रोड, हजारीबाग टाउन, गढ़वा रोड, रेणुकूट, चंद्रपुरा, चोपन, पारसनाथ, बरकाकाना एवं सिंगरौली स्टेशन के अंदर सोल एडभरटाईजमेंट। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई-नीलामी में क्रम संख्या iii में दिये गये कार्यक्रम के अनुसार भाग लें।
रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/ धनबाद
पीआर/00922/डीएचएन/सीओएमएल/टी/22-23/44

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक(इंजी.)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेव पोर्टल पर खुली ई-निविदा के रूप में आमंत्रित करती है:

1. निविदा सूचना सं.: टी.सी.-124-2022-एस.पी.जे, **कार्य का नाम:** आर पी एफ कर्मियों के लिए दरभंगा एवं समस्तीपुर स्टेशन पर 10 बिस्तरों वाला महिला बैरक का निर्माण, **निविदा लागत (रु. में):** 2,74,53,209.50, **बयाने की राशि (रु. में):** 2,87,300.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह

2. निविदा सूचना सं.: टी.सी.-125-2022-एस.पी.जे, **कार्य का नाम:** सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के अधिकार क्षेत्र में डी आर एम कार्यालय एवं डी आर एच/समस्तीपुर को छोड़कर स्टेशन एवं अन्य सरकारी भवनों का विशेष मरम्मती कार्य, **निविदा लागत (रु. में):** 1,71,18,527.43, **बयाने की राशि (रु. में):** 2,35,600.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 11 माह

3. निविदा सूचना सं.: टी.सी.-126-2022-एस.पी.जे, **कार्य का नाम:** समस्तीपुर - विभिन्न रेलवे कॉलोनियों में पुरानी जर्जर पाईप लाईन एवं 2 अदद स्टील टैंक को बदलकर जलापूर्ति प्रणाली का विस्तार, **निविदा लागत (रु. में):** 3,88,79,375.03, **बयाने की राशि (रु. में):** 3,44,400.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह

4. निविदा सूचना सं.: टी.सी.-127-2022-एस.पी.जे, **कार्य का नाम:** सी एण्ड डबल्यू डिपो रक्सौल, सहरसा, जयनगर एवं समस्तीपुर के लिए 500 के एल डी के जल पर्नचक्रण (डबल्यू आर पी) संयंत्र की आपूर्ति, स्थापना तथा चालू करना, **निविदा लागत (रु. में):** 4,12,18,349.96, **बयाने की राशि (रु. में):** 3,56,100.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह

5. निविदा सूचना सं.: टी.सी.-128-2022-एस.पी.जे, **कार्य का नाम:** दरभंगा-सकरी खण्ड में दरभंगा-ककरघट्टी स्टेशन के बीच पुल संख्या 30 (7x12.20m) गर्डर का (7x12.20m) कम्पोजीट गर्डर द्वारा रीगर्डनिंग कार्य, **निविदा लागत (रु. में):** 3,18,46,246.02, **बयाने की राशि (रु. में):** 3,09,200.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह

आई.आर.ई.पी.एस. वेव पोर्टल पर ई-निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय: 16.09.2022 को 12.00 बजे तक
ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय: 16.09.2022 को 12.00 बजे के बाद
वेबसाइट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है: वेबसाइट www.ireps.gov.in उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा बल्कि वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय
पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर
पीआर/00925/एसपीजे/ईएनजीजी/टी/22-23/76

भारतीय टीम ने पाकिस्तान को दो गेंद शेष रहते पांच विकेट से हराया, हार्दिक ने तीन विकेट लेने के बाद खेली 33 रन की नाबाद पारी

हार्दिक और भुवी के भंवर में फंसा पाक

दुबई, एजेंसी। दस माह पहले जिस मैदान पर भारतीय गेंदबाज पाकिस्तान का एक भी विकेट नहीं ले पाए थे। उसी स्टेडियम में रविवार को भारतीय तेज गेंदबाजों ने कहर बरपा दिया। भुवनेश्वर कुमार और हार्दिक पांड्या के भंवर में पाकिस्तानी बल्लेबाज ऐसे फंसे की एक गेंद शेष रहते 147 रन पर लुढ़क गए। इसके बाद टीम इंडिया मैच पांच विकेट से जीतकर पिछली हार का हिसाब भी बराबर कर लिया।

जीत लिए बहाना पड़ा पसीना : भारतीय टीम ने लक्ष्य को ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। हालांकि उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। पारी की दूसरी ही गेंद पर केएल राहुल खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। कप्तान रोहित शर्मा (12) ने कोहली के साथ पहले विकेट के लिए 49 रन जोड़े। अपना सौवां टी-20 खेल रहे विराट कोहली (35) ने कुछ अच्छे शॉट खेलकर अपनी क्लास दिखाई पर रोहित के बाद उन्हें भी मोहम्मद नवाज ने आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। रवींद्र जडेजा (35) ने सूर्यकुमार (18) के साथ चौथे विकेट के लिए 36 और हार्दिक (33 नाबाद) के साथ पांचवें के लिए रन 52 रन साझेदारी। हार्दिक ने छठे के साथ टीम को जीत दिलाई।

सभी विकेट पेसरों के नाम : क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में यह पहला मौका है जब सभी विकेट भारतीय तेज गेंदबाजों ने चटकाए। भुवनेश्वर ने चार ओवर में 26 रन देकर चार विकेट चटकाए। भुवनेश्वर का यह प्रदर्शन पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 में किसी भी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हार्दिक ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन तो अर्शदीप खान ने 33 रन देकर दो बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई।

रिजवान ने दिखाया साहस : पाक की ओर से रिजवान (42) एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने इफ्तिखार अहमद (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की। हार्दिक ने दोनों बल्लेबाजों को आउट करके पाकिस्तान को बड़े स्कोर की ओर बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद उन्होंने एक और शॉर्ट गेंद पर खुशदिल शाह का भी विकेट लिया। पाकिस्तान के लिए 11वें नंबर के बल्लेबाज शाहनवाज दहानी ने आखिरी दो ओवरों में भुवनेश्वर और अर्शदीप के खिलाफ दो छक्के जड़कर टीम को 150 के पास पहुंचाया। भारत ने आखिरी पांच ओवर में पांच विकेट लिए पर 45 रन भी दिए।

35 35 रन की पारी कोहली और रवींद्र जडेजा ने खेली

04 विकेट लिए भुवी ने, यह किसी भारतीय का पाक के खिलाफ श्रेष्ट प्रदर्शन

कोहली सौ मैच खेलने वाले दूसरे क्रिकेटर

कोहली मैदान पर उतरते ही एक विशेष रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह भारत की ओर से सभी प्रारूपों में सौ या उससे अधिक मैच खेलने वाले पहले भारतीय जबकि दुनिया के दूसरे क्रिकेटर बन गए। वह सौ या उससे ज्यादा टी-20 खेलने वाले दूसरे भारतीय और कुल 14वें क्रिकेटर हैं। सबसे ज्यादा टी-20 खेलने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा (133) के नाम है।

टीम इंडिया से हुई बड़ी गलती

मैच में भारतीय टीम से बड़ी गलती हो गई। उन्होंने तय समय पर 20 ओवर पूरे नहीं किए। इससे आखिरी के तीन ओवर में 30 गज के बाहर सिर्फ चार खिलाड़ियों से ही काम चलाना पड़ा। अगर ऐसा नहीं होता तो पाकिस्तान के और कम रन बनते।

पाकिस्तान के ओपनर मोहम्मद रिजवान का विकेट लेने के बाद विराट कोहली के साथ जश्न मनाते हार्दिक पांड्या।

एक ही ओवर में दो बार डीआरएस

बाबर आजम का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भुवनेश्वर कुमार।

भुवनेश्वर का पहला ओवर सनसनीखेज रहा। इसमें मोहम्मद रिजवान के पक्ष में डीआरएस के दो फैसले गए। इसी ओवर में बाबर ने स्ट्रेट ड्राइव पर चौका जड़ा। अंपायर ने रिजवान को दूसरी गेंद पर पगबाधा आउट दे दिया था लेकिन डीआरएस का फैसला बल्लेबाज के पक्ष में रहा। चार गेंद बाद रिजवान ने विकेट के पीछे कैच थमाया लेकिन 'अल्ट्रा एज' देखने के बाद फैसला उनके पक्ष में रहा। भुवी और अर्शदीप ने पिच से मिल रही मदद का पूरा फायदा उठाया।

फखर जमां ने दिखाई खेल भावना

पावरप्ले के आखिरी ओवर में आवेश ने पांचवीं गेंद शॉर्ट फेंकी जिसे फखर जमां ने कट करने की कोशिश की पर गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेट के पीछे खड़े दिनेश कार्तिक के हाथों में समां गई। भारत के अपील किए बगैर ही फखर चले गए। उनकी खेल भावना के लिए सोशल मीडिया पर काफी तारीफ हो रही है।

स्कोर बोर्ड

पाकिस्तान : 147/10 (19.5 ओवर)

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रिजवान क. खान ब. हार्दिक	43	42	4/1
बाबर क. अर्शदीप ब. कुमार	10	09	2/0
फखर क. कार्तिक ब. खान	10	06	2/0
अहमद क.कार्तिक ब.हार्दिक	28	22	2/1
शाह क. जडेजा ब. हार्दिक	02	07	0/0
शादाब एलबीडब्ल्यू ब.कुमार	10	09	1/0
आसिफ क. सूर्य ब. कुमार	09	07	0/0
नवाज क.कार्तिक ब.अर्शदीप	01	03	0/0
हारिस नॉटआउट	13	07	2/0
नसीम एलबीडब्ल्यू ब. कुमार	00	01	0/0
शाहनवाज ब. अर्शदीप	16	06	0/2
अतिरिक्त	05		

विकेट पतन : 1-15, 2-42, 3-87,4-96, 5-97, 6-112, 7-114, 8-128, 9-128, 10-147

गेंदबाजी :	
भुवनेश्वर कुमार	4-0-26-4
अर्शदीप सिंह	3.5-0-33-2
हार्दिक पांड्या	4-0-25-3
आवेश खान	2-0-19-1
युज्वेंद्रा चाहल	4-0-32-0
रवींद्र जडेजा	2-0-11-0

भारत : 148/5 (19.4 ओवर)

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रोहित क.अहमद ब. नवाज	12	18	0/1
लोकेश राहुल ब. नसीम	00	01	0/0
कोहली क.अहमद ब.नवाज	35	34	3/1
जडेजा ब. नवाज	35	29	2/2
सूर्यकुमार ब. नसीम	18	18	1/0
हार्दिक नॉटआउट	33	17	4/1
कार्तिक नॉटआउट	01	01	0/0
अतिरिक्त	14		

विकेट पतन : 1-1, 2-50, 3-53,4-89, 5-141.

गेंदबाजी :	
नसीम शाह	4-0-27-2
शाहनवाज दहानी	4-0-29-0
हारिस रउफ	4-0-35-0
शादाब खान	4-0-19-0
मोहम्मद नवाज	3.4-0-33-3

खेल 30s

हम सभी को विराट पर गर्व : डीविलियर्स

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डीविलियर्स ने विराट कोहली को 100वें टी-20 मैच पर बधाई दी है। उन्होंने कहा, मैं अपने दोस्त कोहली को तीनों प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाला पहला भारतीय बनने पर बधाई देता हूं। क्या शानदार उपलब्धि है, विराट। हम सभी को आप पर बहुत गर्व है। डीविलियर्स और कोहली ने लंबे समय तक आईपीएल में टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का एक साथ प्रतिनिधित्व किया है। कोहली सौ टी-20 खेलने वाले दूसरे भारतीय जबकि कुल14वें खिलाड़ी बने।

राहुल शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

चंडीगढ़। भारतीय क्रिकेटर राहुल शर्मा ने रविवार को खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। पंजाब के इस लेग स्पिनर ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने भारत के लिए चार वनडे और दो टी-20 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने वनडे में 29.50 की औसत से छह और टी-20 में 18.66 की औसत से तीन विकेट चटकाए हैं। संन्यास लेने के बाद अब राहुल रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में नजर आएंगे। यह टूर्नामेंट 10 सितंबर से शुरू होगा। राहुल इंडियन लीजेंड्स की ओर से खेलेंगे। राहुल ने कहा, यह मेरा सौभाग्य रहा है कि मैंने सबसे ऊंचे स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। मुझे इस परिवार में जगह देने के लिए बीसीसीआई का धन्यवाद।

कोरोना से उबरे कोच राहुल द्रविड़, टीम से जुड़े

दुबई। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ कोविड-19 के लिए निगेटिव पाए गए हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के बहु प्रतीक्षित मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम से जुड़ गए हैं। महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए टीम की रवानगी से पूर्व नियमित परीक्षण में पूर्व दिग्गज बल्लेबाज द्रविड़ वायरस के लिए पॉजिटिव पाए गए थे। अब इस संक्रमण से पूरी तरह उबर चुके हैं।

कैमरन के पंजे में फंसा जिम्बाब्वे

टाउंसविल,एजेंसी। कैमरन ग्रीन (33/5) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ की उम्दा पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले वनडे में जिम्बाब्वे को पांच विकेट से हराया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। जिंबाब्वे की टीम 2004 के बाद ऑस्ट्रेलिया में पहली वनडे सीरीज खेल रही है।

ध्यानचंद क्लब हॉकी का फाइनल आज

पटना। प्रथम मेजर ध्यानचंद क्लब हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल सोमवार को होगा। राष्ट्रीय खेल दिवस पर पटना में हॉकी बिहार के तत्वावधान में 26 से 29 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता के तीसरे दिन दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गये। दिन के प्रथम सेमीफाइनल मैच में बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी ने सिख रेजिमेंट सेंटर को 2-1 से पराजित किया। वहीं दिन के दूसरे सेमीफाइनल में बिहार रेजिमेंट सेंटर ने 2-1 से आर्मी बॉयज को पराजित किया। यह जानकारी हॉकी बिहार के संयोजक मुनिन्द्रा ने दी।

सीआईएससीई बैडमिंटन टूर्नामेंट में विजेता टीम।

सीआईएससीई बैंडमिंटन टूर्नामेंट में रांची अव्वल

पटना। सीआईएससीई बिहार और झारखंड रीजन बैंडमिंटन चैम्पियनशिप में रांची और जमशेदपुर अव्वल रहे। 27 और 28 अगस्त तक आयोजित इस टूर्नामेंट की मेजबानी डॉन बास्को एकेडमी ने किया है। इसमें बिहार और झारखंड के कई जिलों के स्कूल शामिल हुए। इसमें बालक वर्ग में अंडर-14 में पहले स्थान पर रांची रहा। वहीं बालिका ग्रुप में अंडर-14 में जमशेदपुर पहले स्थान पर रहा। बालक वर्ग में अंडर-17 में रांची और बालिका वर्ग में भी अंडर-17 में रांची पहले स्थान पर रहा। बालक वर्ग में अंडर-19 में रांची और बालिका वर्ग में अंडर-17 में धनबाद पहले स्थान पर रहा। व्यक्तिगत तौर पर बालक में अंडर-14 में रांची का सौरव बंजारा और बालिका में जमशेदपुर की वैभावी श्रीवास्तव पहले स्थान पर रहीं।

सोशल मीडिया से

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वकार यूनुस को अपने एक ट्वीट पर सफाई देने की नौबत आ गई। शाहीन आफरीदी के एशिया कप से बाहर होने पर वकार ने ट्वीट कर कहा था कि इससे भारतीय टीम को बड़ी राहत मिलेगी। इस पर खूब हंगामा मचा था। भारतीय फैंस तो उन्हें ट्रोल कर ही रहे थे लेकिन पाक फैंस को भी वकार की यह बात नागवार गुजरी थी। वकार ने अपने इस ट्वीट पर सफाई देते हुए कहा है कि उन्होंने यह थोड़ा मसाला डालने के लिए किया था।

चेन को हराकर यामागुची लगातार दूसरी बार चैंपियन

बैडमिंटन

टोक्यो, एजेंसी। जापानी बैडमिंटन खिलाड़ी अकाने यामागुची ने शुक्रवार को विश्व चैंपियनशिप में अपना खिताब बरकरार रखा। शीर्ष वरीय यामागुची रविवार को फाइनल में घरेलू दर्शकों के सामने चीन की चेन यूफेई को 21-12, 10-21, 21-14 से हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियन बनीं।

यामागुची ने अपने खिताबी सफर में सिर्फ एक गेम गंवाया। पुरुष वर्ग में डेनमार्क के विक्टर एक्सलसेन ने थाईलैंड के कुनलावुत विदिशरण को 21-5, 21-16 से हराकर पांच साल बाद इस खिताब पर कब्जा किया। इससे पहले विक्टर 2017 में चैंपियन बने थे। पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले विक्टर ने इस साल सिर्फ एक मैच हारा है।

एयर पिस्टल में रुचिता जीतीं

नई दिल्ली। रेलवे की रुचिता विनेरकर ने रविवार को डा कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में हुए राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टी5 स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने स्वर्ण पदक के मैच में कर्नाटक की दिव्या टीएस को 16-14 से हराया।

रुचिता क्वालीफायर्स में 576 के स्कोर से चौथे स्थान पर जबकि दिव्या 574 अंक से सातवें स्थान पर रहीं। महाराष्ट्र की साक्षी सूर्यवंशी 580 के स्कोर से शीर्ष पर रही थीं। हरियाणा ने जूनियर महिलाओं की टी5 10 मीटर एयर पिस्टल में शीर्ष दोनों स्थान हासिल किए। सुरुचि ने रिदम सांगवान को करीबी फाइनल में 17-15 से हराया।

समीक्षा में सभी 20 नामांकन पत्र वैध

फुटबॉल चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के दो सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी ने सभी 20 नामांकन पत्रों को वैध पाया।

ये 20 नामांकन पत्र अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए दो-दो उम्मीदवारों और कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए 14 उम्मीदवारों से संबंधित हैं। निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने कहा, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और कार्यकारी समिति के सदस्यों के नामांकन पत्रों की जांच के बाद सभी 20 नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष और 14 कार्यकारिणी सदस्यों के पदों के लिए चुनाव होना है। छह पूर्व खिलाड़ियों (चार पुरुष और दो महिलाओं) को बाद में मतदान अधिकार के साथ कार्यकारी समिति के सदस्यों के रूप में शामिल किया जाएगा। उम्मीदवार मंगलवार दोपहर एक बजे से पहले अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

पटना में प्रशंसकों ने मनाया जश्न

पटना, मुख्य संवाददाता। एशिया कप के दूसरे मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत पाक मुकाबले को लेकर राजधानी में रोमांच चरम पर दिखा। पाकिस्तान पर जीत के साथ ही प्रशंसक सड़क पर उतर आए और भारत माता की जय ने नारों जंग जमकर पटाखे फोड़े।

इससे पहले रविवार को छुट्टी का दिन होने से सुपर मुकाबले को देखने के लिए शाम ढलते ही टीवी से चिपक गये। मैच देखने के लिए सुबह से ही लोग काम निबटाने में लगे थे। कोई भी मैच का एक गेंद मिस करना नहीं चाहता था। टॉस जीतकर जैसे ही भारत ने बॉलिंग का फैसला लिया इसपर भी प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गईं। भारत के बॉलिंग के फैसले को लेकर कहीं सराहना थी तो कहीं आलोचना।

मैच शुरू होते ही शहर के अधिकतर डाइनिंग हॉल में सन्नाटा। गृहणियां भी रात का खाना जल्द निबटाकर मैच देखने में मशगूल रहीं। पाक टीम ने जैसे ही कप्तान बाबर का विकेट खोया, लोगों ने इस तरह जश्न मनाना शुरू किया जैसे आधा मैच जीत लिया हो। लोग बाबर के पुराने पारियों की चर्चा कर रहे थे। पाकिस्तानी पारी खत्म होने तक लोग टीवी से चिपके रहे। इससे पहले की भारत की बैटिंग शुरू होती लोग काम निबटाकर फिर से टीवी से चिपक गये।

पाकिस्तान पर जीत के बाद पटना के डाकबंगला चौराहे पर जश्न मनाते प्रशंसक।

रेस्टोरेंट और होटलों में मैच दिखाने के इंतजाम

इस मैच के लिए होटलों में भी विशेष तैयारी थी। कई होटलों ने मैच के साथ खाने का इंतजाम किया था। बेली रोड के एक होटल में विशेष स्क्रीन लगाया गया था । खाना खिलाते खिलाते ऑर्डर लेते वक्त कई बार वेटर भी मैच में इतना डूब जा रहे थे कि उन्हें क्या लाने को कहा गया था यह याद करना पड़ रहा था।

पाक टीम ने रिव्यू लिया तो धकड़नें हो गईं तेज

सूर्य कुमार यादव और जडेजा की जोड़ी जब मैच को आगे ले जा रही थी तब एक वक्त ऐसा भी आया जब सबकी धड़कनें बढ़ गईं। वाइड गेंद पर हुई कैच बिहाइंड की अपील को डायनिंग हॉल से दर्शक खारिज कर रहे थे। थर्ड अंपायर से नॉट आउट का निर्णय आते ही लोग जश्न मनाने लगे। मैच की अंतिम गेंद तक लोग टीवी से चिपके रहे।

यूएस ओपन | राफेल नडाल और सेरेना विलियम्स जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ टीनएजर खिलाड़ी अपना जलवा बिखेरने को बेताब

किशोर खिलाड़ी भी हैं खिताब के प्रबल दावेदार

नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो। सोमवार से शुरू हो रहे यूएस ओपन में अनेक दिग्गज खिलाड़ियों के बीच इस बार कई किशोर खिलाड़ियों का जलवा भी देखने को मिलेगा। ये किशोर खिलाड़ी न केवल इस ग्रैंड स्लैम का हिस्सा हैं बल्कि वह खिताब के प्रबल दावेदार भी माने जा रहे हैं। समय-समय पर इन खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल से चौंकाया है और खिताब जीतने में कामयाब रहे हैं।

ओपन एरा में यूएस ओपन के महिला वर्ग में जहां पांच किशोर विजेता रहे हैं वहीं पुरुष वर्ग में सात किशोरों ने ओपन एरा में स्लैम खिताब जीता है लेकिन यूएस ओपन में केवल पीट सम्प्रास ही यह खिताब जीतने में कामयाब रहे।

कोको गॉफः अमेरिका की 18 वर्षीया कोको गॉफ का टेनिस करियर अब तक शानदार रहा है। 2022 में वह फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची। इसके साथ ही उन्होंने इस साल दो टूर-स्तरीय एकल खिताब भी जीते। 12वीं वरीय गॉफ को अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए यूएस ओपन में हमवतन मैडिसन कीज और विश्व की पूर्व नंबर एक सिमोना हालेप की चुनौती मिलेगी।

एमा राडुकानूः डिफेंडिंग चैंपियन ब्रिटेन की एमा राडुकानू को मौजूदा टूर्नामेंट में 11वीं वरीयता मिली है। 2021 यूएस ओपन जीत के बाद राडुकानू का टूर-लेवल मैचों में 14-17 का जीत-हार का रिकॉर्ड है। 19 वर्षीय राडुकानू का सामना पहले दौर में अनुभवी खिलाड़ी अलिजे कोर्नेट से होगा और बाद के दौर में पूर्व विश्व नंबर एक नाओमी ओसाका और छठी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का सामना करने की संभावना है।

एमा राडुकानू

कार्लोस अल्काराज

05 किशोरियों ने अब तक यूएस ओपन खिताब जीता है

07 किशोरों ने ओपन एरा में स्लैम खिताब जीते

लैला फर्नांडीज डिफेंडिंग रनर-अप लैला फर्नांडीज ने इस साल मॉन्टेरी में जीते गए अपने पहले खिताब का बचाव किया। 19 वर्षीय इस कनाडाई ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन चोट के कारण उन्हें प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा था।

अल्काराज : स्पेन के 19 वर्षीय कार्लोस अल्काराज दुनिया के चौथे नंबर के टेनिस खिलाड़ी हैं। एटीपी 500 खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी कार्लोस ने पांच टूर-स्तरीय खिताब जीते हैं जिसमें दो मास्टर्स 1000 खिताब भी शामिल हैं। कार्लोस की एकल में जीत दर 74 प्रतिशत है।

सेरेना का आखिरी यूएस ओपन



अमेरिका की सेरेना विलियम्स ने 24 साल पहले यूएस ओपन में पदार्पण किया था और अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। महज 16 साल की उम्र में टेनिस सुपरस्टार बनने वाली 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना इस बार आखिरी बार इस टूर्नामेंट को खेलेंगी। दरअसल 41 वर्षीय सेरेना ने टेनिस खेलने पर पूर्णविराम लगाने की बात की है।

एक खास बात और है कि सेरेना और वीनस विलियम्स युगल में वाइल्ड कार्ड मिलने के बाद चार साल में पहली बार फिर से कोर्ट पर उतरेंगी। सेरेना और वीनस ने 2014 के बाद से यूएस ओपन में युगल नहीं खेला है।

जरा हटकर

...जब ध्यानचंद ने नपवा दी गोल पोस्ट की माप

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की आज 117वीं जयंती है। 1905 में जन्मे मेजर ध्यानचंद के नाम के पीछे का एक रोचक किस्सा है। दरअसल ध्यानचंद का असली नाम ध्यानसिंह था लेकिन हॉकी के लिए उनका जुनून इतना था कि वह रात में चांद की रोशनी में हॉकी प्रैक्टिस किया करते थे। इस कारण उनके नाम के पीछे उनके दोस्तों ने चंद जोड़ दिया और फिर यह नाम कई इतिहास रच अमर हो गया। भारत को ओलंपिक खेलों में लगातार तीन स्वर्ण पदक दिलाने वाले ध्यानचंद के रग रग में हॉकी थी।

खेल के प्रति उनकी सटीकता इस कदर थी कि एक बार एक मैच के दौरान गोल करने में माहिर ध्यानचंद एक भी गोल नहीं कर सके, तब उन्होंने मैच रेफरी से गोल पोस्ट के माप की शिकायत की। इसके बाद माप करने पर पाया गया कि गोल पोस्ट की माप अंतरराष्ट्रीय मानको के अनुसार सही नहीं था। यही नहीं कहते हैं कि इस खेल के पर्याय बन चुके मेजर ध्यानचंद के स्टिक से गेंद चिपककर चलती थी जिसके कारण एक बार एक मैच के बाद उनकी हॉकी को तोड़कर यह देखा गया कि कहीं उसमें चुंबक तो नहीं है। ध्यानचंद के खेल की उपलब्धियों को देखते हुए भारत सरकार ने इन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया और इनके सम्मान में इस खेल के सिपाही के जन्म दिन को हर साल खेल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। वह एकमात्र ऐसे हॉकी खिलाड़ी है जिनके नाम पर भारत सरकार ने डाक टिकट जारी किया था।

तब

Aug 28, 2022 02:29 PM

उच्चतम न्यायालय के आदेश पर नोएडा में सुपरटेक के ट्विन टावर को रविवार को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई से ठीक पहले खड़े टावर। ● प्रेट्र

अब

Aug 28, 2022 06:00 PM

नोएडा स्थित एमराल्ड कोर्ट सोसाइटी परिसर में खड़े ट्विन टावर को ध्वस्त करने के लिए विशेषज्ञों ने 3,700 किलोग्राम से अधिक विस्फोटकों का इस्तेमाल किया। विस्फोट से पहले आसपास की इमारतों को खाली करा लिया गया था। दोनों टावर जमींदोज होने के बाद मलबे के ढेर के पास मौजूद मीडियाकर्मी। ● ईश्वर

सख्तीः किसी बिल्डर के खिलाफ अभी तक देश में हुई सबसे बड़ी कार्रवाई

चंद सेकंड में ध्वस्त हुए भ्रष्टाचार के टावर

■ निशांत कौशिक

नोएडा। भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े हुए सुपरटेक के ट्विन टावर रविवार को ध्वस्त हो गए। सैकड़ों करोड़ की लागत से बने यह टावर चंद सेकंडों में ही जमीन पर आ गिरे। इन टावरों के गिरने के साथ ही नोएडा के नाम एक रिकार्ड भी दर्ज हो गया। यह रिकार्ड है, देश में भ्रष्टाचार और अवैध निर्माण को लेकर हुई अभी तक की सबसे बड़ी कार्रवाई का, जिसमें देश में सबसे ऊंची इमारत को ध्वस्त कर दिया गया है। यह अभी तक किसी भी बिल्डर पर हुई सबसे बड़ी कार्रवाई है। अभी तक कहीं पर भी देश में ध्वस्तीकरण की इतनी बड़ी कार्रवाई नहीं हुई है जिसमें 103 मीटर व 97 मीटर ऊंचे यह दोनों टावर ध्वस्त कर दिए गए। देश की सबसे ऊंची बिल्डिंग सुपरनोवा को बनाने का रिकार्ड भी इसी सुपरटेक ग्रुप के नाम है। उसकी ऊंचाई 310 मीटर और 80 मंजिल प्रस्तावित हैं। अभी तक 66 फ्लोर बन चुके हैं। यहां 600 मेगावाट बिजली पैदा करने वाला पावर स्टेशन है। 2018 में ये प्लांट क्षतिग्रस्त हो गया था, पर बॉयलर सुरक्षित था।

केरल में हुई थी कार्रवाईः भ्रष्टाचार के मामले में गगनचुंबी इमारत गिराने का केस जनवरी 2020 में केरल में सामने आया था। कोर्ट के आदेश पर मराडु में चार मल्टी स्टोरी कॉम्प्लेक्स को ढहाया गया था। इनमें सबसे ऊंचा टावर 18 मंजिला था।

सुपरटेक बिल्डर के ट्विन टावर रविवार दोपहर ढाई बजे ध्वस्त हो गए। इससे पहले बड़ी संख्या में नोएडा ही नहीं, देश के कई शहरों से लोग इस कार्रवाई को देखने के लिए जुट गए। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार से लोग वहां पहुंचे। ● सलमान

सवाल : मंजूरी देने वालों पर कब कसेगा शिकंजा

नोएडा। ट्विन टावर रविवार दोपहर ढाई बजे ध्वस्त हो गए,पर इनको बनाने की मंजूरी देने वाले नोएडा प्राधिकरण के अफसरों पर कार्रवाई कब होगी, यह सवाल रविवार को लोगों ने सोशल मीडिया पर उठाया। इस मामले में करीब 10 महीने पहले 24 अधिकारियों के खिलाफ लखनऊ में मामला दर्ज हुआ था, जिसकी जांच लखनऊ विजिलेंस कर रही है। इस मामले में अभी तक सिर्फ चार अधिकारी निलंबित हुए हैं, लेकिन सेवानिवृत्त हो चुके 20 अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

संवेदनाः चेतन दत्ता बोले मैं पूरी रात नहीं सो पाया

नई दिल्ली। ट्विन टावर को गिराना जितना लोगों के लिए आश्चर्य का विषय था, उतना ही विशेषज्ञों के लिए चिंता की बात। बगल में ऊंची-ऊंची इमारतें व धूल का गुबार, यह डर उन्हें आखिरी पल तक परेशान किए हुए था। उन्हें अपने पर विश्वास तो था, पर डर था कि कहीं कुछ गलत न हो जाए। टावर को गिराने के लिए आखिरी बटन दबाने वाले एडिफिस कंपनी के ब्लास्टर चेतन दत्ता ने कहा, पूरी बिल्डिंग को गिराने में 10-12 सेकंड का ही समय लगा पर इसके लिए मैं पूरी रात सो नहीं पाया था। आखिर वक्त में तो डर ही लग रहा था।

संभावनाः मलबे हटाने में लगेंगे 3 महीने का समय

ट्विन टावर ध्वस्तीकरण के बाद मौके पर करीब 40-45 फुट ऊंचा मलबे का ढेर लग गया। करीब 50 मीटर तक मलबा फैल गया। यहां अनुमानित करीब 80 हजार टन मलबा इकट्ठा हो गया है। इसे यहां से हटाने में करीब तीन महीने का समय लगेगा। मलबे का निस्तारण करने के लिए ट्विन टावर के डबल बेसमेंट, सेक्टर-80 स्थित प्राधिकरण के सीएंडडी वेस्ट प्लांट व पांच हेक्टेयर में चिह्नित की गई एक गांव की जमीन पर किया जाएगा। मलबे के निस्तारण के लिए प्लान के मुताबिक यहां इकट्ठा हुए मलबे का पृथक्करण यहीं पर होगा।

तड़के से दिनभर हलचल

00:50 बजे सुबह
रविवार को आसपास की सोसाइटियों से लोगों ने निकलना शुरू कर दिया

07:15 बजे सुबह
पुलिस ने अधिकारिक रूप से दोनों सोसाइटी खाली होने की घोषणा की

12:15 बजे दोपहर
विशेषज्ञों ने टावरों की जांच की और इंटर कनेक्शन कर बाहर निकल आए

02:12 बजे दोपहर
नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद किया गया

02:15 बजे दोपहर
से 10 मिनट तक तीन बार सायरन बजाकर लोगों को सर्तक किया गया

02:30 बजे दोपहर
विशेषज्ञों की ओर से बटन दबाकर ट्विन टावर को ध्वस्त कर दिया गया

02:45 बजे दोपहर
अधिकारियों ने ट्विन टावर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया सफल होने की जानकारी दी

31 अगस्त 2021 को सुप्रीम कोर्ट का आदेश

ट्विन टावर को ध्वस्त करने के लिए 31 अगस्त 2021 को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था। इसके अनुसार तीन माह में ध्वस्तीकरण किया जाना था। लेकिन समयसीमा बदलती रही। अब करीब एक साल में टावर ध्वस्त हुए। टावर पार्क की जमीन पर अवैध रूप से बने थे। दो टावरों के बीच की दूरी 16 के बजाय नौ मीटर रखी गई थी।

ध्वस्तीकरण देखने पहुंचे देशभर के लोग

ट्विन टावर का ध्वस्तीकरण देखने के लिए रविवार को देशभर के विभिन्न हिस्सों से लोग नोएडा पहुंचे। किसी ने टावर के साथ आखिरी सेल्फी ली तो किसी ने कार्रवाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। टावरों से करीब सोसाइटियों की बालकनी वीआईपी गैलरी के रूप में बदल गई थी, जहां पर सिर्फ फ्लैट स्वामी, परिवार के लोग ही नहीं बल्कि रिश्तेदार भी पहुंचे।

ट्विटर पर दिनभर टॉप ट्रेंड में रहा ट्विन टावर

नोएडा में ट्विन टावर को रविवार दोपहर धराशायी करने से धूल का गुबार उठा जबकि ट्विटर पर मनोरंजक टिप्पणी और मीम्स की बाढ़ आ गई। कुछ यूजर्स ने ट्वीट किया कि 'भ्रष्टाचार का टावर' ढहा, वहीं कुछ अन्य ने कहा कि अभूतपूर्व घटना की मीडिया की कवरेज ऐसी थी 'जैसे कि इसरो गगनयान को चंद्रमा पर भेज रहा हो।' देशभर के लोग इस टावर को गिराने की घटना को देखने के लिए दोपहर से ही अपने टीवी से चिपके हुए थे। ट्विटर यूजर्स ने दोनों टावर गिराने की घटना पर कई तरह की भावनाओं के साथ प्रतिक्रिया जताई।

कार्रवाईः दुनियाभर में और कहां कितनी ऊंची इमारतें गिराई गईं

नोएडा में रविवार को ट्विन टावर को ध्वस्त कर दिया गया। इससे पहले दुनिया में कई ऊंची इमारतें ध्वस्त की गईं हैं। एक नजर ऐसी कार्रवाई पर।



एक्सा टावर (सिंगापुर)
वजह : इस साइट को दोबारा विकसित करने के लिए जनवरी से विध्वंस की प्रक्रिया चल रही

ट्विन टावर (भारत)



पार्क एवेन्यू (न्यूयॉर्क)
ऊंचाई : 215 मीटर
वजह : जेपी मॉर्गन चेज बिल्डिंग के नाम से मशहूर भवन दूसरी जगह बनेगा

सिंगर बिल्डिंग (न्यूयॉर्क)



ऊंचाई : 215 मीटर
वजह : लाइब्रेरी प्लाजा को रास्ता देने के लिए 47 मंजिला इस इमारत को गिराया गया था।

मीना प्लाजा (अबुधाबी)
ऊंचाई : 168 .5 मीटर
वजह :46 मंजिला इस भवन के निर्माण की प्रक्रिया रोकी गई थी। 2020 में इसे विस्फोटक से उड़ाया

सीपीएफ बिल्डिंग (सिंगापुर)
ऊंचाई : 171 मीटर
वजह :29 मंजिला ऑफिस टावर को रास्ता देने के लिए इस भवन को तोड़ा गया था।



हक-हुकूक

जानें, घर खरीदार के क्या हैं अधिकार

एक आदमी अपनी पूरी जिंदगी की कमाई घर खरीदने में लगा देता है। हालांकि, शहरों में कई बार बिल्डरों की कारगुजारी की वजह से उनको धोखे का शिकार होना पड़ता है। घर खरीदारों को भी कानूनी रूप से कई अधिकार दिए गए हैं। जानें, क्या हैं ऐसे अधिकार...

परियोजना का पंजीकरण

रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 के तहत बिल्डर के लिए कोई भी आवासीय या वाणिज्यिक परियोजना शुरू करने से पहले उसका पंजीकरण कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

इन चीजों का ध्यान रखें

- जिस जमीन पर परियोजना बन रहा है, उसका मालिकाना हक, पट्टे से संबंधित दस्तावेज देखना खरीदार का अधिकार है।
- परियोजना और मकान का मानचित्र सहित एनओसी भी बिल्डर से मांग सकते हैं।

घर मिलने में देरी पर मुआवजे का हक

बिल्डर से घर या फ्लैट की बुकिंग के वक्त एक समय सीमा में पजेशन देने की तारीख तय की जाती है। यदि बिल्डर तय समय में मकान का पजेशन नहीं दे पाता है, तो बदले में उसे खरीदार को मुआवजा देना होता है। पहले बिल्डर पांच रुपये प्रति वर्गफुट के हिसाब से मुआवजा देता था, लेकिन रेरा कानून आने के बाद बिल्डर को कुल रकम का उतना फीसदी मुआवजा देना होता है, जितना भुगतान में देरी होने पर बिल्डर ब्याज के रूप में वसूलता है।

बिल्डर नहीं कर सकता बदलाव



प्राधिकरण या विभाग से परियोजना और घर के नक्शे को मंजूरी मिल जाने के बाद बिल्डर उसमें बदलाव नहीं कर सकता है। यदि इसमें किसी तरह के बदलाव की जरूर होती है तो इसके लिए बिल्डर को खरीदार से मंजूरी लेनी होती है। बिल्डर को कम से कम दो-तिहाई घर खरीदारों की सहमति लेनी होगी।

रेरा के साथ जा सकते हैं उपभोक्ता अदालत

बिल्डर और खरीदार के बीच विवाद होने पर दीवानी अदालत में मुकदमे की सुनवाई नहीं होगी। सिर्फ रेरा में ऐसे मामले की सुनवाई होगी। लेकिन 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए कहा कि रेरा एक्ट सिर्फ दीवानी अदालतों में मुकदमों की सुनवाई पर रोक लगाता है, उपभोक्ता अदालत में नहीं। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार सिंह कहते हैं कि शीर्ष अदालत ने साफ किया है कि खरीदार को यह विकल्प होना चाहिए कि वह रेरा अदालत में जाएं या उपभोक्ता अदालत में, उनके लिए दोनों अदालतों के दरवाजे खुले होने चाहिए।

मन की बातः डिजिटल इंडिया ने देश को शक्ति दी, नए उद्यमी बने : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के दूर-दराज के इलाकों में 4जी सेवा से नया सूर्योदय हुआ है। डिजिटल इंडिया ने देश को शक्ति दी है और नए उद्यमी बनाए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को 'मन की बात' की 92वीं कड़ी में देशवासियों से अपने विचार साझा किए।

उन्होंने कहा कि पहले गांवों में बिजली पहुंचने पर लोग खुश होते थे, लेकिन नए भारत में अब गांवों में वैसी खुशी इंटरनेट की 4जी सेवाएं पहुंचने में होती है। मोदी ने पिछले दिनों अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में जोरसिंग गांव में 4जी सेवाएं पहुंचने का जिक्र करते हुए कहा कि वहां पिछले दिनों हुआ यह बदलाव ऐसा था, जिसका लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह स्वच्छता और टीकाकरण अभियान के दौरान देश की सामूहिक शक्ति की भावना दिखी, उसी प्रकार 'आजादी के अमृत महोत्सव' के तहत चलाए गए तिरंगा अभियान में भी देशभक्ति का जज्बा नजर आया। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से जल संरक्षण की दिशा में सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों और कुपोषण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को मजबूती देने का भी आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने जल को मानवता का परम मित्र व जीवनदायिनी बताया। कहा, आज अमृत सरोवर का निर्माण एक जन-आंदोलन बन गया है। मेरा आप सभी से व खासकर युवा साथियों से आग्रह है कि आप अमृत सरोवर अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और जल संचय व संरक्षण के इन प्रयासों को पूरी ताकत दें।

यूपी के दो डिजिटल उद्यमियों की कहानी सुनाई

1 प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्नाव में रहने वाले ओम प्रकाश सिंह ने कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना की। यहां इतना काम बढ़ गया है कि उनके यहां 20 से ज्यादा लोग नौकरी कर रहे हैं।

2 उन्नाव की ही गुड़िया सिंह के बारे में बताया कि कैसे ससुराल में उसने भारतनेट की मदद से पढ़ाई से जुड़ी चिंताओं का समाधान किया। ऐसी सफल कहानियां साझी की जानी चाहिए।

संबोधनः 'गुजरात को बदनाम करने की साजिश रची'

भुज (गुजरात)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि गुजरात को बदनाम करने और निवेश रोकने के लिए साजिश रची गई, लेकिन राज्य ने इन्हें नजरअंदाज किया और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा। मोदी इस साल के अंत में गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भुज में विकास कार्यों का उद्घाटन करने व उनकी नींव रखने के बाद एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

भूकंप पीड़ितों को समर्पित 'स्मृति वन' का लोकार्पणः पीएम मोदी ने कच्छ क्षेत्र में 2001 में आए भूकंप के दौरान लोगों द्वारा दिखाए गए जज्बे को समर्पित 'स्मृति वन' स्मारक का उद्घाटन किया। कहा, स्मृति वन भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देता है व इस त्रासदी से उबरने के कच्छ के लोगों के उल्लेखनीय जज्बे को सलाम करता है।

देश-विदेश 30s

आईपीसी, सीआरपीसी में बदलाव होंगे

गांधीनगर। गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार आईपीसी सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में व्यापक बदलाव करने जा रही है। क्योंकि किसी ने भी स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इन कानूनों को भारतीय परिप्रेक्ष्य में नहीं पाया। स्वतंत्र भारत में इन कानूनों को फिर से बनाने की जरूरत है। राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विवि,गांधीनगर के प्रथम दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए गृहमंत्री ने यह एलान किया। उन्होंने कहा, हम छह साल से अधिक की सजा वाले अपराधों के लिए फोरेंसिक जांच के प्रावधान को अनिवार्य व कानूनी बनाने जा रहे हैं। साथ ही, सभी जिलों में फोरेंसिक जांच सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी है।

चीन के 23 लड़ाकू विमान ने ताइवान को घेरा

ताइपे। चीन के 23 लड़ाकू विमान,आठ युद्धपोत ने ताइवान को घेर लिया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा,पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने ताइवान के आसपास के क्षेत्रों को घेर लिया है। मंत्रालय ने कहा, हम स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। इससे पहले शनिवार को 21 लड़ाकू विमानों व 5 युद्धपोत का पता चला था।

मूर्ति विसर्जन के लिए गए 5 लड़के यमुना में डूबे

नई दिल्ली। डीएनडी पुल के नीचे यमुना में मूर्ति विसर्जन के लिए गए पांच युवकों की रविवार को डूबने से मौत हो गई। ये सभी ग्रेटर नोएडा स्थित सलारपुर गांव के थे। सभी की उम्र 16 से 20 वर्ष के बीच है। सभी के शव मिल गए हैं।

कांग्रेस | मधुसूदन से मांगा एआईसीसी डेलीगेट को लेकर स्पष्टीकरण, जयराम का चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए जाने से इनकार

आनंद शर्मा ने चुनाव की प्रक्रिया पर सवाल उठाए

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा से पार्टी के चुनाव के लिए डेलीगेट चुनने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी की अगुवाई में अध्यक्ष पद के चुनाव कार्यक्रम को मंजूरी देने के लिए हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में उन्होंने केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री से कई सवाल किए। आनंद शर्मा असंतुष्ट नेताओं में शामिल हैं। कांग्रेस कार्यसमिति के एक सदस्य के मुताबिक, पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुरुआत में साफ कर दिया कि यह यह बैठक सिर्फ अध्यक्ष पद के चुनाव कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए बुलाई गई है। इसके बाद केसी वेणुगोपाल ने चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री से कार्यक्रम रखने का आग्रह किया। मिस्त्री ने सदस्यों को पूरा चुनाव कार्यक्रम बताया। इसके बाद कई सदस्यों ने चुनाव कार्यक्रम पर अपनी बात रखी। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई इस बैठक में ऑडियो बहुत अच्छा नहीं था। पार्टी सूत्रों का कहना है कि आनंद शर्मा ने एआईसीसी डेलीगेट के चयन पर सवाल उठाते हुए कहा कि एआईसीसी डेलीगेट का चुनाव किस तरह किया गया। ब्लॉक, जिला और प्रदेश स्तर पर कब बैठक हुई। शर्मा की दलील थी कि उन्हे कई प्रदेशों से यह शिकायत मिली है और इसको लेकर लोग अंधेरे में हैं। इस पर पार्टी अध्यक्ष ने मधुसूदन मिस्त्री को स्थिति स्पष्ट करने की हिदायत दी। कहा, एआईसीसी डेलीगेट की सूची अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों को उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके बाद आनंद शर्मा चुप हो गए। हालांकि, बैठक के बाद मिस्त्री से जब इस बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि जो सवाल उठा रहे हैं, वह खुद इस प्रक्रिया के जरिए यहां तक पहुंचे हैं। हालांकि, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सीडब्ल्यूसी में संगठन चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए जाने से इनकार किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा,कुछ संदिग्ध स्रोतों के जरिए यह कहा जा रहा है कि सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया और कार्यक्रम पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा बैठक में किसी ने कोई प्रश्न या संदेह नहीं उठाया है। बता दें कि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। आजाद ने भी अपने इस्तीफे में पार्टी पर आरोप लगाया था कि कांग्रेस नेतृत्व आतंरिक चुनाव के नाम पर धोखा दे रही है।

...तो नहीं बचेगी कांग्रेस

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि पार्टी को बचाने के लिए अब कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि अगर किसी को कठपुतली अध्यक्ष बनाकर बैकसीट ड्राइविंग की कोशिश हुई तो कांग्रेस नहीं बच पाएगी।

राहुल को अध्यक्ष बनाने की मांग तेज

कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कार्यक्रम के ऐलान के साथ राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने की मांग तेज हो गई है। पार्टी नेताओं ने राहुल गांधी को अध्यक्ष पद के लिए पहली और एकमात्र पसंद करार दिया है। हालांकि, पार्टी के असंतुष्ट नेता हमलावर रुख अपनाए हुए हैं। सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि अध्यक्ष पद के लिए राहुल गांधी पहली और एकमात्र पसंद हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड प्रेस, मौजा-दरियापुर, पुलिस स्टेशन-शाहपुर, दानापुर, जिला-पटना-801503 से मुद्रित एवं हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड, बुद्ध मार्ग, पटना-800001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर स्थानीय सम्पादकः विनोद बंधु* फोनः 0612-2223434,2223413,2200701,3392650 आर.एन.आई. नं.-44348/86
*सम्पादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।

सफेद दाग

इलाज शुरू होते ही 12 घंटों में दागों का रंग बदलना शुरू होकर जल्द सभी दाग मिट जायेंगे।
(30 दिन की लगाने की दवा फ्री)
हमारे ईलाज से लाभ की गारंटी, जल्द संपर्क करें
9997213995

चांद के लिए आज उड़ान भरेगा नासा का रॉकेट

नई दिल्ली। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का आर्टेमिस-1 मिशन 1972 के बाद मनुष्यों को चंद्रमा की यात्रा कराकर वापस लाने के एक महत्वपूर्ण कदम के लिए तैयार है। आज यानी 29 अगस्त को इसे रवाना किया जाना है। नासा की अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली और ऑरियन क्रू कैप्सूल के लिए यह महत्वपूर्ण यात्रा है। यह अंतरिक्ष यान चंद्रमा तक जाएगा, कुछ छोटे उपग्रहों को कक्षा में छोड़ेगा और स्वयं कक्षा में स्थापित हो जाएगा। यदि सब कुछ ठीक रहा तो 2025 में मानव को चंद्रमा पर वापसी का लक्ष्य पूरा हो सकता है। 29 अगस्त को स्थानीय समय के अनुसार सुबह आठ बजे मिशन को लांच किया जाएगा।

क्या है आर्टेमिस मिशन : आर्टेमिस-1 कई मिशनों में से पहला है। इसमें नासा का नया सुपर-हैवी रॉकेट, स्पेस लॉन्च सिस्टम शामिल है, जिसे पहले कभी लॉन्च नहीं किया गया है। साथ ही ओरियन मल्टी-पर्पस क्रू व्हीकल जो केवल एक बार अंतरिक्ष में उड़ान भर चुका है।

आकाश एयर के डेटा में सेंध, कुछ सूचनाएं उजागर

नई दिल्ली, एजेंसी। हाल ही में शुरू हुई एयरलाइन आकाश एयर के डेटा में सेंध लगाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि इसकी वजह से कुछ अनधिकृत लोगों की पहुंच उपयोगकर्ताओं की सूचनाओं तक हो गई। गत सात अगस्त को विमान परिचालन शुरू करने वाली आकाश एयर ने इस गड़बड़ी के लिए अपने ग्राहकों से माफी मांगी है। साथ ही कहा है कि ग्राहकों की सूचनाओं का संरक्षण उसके लिए सर्वोपरि है। कंपनी ने खुद ही भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया टीम को इस मामले की जानकारी दी है। कंपनी की वेबसाइट पर डाली गई सूचना के अनुसार, 25 अगस्त को लॉगइन व साइन-अप सेवाओं को लेकर कुछ अस्थायी तकनीकी गड़बड़ी सामने आई। आकाश के पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की सूचनाएं मसलन नाम, ई-मेल व फोन नंबर की सूचनाएं कुछ अनधिकृत लोगों को उपलब्ध हो गईं।

रेल भर्ती बोर्ड, पटना

महेन्द्रूघाट, पटना - 800004
वेबसाइट : http://www.rrbpatna.gov.in, ई-मेल : rrbpatna@nic.in
फोन : 0612-2677680

केंद्रीकृत रोजगार सूचना सं. (CEN) RRC-01/2019 (लेवल-1)

उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

यह देखा गया है कि वर्तमान में चल रही रेल भर्ती बोर्ड लेवल - 1 परीक्षा के प्रश्न पत्रों के लीक होने के बारे में भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। इस संदर्भ में सर्व संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे परीक्षा की प्रक्रिया को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि इसमें लीक की कोई गुंजाइश नहीं है। सभी उम्मीदवारों के प्रश्न पत्र और विकल्प अनियमित क्रम में व्यवस्थित रहते हैं । प्रश्न पत्र केवल अधिकृत उम्मीदवार द्वारा परीक्षा अवधि में ही देखे जा सकते हैं।

इसलिए यदि कोई दावा करता है कि उसके पास प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी की पूर्व सूचना है, तो वह धोखा देने का प्रयास कर रहा है। सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे न केवल ऐसे बिचौलिये/दलालों पर अविश्वास करें बल्कि इसके बारे में तुरंत रिपोर्ट भी करें।

ऐसी घटनाओं की सूचना निम्नलिखित माध्यमों से रेलवे को दी जा सकती है-

1) रेल भर्ती बोर्ड, महेंद्रूघाट, पटना कार्यालय में आकर
2) फ़ोन नंबर **0612-2677680** पर डायल करके
3) मेल आईडी **rrbpatna@nic.in** पर विवरण भेजकर
4) निकटतम पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करके।

सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

अध्यक्ष, रेलवे भर्ती बोर्ड, पटना एवं मुज़फ्फरपुर

सूचना सं. आरआरबी / पैट / आरआरसी-01 / 19 / 2022 / 11, दिनांक : 28.08.2022

INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT
BODHGAYA

ADMISSION OPEN IN
B.Sc. Degree in Hospitality & Hotel Administration
Diploma in Food & Beverage Service.
Diploma in Food Production.
100% PLACEMENT ASSISTANCE

TVS Racing
TVS

Down Payment Starts @
₹ 21 999*
OWN YOUR APACHE TODAY
Apache RTR 160
RACING DNA UNLEASHED
www.tvsmotor.com/tvs-apache | For further details please give a missed call to 18003157227. * T&C apply.
TVS CREDIT IndusInd Bank L&T Financial Services HDFC BANK
FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com टीवीएस मोटर कम्पनी, एन प्लाजा, जमाल रोड, पटना, फोनः 0612–2200068, **Authorised Main Dealer :** **देनी टीवीएस, छोटी पहाडी, पटना–7**, फोन : 7677847513, **के. पी. टीवीएस, न्यू डाकबंगला रोड, पटना**, फोन : 9835872295, वेलवरगंज, पटनासिटी, फोन : 7903511913, **संगिता टीवीएसए सगुना मोड़, पटना**, फोन : 9264490151, **उर्जा, टीवीएस, अनिशाबाद, पटना**, फोन–9905774563, **सागर टीवीएस, पाटलीपुत्रा, पटना**, फोनः 9870326430, **अभिमित टीवीएस, कंकडबाग, पटना**, फोनः 9341513960, **न्यू राजेश, टीवीएस, , हाजीपुर**, फोन : 8102819457, **आकाश गंगा टीवीएसए हाजीपुर**, फोनः 9264471861, **श्री गंगा टीवीएस, छपरा**, फोन : 7677880524, **प्रियानी टीवीएस, सिवान**, फोन : 7857034973 **न्यू बिहार टीवीएस, सिवान**, फोन : 7858037526, **आदर्श टीवीएस, गोपालगंज**, फोनः 7295853877, **आराध्या टीवीएस, आरा**, फोनः 9102483002, **प्रताप टीवीएस, आरा**, फोन : 8252246430, **सरस्वती टीवीएस, बक्सर**, फोन : 9771102222, **कुन्ती टीवीएस**, सासाराम, फोन : 6201169933, **जानकी टीवीएस**, भभुआ, फोनः 7061374563, **भारती टीवीएस**, बिहारशरीफ, फोन : 9431687759, **माली टीवीएस**, बेगूसराय, फोन : 9122066000, **माँ मुण्डेश्वरी**, औरंगाबाद, फोन : 8252328967, **माँ मुण्डेश्वरी**, गया, फोन : 9821209050, **ए. बी. टीवीएस, गया**, फोनः 9905642343, **कलकता टीवीएस, नवादा**, फोन : 6366954911,
McCann/Blr/Tvs/682/08/22